सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 29.1
न्यूनतम : 23.3


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-92 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 20 सितम्बर 2025
27 रबीउलअव्वल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# राम मंदिर का सपना हुआ साकार : योगी

■ विराट युवा सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री देश की अर्थव्यवस्था हुई मजबूत



**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फरह स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला में प्रतिभाग करने पहुंच गए हैं। वे हेलिकॉप्टर से दीनदयाल धाम के हेलिपैड पर उतरे। परिसर में आयोजित विराट युवा सम्मेलन को संबोधित किया। विराट युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज का युवा नौकरी देना वाला बन रहा है। भारत एक नई अर्थव्यवस्था के साथ उभर रहा है। पीएम मोदी ने कश्मीर को स्वर्ग बनाने का काम किया है। लोग कहते थे कि राम मंदिर कभी नहीं बनेगा, लेकिन डबल इंजन की सरकार ने यह कर दिखाया।

सीएम योगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का स्वदेशी मॉडल अपनाने का सपना था। यह भी सपना पीएम मोदी ने साकार किया। विदेशी हुकूमतों ने देश की अर्थव्यवस्था की जड़ों को खोखला कर दिया था। लेकिन पीएम मोदी के आने बाद देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है। पंडित दीनदयाल धाम में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित होने वाले स्मृति महोत्सव मेला का बृहस्पतिवार को आगाज हो गया है। मुख्यमंत्री योगी भी इस आयोजन में शामिल होने के लिए पहुंचे। सम्मेलन की सफलता के लिए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कई दिन से यहां कैंप किए हुए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि पंडित दीनदयाल धाम में आयोजित स्मृति महोत्सव में मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई। पुलिस, पीएसी के साथ ही यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाई गई। आयोजन में आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग व्यवस्था की गई।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे सीएम

■ प्रधानमंत्री करेंगे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन



**ग्रेटर नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन 25 सितंबर को करेंगे। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम तय होने के बाद शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में तैयारियां देखने के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अलग-अलग पवेलियन में जाकर व्यवस्थाएं देखीं। वहीं अधिकारियों के साथ एक्सपो सेंटर में बैठक कर उद्यमियों और विदेशी मेहमानों की सुविधाओं के अलावा ट्रैफिक प्रबंधन, कानून व्यवस्था और यूपी सरकार की नीतियों के प्रदर्शन पर जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने पहले दोनों आयोजन से इसे बेहतर बनाने और बदलते यूपी की तस्वीर के रूप में पूरी दुनिया के सामने प्रदेश को शोकेस करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

डीएम मेधा रूपम ने सीएम को बताया कि स्टॉल्स की योजना पर काम पूरा हो गया है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कानून व्यवस्था और ट्रैफिक प्रबंधक पर मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाहनों की आवाजाही में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो इसके लिए आयोजन स्थल के पास ही 8000 वाहनों की क्षमता की अस्थायी पार्किंग तैयार कराई गई है।

### दो घंटे एक्सपो सेंटर में रहे मुख्यमंत्री

शुक्रवार दोपहर मुख्यमंत्री पहले राजकीय विमान से गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से हेलीकॉप्टर से एक्सपो सेंटर आए। करीब दो घंटे वह एक्सपो सेंटर में रहे। इस दौरान अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने मुख्यमंत्री को पूरे आयोजन की व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यापार मेले में प्रमुख देशी-विदेशी कंपनियों के अलावा यूपी सरकार की संस्थाएं जैसे इंवेस्ट यूपी, यीडा, नोएडा व ग्रेनो प्राधिकरण समेत अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपनी परियोजनाओं की जानकारी देंगे।

## 26/11 हमले पर भारी पड़ा कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम : भाजपा

■ सैम पित्रोदा के बयान पर मची रार



**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला और आरोप लगाया कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले (26/11) के बाद भी कांग्रेस सरकार ने पाकिस्तान पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया। भाजपा ने कहा कि इसकी वजह कांग्रेस का पाकिस्तान के प्रति अनवरत प्रेम था। मामला तब गरमा गया जब कांग्रेस के ओवरसीज विभाग प्रमुख सैम पित्रोदा का बयान सामने आया, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें पाकिस्तान में घर जैसा महसूस हुआ।

सैम पित्रोदा का यह बयान विपक्ष के लिए हथियार बन गया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इसे राहुल गांधी की सोच से जोड़ते हुए कहा कि राहुल गांधी के सबसे करीबी और कांग्रेस ओवरसीज प्रमुख सैम पित्रोदा पाकिस्तान को अपना घर बताते हैं। यही वजह है कि यूपीए सरकार ने 26/11 हमले के बाद भी पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा कदम नहीं उठाया।

प्रदीप भंडारी ने एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान का पसंदीदा और कांग्रेस का चुना हुआ! उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विदेश नीति हमेशा पाकिस्तान को खुश करने वाली रही है। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस ने आतंकवाद पर कठोर रुख दिखाने की बजाय पाकिस्तान की स्थितियों को समझने व उनका पक्ष लेने की कोशिश की।

### राहुल पर भी उठाए सवाल

भंडारी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पित्रोदा गांधी परिवार के करीबी हैं और लंबे समय से उनकी रणनीति तय करते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि हाल ही में आईएसआई एजेंट शाहिद अफरीदी ने राहुल गांधी को आइडल कहा था और अब उनका नजदीकी पाकिस्तान को घर बता रहा है।

## यूपी की 150 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई फिल्म ‘अजेय : द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी’

■ सीएम की फिल्म को मिल रहा पॉजिटिव रिस्पांस




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित फिल्म ‘अजेय : द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी’ आखिरकार शुक्रवार को देशभर में रिलीज हो गई। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की आपत्तियों के कारण फिल्म की रिलीज में देरी हुई। मूल रूप से जमशेदपुर के निवासी और अमेरिका में रहने वाले व्यवसायी व निर्माता अजय मेंगी ने बताया, फिल्म को शानदार प्रतिक्रिया मिली है।

‘महारानी’ (सीजन 2) और ‘इक्कीस तोपों की सलामी’ के लिए मशहूर रवींद्र गौतम द्वारा निर्देशित यह फिल्म शांतनु गुप्ता की किताब ‘द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर’ पर आधारित है। उत्तर प्रदेश में यह फिल्म लगभग 150 स्क्रीन पर दिखाई जा रही है। लखनऊ और वाराणसी के सिनेमाघरों से मिली खबरों के अनुसार, दर्शक फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान उत्साह से ‘योगी-योगी’ और ‘जय श्री राम’ के नारे लगा रहे थे। राज्य की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर नगर विस्तार स्थित एक मल्टीप्लेक्स में भी दर्शक ‘योगी बाबा जिंदाबाद’ के नारे लगाते हुए दिखाई दिए।

फिल्म के निर्देशक रवींद्र गौतम व्यावसायिक सफलता को लेकर आश्वस्त हैं और उन्होंने कहा, ÷यह फिल्म मुख्यतः इसलिए अच्छा प्रदर्शन करेगी क्योंकि इसमें दर्शकों से जुड़ने के सभी तत्व मौजूद हैं।

## उपमुख्यमंत्री की बैठक से सपा विधायक को किया गया बाहर

■ उपमुख्यमंत्री केशव मौर्या ने बताया बिना बुलाए आय थे सपा विधायक

अवधनामा संवाददाता




**बहराइच।** जनपद में उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के और जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक आयोजित कर स्थानीय समस्याओं का समाधान कराएं।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा सीएमओ को निर्देश दिये गये कि अभियान चलाकर समस्त सीएचसी व पीएचसी व स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वच्छता अभियान संचालित किया जाय। स्वच्छता के प्रति लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये साथ ही मासिक रूप से सभी कार्यालयों में एक दिन स्वच्छता अभियान संचालित किया जाये जिसमें सभी अधिकारी व कर्मचारी शामिल हों। इसी दौरान उप मुख्यमंत्री ने कैसरगंज से समाजवादी पार्टी के विधायक आनंद यादव को डीएम के चैम्बर में जाकर बैठ जाने की बात कह दी जिसपर सपा विधायक नाराज़ हो गए और श्री मौर्य पर मीटिंग से भगा देने की बात कही गई जिसपर अप मुख्यमंत्री ने बताया कि इनको बुलाया नहीं गया था वो बिन बुलाए आ गए उन्होंने कहा मान लीजिए मै और मुख्यमंत्री योगी जी कोई आपसी बात कर रहे हो और अखिलेश यादव वहां बिन बुलाए आ जाए तो इसका क्या मतलब होता है। विधायक मीटिंग के बाद मिलकर समस्या बता सकते थे।

### सपा विधायक ने उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या पर लगाए गंभीर आरोप

**बहराइच।** उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या की बैठक से बाहर किए गए विधायक आनंद यादव ने बताया कि झूठ बोलते हैं श्री मौर्य मैं बिना बुलाए नहीं गया था।



बैठक में मुझे बुलाने के लिए जिलाधिकारी का पत्र आया था जिसमें मेरा नाम ग्यारह नंबर पर है इसी कारण बीमार होने के बाद भी मैं बैठक में गया था मुझे नहीं पता था कि यह बैठक समीक्षा बैठक नहीं बल्कि इन लोगों की अपनी बैठक किसी मंसूबे के तहत बुलाई गई थी। इनका हमेशा अपराधिक इतिहास रहा है सरकार में रहते हुए अपने ऊपर लगे मुकदमों को खत्म करने का कार्य इनके द्वारा किया गया है। इस बैठक में भी यह कोई नई रणनीति के तहत दंगा कराने और माहौल खराब करने की रणनीति बनाने आए जो जिसकी चर्चा वह सिर्फ अपने लोगों के सामने करना चाहते थे तभी डीएम के चैम्बर में मुझे चले जाने की बात कहकर अपमानित करके मुझे निकाल दिया गया जबकि मैं भी जनता का प्रतिनिधि हूँ और आपके अधिकारी के ही बुलावे पर अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गया था।

## असम राइफल्स के काफिले पर मणिपुर में हमला

■ दो जवान बलिदान घात लगाकर किए गए हमले में तीन घायल



**इंफाल।** मणिपुर में शुक्रवार शाम उग्रवादियों ने असम राइफल्स के काफिले पर घात लगाकर हमला कर दिया। हमले में दो जवानों बलिदान हो गए, जबकि कम से कम तीन अन्य जवान घायल हुए हैं। इस हमले ने एक बार फिर राज्य में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला शाम करीब 6 बजे बिष्णुपुर जिले के नांबोल सबल लीकाई इलाके में हुआ। असम राइफल्स के जवानों का वाहन इंफाल से बिष्णुपुर की ओर जा रहा था। तभी घात लगाकर बैठे हमलावरों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी।

मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमलावरों ने अचानक गोलीबारी की, जिसमें एक वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दो जवान, जिनमें एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और एक जवान शामिल हैं, मौके पर ही बलिदान हो गए। जबकि तीन जवान गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें तुरंत इलाज के लिए भेजा गया। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, लेकिन उनमें से एक की स्थिति नाजुक है।

मामले में वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि व्यस्त सड़क पर जवानों के वाहन पर हमला करने के बाद हमलावर एक सफेद वैन में सवार होकर भाग निकले। सुरक्षा बल ने हमले के पीछे छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इस घटना को लेकर गुवाहाटी के रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि असम राइफल्स के जवानों की एक वाहन-आधारित टुकड़ी अपने पटसोई कंपनी ऑपरेटिंग बेस से नाम्बोल कंपनी ऑपरेटिंग बेस की ओर बढ़ रही थी। मणिपुर के विमुक्त क्षेत्र, नाम्बोल सबल लेईकाई में, हाईवे पर अज्ञात आतंकवादियों ने इस टुकड़ी पर घात लगाकर हमला किया।

### हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

असम राइफल्स पूर्वोत्तर क्षेत्र में सीमा सुरक्षा व आतंकी गतिविधियों को रोकने के लिए तैनात अहम अर्धसैनिक बल है। जवानों पर इस तरह का हमला सुरक्षा के लिहाज से गंभीर माना जा रहा है। इस घटना पर केंद्र और राज्य सरकार के बीच बातचीत की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## एशिया की पहली महिला लोको पायलट के सफर पर लगा विराम

**मुंबई।** भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने वाली और एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव इस माह के अंत तक सेवानिवृत्त हो रही हैं। 36 साल की लंबी और गौरवशाली सेवा के बाद सुरेखा की विदाई हो रही है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यह यात्रा सिर्फ करियर की नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी प्रतीक रही है।

साल 1989 में भारतीय रेलवे से जुड़ी सुरेखा अगले ही वर्ष सहायक चालक बनीं। इसी के साथ उन्होंने इतिहास रचा और एशिया की पहली महिला ट्रेन ड्राइवर बनीं। उस समय यह क्षेत्र पूरी तरह पुरुष प्रधान माना जाता था। लेकिन सुरेखा ने साबित कर दिया कि संकल्प और मेहनत के सामने कोई बाधा टिक नहीं सकती।

## इंटरपोल एशियाई समिति का सदस्य चुना गया भारत

■ सीबीआई की बदौलत मिली यह उपलब्धि




**नई दिल्ली।** भारत, इंटरपोल एशियाई समिति के लिए निर्वाचित हुआ है। यह उपलब्धि कानून प्रवर्तन व अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में भारत के बढ़ते वैश्विक नेतृत्व को दर्शाती है। शुक्रवार को सिंगापुर में आयोजित 25वें एशियाई क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान भारत को इंटरपोल एशियाई समिति का सदस्य चुना गया है।

इस समिति का उद्देश्य एशियाई क्षेत्रीय सम्मेलन को उसके अधिदेश के क्रियान्वयन में सलाह देना और संबंधित रणनीतिक एवं परिचालनात्मक मुद्दों की स्पष्ट समझ प्रदान करके एशियाई क्षेत्रीय सम्मेलन के सत्रों में विचार-विमर्श को सुगम बनाना होगा। समिति, अपराध के विरुद्ध लड़ाई में क्षेत्रीय रणनीतिक प्राथमिकताओं और क्षेत्र विशेष के पुलिस सहयोग संबंधी मुद्दों की पहचान करेगी। भारत की सदस्यता से क्षेत्रीय सहयोग और ज्यादा बढ़ेगा। खासकर संगठित अपराध, साइबर अपराध, मानव तस्करी, आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने में भारत अपनी प्रभावशाली भूमिका का निर्वहन करेगा। यह उपलब्धि ,अंतरराष्ट्रीय पुलिसिंग पहलों में भारत की सक्रिय भागीदारी, वैश्विक पुलिसिंग लक्ष्यों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करने के उसके प्रयासों को रेखांकित करती है। यह उपलब्धि इंटरपोल के उच्चतम स्तरों पर भारतीय प्रतिनिधित्व के इतिहास का अनुसरण करती है।

चुनौती — सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस मनमोहन बोले- देश की सुरक्षा के लिए भी संकट

## अवैध व्यापार देश की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा

■ कानून और समाज को मिलकर काम करना होगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस मनमोहन ने कहा है कि अवैध और नकली व्यापार देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार, उद्योग और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। उन्होंने चेताया कि यह व्यापार न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि बेरोजगारी, नवाचार की चोरी और आपराधिक गिरोहों के विस्तार को भी बढ़ावा दे रहा है। इसके चलते समाज और सुरक्षा पर गहरे खतरे मंडरा रहे हैं।

जस्टिस मनमोहन ने कहा कि अब हमारे पास अवैध व्यापार का अनुमान उपलब्ध है। कुछ आंकड़ों के अनुसार, यह हर साल तीन ट्रिलियन डॉलर का अवैध कारोबार करता है। इसका सीधा असर देश की आमदनी और रोजगार पर पड़ रहा है। लाखों लोगों की नौकरियां खत्म हो रही हैं और उद्योगों की नवाचार क्षमता का दुरुपयोग हो रहा है।

जस्टिस मनमोहन ने कहा कि अवैध व्यापार को रोकने के लिए नागरिक समाज को मिलकर काम करना होगा। भारत में सुरक्षा और मानक तय करने के लिए कई कानून पहले से मौजूद हैं। जैसे कि सुरक्षा अधिनियम, भारतीय दंड संहिता, आईटी एक्ट और भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम। कृषि क्षेत्र से जुड़े कुछ नए कानून भी तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब अधिकांश व्यापार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए हो रहा है। ऐसे में नुकसान और भी बढ़ गया है और इसे रोकने के लिए नई रणनीति की ज़रूरत है। उन्होंने फिल्म उद्योग का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले उल्लंघन पालिका बाजार में नकली डीवीडी बेचने तक सीमित था, लेकिन अब विदेशी सर्वर और टोरेंट वेबसाइट्स के जरिए यह काम हो रहा है। इससे न केवल फिल्म निर्माता परेशान हैं बल्कि कानूनी आदेश लागू करना भी कठिन हो गया है।

जस्टिस मनमोहन ने कहा कि अक्सर अवैध व्यापार से होने वाला मुनाफा आतंकवाद की फंडिंग में इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ई-कॉमर्स वेबसाइट्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को भी इस लड़ाई में शामिल करना होगा। यह तभी संभव है जब व्यापारी, वकील, कंपनियां, समाज और सरकार सब एकजुट होकर काम करें।

यह चर्चा एफआईसीसीआई कैस्केड द्वारा आयोजित मूवमेंट अगेंस्ट स्मगल्ड एंड काउंटरफिट ट्रेड के 11वें संस्करण में हुई। दो दिवसीय इस सम्मेलन में जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट जारी की गई। इसमें वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गनाइजेशन, यूनाइटेड नेशंस ऑफिस फॉर ड्रग्स एंड क्राइम और यूरोपीय संघ की बौद्धिक संपदा कार्यालय जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने भी भाग लिया।

### नकली दवाओं से जान को जोखिम

जस्टिस मनमोहन ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर कोई बीमार व्यक्ति नकली दवा खाता है, तो उसके ठीक होने की बजाय हालत और बिगड़ सकती है। यह स्थिति सीधे तौर पर लोगों की जान को जोखिम में डालती है। नकली और तस्करी किए गए सामान पर सरकार को टैक्स नहीं मिलता और उपभोक्ता को कोई वारंटी या सुरक्षा भी नहीं मिलती। ऐसे में अगर नुकसान होता है तो लोग पूरी तरह असहाय हो जाते हैं।

## इंसान नहीं, ‘व्योममित्र’ करेगा अंतरिक्ष की सैर

■ गगनयान के लिए इसरो ने तैयार किया एआई रोबोट




**नई दिल्ली।** भारत जल्द ही अंतरिक्ष विज्ञान में एक और बड़ी छलांग लगाने वाला है। इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने ऐलान किया है कि दिसंबर 2025 में संगठन ‘गगनयान मिशन’ के तहत पहली अनक्रूड फ्लाइट लॉन्च करेगा। खास बात यह है कि इसमें इंसान की जगह ‘व्योममित्र’ नाम के एक हाफ-ह्यूमनॉइड रोबोट को भेजा जाएगा। इस रोबोट को एक महिला का रूप दिया गया है जो मिशन के दौरान इंसान की जगह काम करेगी। यह मिशन बताएगा कि भारत अंतरिक्ष में इंसानों को भेजने के लिए कितना तैयार है।

इसका मकसद उन सिस्टम्स को परखना है जो इंसानों को अंतरिक्ष तक भेजने और सकुशल वापस लाने में काम आएंगे। नारायणन के मुताबिक, अगर यह उड़ान सफल रहती है तो अगले साल दो और बिना इंसान वाले मिशन पूरे किए जाएंगे। इसके बाद 2027 की शुरूआत में भारत अपना पहला गगनयात्री अंतरिक्ष में भेजेगा और उसे सुरक्षित वापस लाएगा। गगनयात्रियों का चयन पहले ही हो चुका है और उनका प्रशिक्षण भी चल रहा है।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने संसद में जानकारी दी कि गगनयान मिशन के लिए मानव रेटेड लॉन्च व्हीकल का विकास और परीक्षण पूरा हो चुका है। इसके अलावा क्रू मॉड्यूल, सर्विस मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम जैसी सभी अहम तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं लेकिन गगनयान केवल पहला कदम है। भारत की नजर इससे कहीं आगे है। इसरो की योजना 2035 भारत का पहला अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और 2040 तक चांद पर भारत का मिशन भेजने की है। यह मिशन केवल तकनीक का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि भारत के सपनों और आत्मविश्वास की उड़ान है।

## पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुँचा समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात करने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर तय प्रतिनिधि मंडल में लोकसभा में सपा के सचेतक धर्मेंद्र यादव सपा के धौरहरा से सांसद आनंद भदौरिया लोक लेखा समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री महबूब अली पंजाब प्रभारी कुलदीप सिंह भुल्लर प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल बालग्गन चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विक्रम यादव पलिया पूर्व प्रत्याशी पीतेंदर सिंह कुक्कू आदि चंडीगढ़ एयरपोर्ट से लुधियाना में पहुंचे जहां पर पंजाब ट्रेड सेंटर में कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में संबोधित करते हुए सपा सांसद आनंद भदौरिया कहा कि पंजाब में आयी बाढ़ की विभीषिका के बावजूद केंद्र सरकार एक छोटा सा पैकेज का ऐलान किया है जो ऊँट के मुँह में जीरे के समान है पंजाब जैसा प्रदेश में जो पूरे देश को अपने सेवासमर्पण और मेहनत से अनाज पैदा कर के सभी नागरिकों को खिलाने की क्षमता रखता है और आज जब उस प्रदेश बाढ़ की विभीषिका की मार पड़ी है तब एक बार फिर केंद्र की मोदी सरकार पंजाब से सौतेला व्यवहार कर रही है श्री आनंद भदौरिया जी ने माँग की पंजाब को मुख्यधारा में लाने के लिए ज़रूरी है कि 50 हज़ार करोड़ रुपये का पैकेज दिया जाए और बाढ़ पीड़ितों की हर तरीक़े से हर संभव मदद मुहैया कराई जा सके है आनंद भदौरिया ने सपा कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि जिस तरह से पार्टी कार्यकर्ताओं ने पंजाब में छोटी पार्टी होने के बावजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर बाढ़ पीड़ितों की बड़े पैमाने पर मदद की है जो ऐतिहासिक है और उसके लिए सभी कार्यकर्ता सम्मान के पात्र है श्री भदौरिया ने कहा कि कल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों गांवों का दौरा करके बाढ़ की विभीषिका में हुए आर्थिक एवम अन्य जानमाल के नुक़सान की सर्वे रिपोर्ट तैयार कर राष्ट्रीय नेतृत्व को सौपी जाएगी इसके बाद पार्टी अपनी तरफ़ से से सहायता राशि और भी उपलब्ध कराने का कार्य करेगी प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रमुख रूप से क्रांति कुमार सिंह गुरदेवसिंह सरदार बलवीर सिंह राजेश यादव अनुज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से युवती को मारी टक्कर, मौके पर हुई युवती की मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कस्बे में स्थित वन बीट अस्पताल में शुक्रवार की सुबह दवा लेने आई शाहजहांपुर के थाना पुवायां क्षेत्र की एक युवती को तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना पुवायां (शाहजहांपुर) के गांव मोहित निवासी सोनी गौतम पुत्री महेश अपने रिश्तेदार के साथ भीरा के लखीमपुर हाईवे स्थित वन बीट आंख अस्पताल में दवा लेने आई थी। सुबह करीब 10 बजे इलाज के बाद जब वह हाईवे पार कर रही थी। तभी लखीमपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं दुर्घटना में शामिल ट्रक को पुलिस ने पकड़ लिया है पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय मृतक किशोरी का रिश्तेदार अस्पताल में मौजूद था। परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। मौत की खबर मिलते ही उनमें कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई।

## कांग्रेस नेताओं ने शुरू किया अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। आरोप लगाया कि एक सितंबर को कांग्रेस कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा की गई तोड़फोड़ और लूट की घटना मामले में अब तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। इसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। शुक्रवार को पार्टी कार्यालय के बाहर कांग्रेसी धरने पर बैठ गए। 11 पदाधिकारियों ने क्रमिक अनशन शुरू किया।

## मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा, मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण कर मु0अ0सं0 365/25 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित 02 नफर अभियुक्तों सुरेश कुमार शुक्ला पुत्र रमाशंकर शुक्ला समीर उर्फ जग्गा पुत्र वारिश अली निवासीगण ग्राम सैदापुर भाऊ थाना फरधान जनपद खीरी को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया दिनांक 02.08.2025 को अज्ञात चोरों द्वारा वादी मोहित कुमार शर्मा पुत्र सुतनलाल निवासी ग्राम सैदापुर भाऊ पोस्ट मनयोरा थाना फरधान जिला लखीमपुर खीरी के घर के बाहर से एक मो0सा0 पंजी0 सं0 UP40BO-7156 चोरी होने के संबंध में अज्ञात चोर के विरुद्ध थाना फरधान जिला खीरी पर दिनांक 18.09.2025 को मु0अ0सं0 365/2025 धारा 303(2) बीएनएस0 पंजीकृत कराया गया था। उक्त चोरी की घटना का खुलासा करते हुये थाना फरधान पुलिस द्वारा चैकिंग। रात्रि गस्त के दौरान 02 नफर अभि0 गण 1. सुरेश कुमार शुक्ला पुत्र रमाशंकर शुक्ला उम्र करीब 47 वर्ष निवासी ग्राम सैदापुर भाऊ थाना फरधान जिला खीरी 2. समीर उर्फ जग्गा पुत्र वारिश अली उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम सैदापुर भाऊ थाना फरधान जिला खीरी को मय चोरी की मो0 सा0 के साथ गिरफ्तार किया गया। अभि0 गण ने पूछताछ में बताया कि यह मोटर साइकिल हम दोनो ने एक माह पूर्व अपने ही गांव से चोरी की थी तथा और कडायी से पूछताछ की गयी तो बताया कि हम दोनो ने करीब 18 माह पहले भी एक मोटर साइकिल रुकन्दीपुर से चोरी की थी जिसका ढाँचा पहले व्यक्ति सुरेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मेरे घर के कमरे मे रखा है तथा पूछने पर बताया कि यह मो0सा0 जो आपने पकड़ी है हम बेचने जा रहे थे तथा जिस मो0सा0 का ढांचा कमरे में है उसका सामान हमने बेच दिया था तथा पैसों को आपस में बांट लिया था। अभि0गण की निशांदेही पर मोटरसाइकिल के ढांचे को बरामद किया गया। फर्द बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317 (2) BNS की बढोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पेराई क्षमता बढ़ाए जाने के संबंध मे शासन ने प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश चीनी मिल संघ लिमिटेड से रिपोर्ट मांगी



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** किसान सहकारी चीनी मिल की मिल की पेराई क्षमता बढ़ाए जाने के संबंध में शासन ने प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड से रिपोर्ट मांगी है। आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजिए एक पत्र में अवगत कराया था कि कोटद्वार मार्ग स्थित किसान सहकारी चीनी मिल की वर्तमान पेराई क्षमता अपर्याप्त है, जिससे किसानों को अपना गन्ना अन्य खरीदारों को बेचना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसान और उनके संगठन काफी समय से मिल की पेराई क्षमता को बढ़ाकर 5,000 टन गन्ना प्रतिदिन (टीसीडी) करने की मांग कर रहे है। इसके अलावा पूर्व में आपके द्वारा किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद की पेराई क्षमता बढ़ाने की घोषणा भी कर धनराशि भी स्वीकृत कर चुके है पत्र में बताया गया था कि इस चीनी मिल के विस्तारीकरण से क्षेत्र के हजारों गन्ना किसानों को लाभ होगा, क्योंकि इससे गन्ने की समय पर और अधिक पेराई संभव हो सकेगी इसी परिपेक्ष में शासन ने प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड से रिपोर्ट मांगी है।

## दीपक कुमार पंघाल हुए लखनऊ में सम्मानित



**बिजनौर। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या एवं लखनऊ की मेयर सुषमा खरखवाल ने सम्मानित किया। मिशन वन्देमातरम दा ट्रस्ट के संस्थापक /अध्यक्ष दीपक कुमार पंघाल जिन्होंने 232 बार रक्तदान किया।

## निजी अस्पताल में युवक की मौत पर परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** शहर के एक निजी अस्पताल में युवक की मौत के बाद,परिजनों ने अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते अस्पताल प्रबंधन का विरोध शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जाता है कि विगत बुधवार को ग्राम ऊनौला निवासी अवधेश(42) का स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया,परिजन इलाज के वास्ते उसे लेकर शहर के एक निजी अस्पताल पहुंचे,जहां दौरान-ए- इलाज शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आज बिल्सी तहसील में होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील बिल्सी में किया जाएगा। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार शनिवार को तहसील बिल्सी में जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## नजीबाबाद-बहुजन समाज पार्टी की बैठक हुई संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** बैठक में 9 अक्टूबर को बहुजन नायक, बसपा के संस्थापक मान्यवर कांशीराम जी के 19 वें परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष में 9 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित बसपा की महारैली को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई, और वक्ताओं ने कहा कि बसपा की रैली, प्रदेश में ही नहीं देश में एक बहुत बड़ा पैगाम देगी जो लोग कहते हैं कि बसपा खत्म हो गयी है। प्रदेश में 2027 में आगामी चुनाव के लिए 9 अक्टूबर की महारैली का आगाज होगा, और 2027 में बसपा की सरकार बनेगी। बैठक में दर्जनों लोगो से बसपा की सदस्यता भी ली और उनका मालाओं से स्वागत भी किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र कुमार रवि ने की संचालन जिला महासचिव नंदराम प्रजापति ने किया बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी नाजिम अल्वी साहब ने कहा कि प्रदेश की जनता बसपा के शासन को याद कर रही है प्रदेश में 2007 में बसपा की सरकार बनी थी और फिर उसी तैयारी के साथ 2027 में प्रदेश में बसपा की सरकार बनेगी। बसपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश हितेषी ने कहा कि 9 अक्टूबर की महारैली लखनऊ में काशीराम स्मारक पार्क मे आयोजित की जायेगी और रमाबाई अंबेडकर मैदान में बसे व निजी वाहन वहां पर खड़े होंने की व्यवस्था होगी। उन्होंने आगे कहा कि काशीराम जी के परिनिर्माण दिवस सुबह 8:00 बजे माननीया प्रदेश की चौथी बार मुख्यमंत्री रही बहन कुमारी मायावती जी पहुंच जायेगी, सभी बसपा कार्यकर्ताओं को रात में ही पहुंचना है , जिससे कि सुबह रमाबाई अंबेडकर मैदान में तैयार होकर काशीराम स्मारक स्थल पर परि निर्वाण दिवस मनाना और बहन कु0 मायावती का भाषण सुनना है।

बैठक को जिला अध्यक्ष एड़ अखिलेश हितेषी ,रोहतास सिंह (मंडल भारी) पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ पिंटू ,विधानसभा प्रभारी धर्मपाल सिंह रवि बिजेंदर कश्यप (जिला भाईचारा कमेटी) नरेंद्र कुमार रवि (विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष) आफताब अंसारी जी, इफ्तिखार उर्फ भूरे (विधानसभा उपाध्यक्ष) सुरेंद्र सिंह (पूर्व विधानसभा प्रभारी) डा0 कलवा विश्वकर्मा अशोक कुमार जगत सिंह महेन्दर सिहं एड़0, यादराम सिंह (बी0वी0एफ0 संयोजक) नासिर सैफी (नगर अध्यक्ष) महबूब कस्सार, सेक्टर अध्यक्ष भूषण दास, अजेंद्र कुमार, अनिल कुमार ,सुरज सिहं,अजय कुमार, राकेश कुमार,वीरेंद्र सिंह, छत्रपाल सिहं, केला सिंह, सुनील, नौबार पाल, कुमार, आकाश कुमार,रोशन लाल, भीमलता जी, रेखा जी, डॉ राकेश कुमार, डॉक्टर रमेश कुमार (पूर्वनामित सभासद) अनुज कुमार, हेतराम सिंह शाहनवाज, चेतराम सिंह, प्रवीण सिंह, अतर सिंह, रविकांत सिंह, कपिल, राकेशकुमार, नरपाल जी, सतीश, छत्रपाल प्रधान जी, रघुनाथ सिहं,जगदीश जी, मेघराज, पंकज पप्पू सिहं, बाबूराम, नवनीत, हेमराज, मंजीत, राज कुमार, प्रधान धनीराम हेमराज चौहान, पीतम सिंह, पुखराज, हिमांशु राजेंद्र धर्मपाल आदि उपस्थित रहे।

## सत्ता में बैठी सरकार कमजोर तपके का वोट काटना कर बंद : कांग्रेसी



**नजीबाबाद।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ग्राम जटपुरा बोंडा में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह ने बताया की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में वोट चोर गद्दी छोड़ सिग्नेचर कैंपेन के आज से ग्राम जटपुरा बोंडा से प्रारंभ होगा और ब्लॉक नजीबाबाद के सभी गांव में वोट चोर गद्दी छोड़ सिग्नेचर कैंपेन चलाया जाएगा। कांग्रेसियों ने कहा कि सत्ता में बैठी सरकार 'कमजोर तबके का वोट काटना बंद करे' और चुनाव आयोग के साथ चल रहे मिली भगत का गंदा खेल बंद करे। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी ने भारत का संविधान बनाकर भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की है। बाबा साहब द्वारा बनाये गये भारत के संविधान को सत्ता में बैठे लोग कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे देश की संवैधानिक संस्थाओं को दुरूपयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक भी सिपाही सत्ता में बैठी सरकार के इस कृत्य को बर्दाश्त नही करेगा। सभी कांग्रेसी माननीय राहुल गांधी जी के साथ खड़े रहेंगे। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी वसीम अख्तर, फैज आलम एडवोकेट, रिहान जमाल अंसारी, सुरेंद्रसिंह, कुसुम देवी, कपिल, मोहम्मद नफीस, संजीव कुमार, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद शाकिर, मुन्ने सिंह आदि रहे।

## डीएम ने निर्माणाधीन महाविद्यालय का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** उसावां में निर्माणाधीन राजकीय महाविद्यालय का डीएम द्वारा निरीक्षण कर कार्यकारी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।शुक्रवार को डीएम अवनीश राय दलबल के साथ निर्माणाधीन स्व0 रामपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय के निरीक्षण को पहुंचे थे।जहां उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों व अभियंताओं के साथ परिसर के प्रत्येक कक्ष का मुआयना किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की जांच की तथा संबंधित कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद के अभियंताओं को समस्त निर्माण कार्य गुणवत्तापरक व शासन की मंशा के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पेयजल योजना के निर्माण कार्यों के निरीक्षण को पहुंचे डीएम

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ भारत सरकार की अमृत 2.0 के अंतर्गत चयनित व स्वीकृत दातागंज पुनर्गठन पेयजल योजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अभियंताओं को 31 दिसंबर तक समस्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, उप जिलाधिकारी दातागंज धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## हैडबैग से लाखों की नगदी उड़ाने वाली दो महिला अभियुक्ता गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने लाखों की नगदी सहित हैड बैग चोरी करने वाली दो शातिर महिला आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने आरोपी महिलाओं के कब्जे से चोरी की एक लाख रूपये की नगदी बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 16 सितम्बर को वादिया श्रीमति रितु वर्मा पत्नि राजीव कुमार निवासी ज्योति लेन वजीराबाद दिल्ली की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ वादिया के पिता कर्ण सिंह वर्मा द्वारा बैक से निकाले गये एक लाख रुपये आटो मे जाते समय हैण्ड बैग से चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने थाना प्रभारी कपिल देव, उपनिरीक्षक जयवीर कुमार व रणवीर सिंह के नेतृत्व में आईटीसी रोड हरि मंदिर के पास से मुखबिर की सूचना पर दो शातिर महिला चोरों आरती पत्नि सुरेश निवासी हरि नगर थाना कैम्प जिला पलवल हरियाणा व रचना पत्नि जिले सिंह निवासी कैम्प कालोनी थाना सदर जिला पलवल हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार महिला आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक लाख रुपये की नगदी बरामद कर ली। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि महिला आरोपियों ने



पुलिस पूछताछ में खुलासा किया कि हम अपने छोटे-छोटे बच्चो के साथ अलग-अलग शहर मे बैंको के आसपास रैकी करते रहते है। बैंक से जो व्यक्ति हैण्ड बैग आदि लेकर निकलता है। तो हम लोग भी उसके साथ आटो या ई रिक्शा मे दोनो तरफ से घेर कर अपने छोटे बच्चो के साथ बैठ जाते है तथा मौका मिलने पर उसके बैग से पैसे चोरी कर लेते है। पुलिस ने दोनों महिला आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया आईआईए ने स्थापना दिवस



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का 40वां स्थापना दिवस उद्यमियों ने केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्थानीय प्रताप मार्केट स्थित आईआईए कार्यालय आयोजित स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा ने कहा कि आईआईए एक प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन है, जिसकी स्थापना 13 सितम्बर 1985 को हुई थी। स्थापना के बाद से संगठन ने उद्योग जगत, विशेषकर लघु, छोटे एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के उत्थान और प्रगति के लिए निरंतर कार्य किया है। आईआईए ने उद्यमियों की समस्याओं को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुँचाकर उनके समाधान में अग्रणी भूमिका निभाई है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी ने कहा कि आईआईए आने वाले समय में उद्योगों के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन की दिशा में विशेष कार्य करने की योजना बना रहा है। हमारा उद्देश्य आने वाले समय में एमएसएमई को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाना है। चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने कहा कि आईआईए उद्योगों की आवाज को उठाने वाला संगठन है और बीते चार दशकों में जिस प्रकार संगठन ने उद्यमियों की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाया है, वह सराहनीय है। चैप्टर सचिव कुशल शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालड़ा ने कहा कि संगठन ने हमेशा एमएसएमई को सशक्त बनाने का कार्य किया है। भविष्य में तकनीकी विकास और डिजिटलाइजेशन में भी आईआईए अहम भूमिका निभाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव अरोड़ा, प्रमोद सडाना एवं आर.के. धवन ने कहा कि आईआईए ने उद्योगों को जोड़ने और उन्हें दिशा देने का कार्य किया है। आने वाले समय में यह संगठन और भी प्रभावी भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष विनय दहूजा, राजकुमार अरोड़ा, अरविंद खन्ना, सुनील अरोड़ा, जिला उद्योग बंधु कन्वीनर सुनील सैनी, पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र एवं खाद्यय विभाग कन्वीनर अनुज कुमार जैन, यूपीसीडा एवं आयुष विभाग कन्वीनर शिवम गोयल, कामधेनु उद्योग नगर कन्वीनर अतीश गुप्ता, को-कन्वीनर गुलशन कुमार, कार्यकारिणी सदस्य अमित अरोड़ा, सुरेश बजाज, राजकुमार कश्यप, स. पुष्पेदर सिंह आदि बड़ी संख्या में उद्यमी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## आईएमए के चुनाव में डॉ.प्रवीण शर्मा अध्यक्ष व डॉ. नीरज आर्य सचिव निर्वाचित



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में डॉ.प्रवीण शर्मा को अध्यक्ष, डॉ.नीरज आर्य को सचिव एवं डॉ.अनुपम मलिक को कोषाध्यक्ष चुना गया, जबकि वर्ष 2026-27 के लिए डॉक्टर डीके गुप्ता को प्रेसिडेंट इलेक्ट चुना गया।

स्थानीय आईएमए हाल में वर्तमान आईएमए अध्यक्ष डॉ.नरेश नौसरान और सचिव डॉ.महेश चन्द्रा के निर्देशन व निर्वाचन अधिकारी डॉ.आरएस पंवार और डॉ.डीके तिवारी की देखरेख में संपन्न हुए वार्षिक चुनाव में डॉ.राहुल सिंह, डॉ.पूनम मखीजा, डॉ.स्वर्णजीत सिंह को वाइस प्रेसिडेंट तथा डॉ.संजय कपिल को आईएमए भवन कोषाध्यक्ष चुना गया।

इसके अलावा विज्ञान सचिव डा.कलीम अहमद, सामाजिक सचिव डॉ.ऋतु जैन, सांस्कृतिक सचिव डॉ.दीपशिखा खन्ना और खेल सचिव डॉ.संजीव अग्रवाल को चुना गया। इसी कड़ी में मेडिकोन कन्वीनर डॉ.रवि ठक्कर और मेम्बरशिप कन्वीनर डॉ.रविकान्त निरंकारी बनाये गये। चुनाव में आईएमए केंद्रीय काउंसिल सदस्य डॉ.नरेश नौसरान, डॉ.रजनीश दहूजा और डॉ.सीएम कमाल एवं आईएमए राज्य काउंसिल सदस्य डॉ.महेश चन्द्रा, डॉ.वीके भार्गव, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ.आरएन बंसल, डॉ.सौम्य जैन, डॉ.सुभाष सहगल को नियुक्त किया गया।

## निगम ने अग्रसेन चौक से काउण्टर, बैंच व ठेलियां की जब्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम ने आज रेलवे स्टेशन के बाहर अग्रसेन चौक के चारों ओर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर रखी चार बैंच, एक काउण्टर व दो ठेलियां भी जब्त की गयी। घण्टाघर पर गांधी आश्रम के निकट भी सड़क पर फैला एक ढाबे का अतिक्रमण हटाया गया। उधर आज फिर निगम अधिकारियों ने शारदा नगर पहुंचकर नालियों एवं निगम की भूमि पर दुकानों का निर्माण और उन पर शटर लगाकर किये गए अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी दी। नगरायुक्त शिपू गिरि ने अतिक्रमण प्रभारी को अग्रसेन चौक के चारों ओर से अतिक्रमण हटाने के लिए कल लिखित आदेश जारी करते हुए कहा था कि चौक के चारों ओर तंदूर व भट्टियां रखकर तथा ठेलियां खड़ीकर अतिक्रमण करते हुए आने जाने का मार्ग अवरुद्ध किया गया है। जिससे रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले जनप्रतिनिधियों तथा जनमंच व जिला



पंचायत परिसर आने-जाने वाले लोगों को विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इस आदेश के अनुक्रम में आज अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने प्रवर्तन दल को साथ लेकर अग्रसेन चौक पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण हटाते हुए सड़क पर रखे एक काउण्टर, दो ठेलियों और चार बैंचों को जब्त कर लिया। अतिक्रमण हटाने के बाद नगरायुक्त की ओर से एसएसपी को एक पत्र भी लिखा गया है कि अग्रसेन चौक के चारों ओर से अतिक्रमण हटवा दिया गया है, उक्त स्थल पर पुनः अतिक्रमण न हो यह पुलिस विभाग सुनिश्चित करें। उधर शारदा नगर के रौनक बाजार में अतिक्रमण हटवाने को लेकर निगम अधिकारियों को आज भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। गौरतलब है कि रौनक बाजार में आरसीसी की सड़क बनायी जा रही है। आधी सड़क बन चुकी है, लेकिन शेष सड़क निर्माण में दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण बाधा बन रहा है। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि बाजार में अनेक दुकानदारों ने नालियों तथा निगम की छोड़ी गयी खाली जमीन पर निर्माण कर उन पर शटर लगा लिये है। उन्होंने बताया कि महापौर व नगरायुक्त के निर्देश पर दुकानदारों को तीन दिन से लगातार समझाया जा रहा है कि वे स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें अन्यथा निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने का हर्जा-खर्चा भी उनसे वसूला जायेगा।

# त्यौहारों को भाईचारे के साथ मनाने के निर्देश



क्षेत्राधिकारी एवं उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गयी पीस कमेटी की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड एवं उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ प्रदीप कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विशेष रूप से दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व के मद्देनजर दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों सहित गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं मोहल्लेवासियों की उपस्थिति रही। त्योहारों को शान्तिपूर्ण व भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सभी से सहयोग की अपील की गई। दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों को स्वच्छता, शालीनता एवं शांति बनाए रखने के निर्देश दिए।

लाउडस्पीकर का प्रयोग निर्धारित ध्वनि स्तर एवं समय सीमा के अनुसार ही करें। त्योहार के दौरान शराब सेवन, हुड़दंग या किसी भी प्रकार की अराजक गतिविधि से दूर रहने की सख्त चेतावनी दी गई। खुराफात या धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले तत्वों पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की बात कही गई। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की।

# सेवा पखवारा में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**अवधनामा संवाददाता, चरखारी।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के मौके पर शुरू हुए सेवा पखवारा के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित ब्लड डोनेट शिविर में नगर अध्यक्ष भाजपा इंजी. अमित पटैरिया के नेतृत्व में इंजी. अमित पटैरिया' सरमन कुशवाहा' दीपक सिंह गौतम' पंकज त्रिपाठी' योगेन्द्र दीक्षित' दिव्यांश तिवारी ने ब्लड डोनेट किया।

शिविर के दौरान भाजपा नेता योगेश मिश्रा अनिल सोनी' मनोज द्विवेदी सहित भार संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष पटैरिया ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए क्योंकि उनके द्वारा दान किया गया रक्त किसी असहाय व गरीब की जान को बचा सकता है साथ ही उन्होंने कहा बहुत से लोगों में ये भय होता है कि रक्तदान से कमजोरी होती है लेकिन चिकित्सकों का मानना है कि रक्तदान से कोई कमजोरी नही आती बल्कि रक्त बनने की प्रक्रिया में तेजी आती है। रक्तदान करने से व्यक्ति स्वस्थ होता है।

# अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर लिखे निबंध



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** शहर के आल्हा चौराहा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को संस्कृति बोध परियोजना के तहत अखिल भारतीय छात्र निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और निर्धारित विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने बताया कि बाल वर्ग (कक्षा 6-7-8) के लिए महाकुंभ का पौराणिक व सांस्कृतिक महत्व, किशोर वर्ग (कक्षा 9-10) के लिए महाकुंभ के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन तथा तरुण वर्ग (कक्षा 11-12) के लिए महाकुंभ राष्ट्रीय एकता का प्रतीक पर्व विषय निर्धारित किए गए थे। विद्यार्थियों ने इन विषयों पर गहन अध्ययन के साथ अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम प्रमुख सौरभ त्रिवेदी ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी मौलिकता, अभिव्यक्ति और लेखन कौशल का प्रदर्शन किया।

चयनित निबंधों को प्रांत स्तर की प्रतियोगिता के लिए प्रांतीय समिति कार्यालय भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में लेखन कला के साथ-साथ चिंतनशीलता और सांस्कृतिक चेतना भी विकसित करती हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्यगण और आचार्या बहनों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# एनडीआरएफ ने सदर तहसील में केमिकल आपदा परिदृश्य पर किया संयुक्त मॉक अभ्यास

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज वि/रा) के अध्यक्षता में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत 11 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र, लखनऊ की टीम द्वारा जिला महोबा (उत्तर प्रदेश) के सदर तहसील में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व, अग्निशमन सेवा तथा अन्यहितधारकों के साथ मिलकर केमिकल इमर्जेंसी (CBRN) आपदा पर संयुक्त मॉक अभ्यास किया गया। CBRN Emergency आपदा पर एक परिदृश्य तैयार किया गया था, जिसमें तहसील सदर परिसर में एक केमिकल टैंकर से सिविल बस के टक्कर से टैंकर से क्लोरीन गैस के रिसाव होने के कारण 30/40 लोगों के प्रभावित व फंस गए थे। तदनुसार, ईओसी को सूचना के बारे में सूचित किया गया। जिसने एनडीआरएफ के नियंत्रण कक्ष एवं सभी संबंधित हितधारकों को आपात प्रतिक्रिया के लिए सूचित किया।

11 एनडीआरएफ, क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र, लखनऊ की टीम ने अनिल कुमार पाल, उप कमांडेंट कि देखरेख में एवं निरीक्षक सभाजीत यादव के नेतृत्व में घटना स्थल पर पहुंचने पर प्रारंभिक आकलन किया तथा ऑपरेशन बेस, कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट, कम्युनिकेशन पोस्ट स्थापित किए। आकलन के तुरंत बाद टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया तथा विभिन्न तकनीकों का उपयोग करके गंभीर रूप से फंसे पीड़ितों को बचाया। पीड़ितों को अस्पताल पूर्व उपचार देने के बाद मेडिकल एजेंसियों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। यह पूरा मॉक अभ्यास इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम के दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया था और पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया।

इस मॉक अभ्यास को दिवाकर मिश्रा (तहसीलदार सदर) के निर्देशन में एवं आपदा विशेषज्ञ प्रीति सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी नायब तहसीलदार विवेक तोमर, जिला राजीव कुमार, महेन्द्र कुमार उपनिरीक्षक अग्नि शमन सोभित कुमार मनिष अवस्थी आदि की मौजूदगी में आयोजित किया गया तथा अन्य हितधारकों में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, स्वास्थ्य, होमगार्ड, पुलिस, राजस्व, अग्निशमन सेवा, पशुपालन विभाग, सिंचाई विभाग, तथा मीडिया कर्मियों एवं आपदा मित्रों ने भाग लिया।

# सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर नगर निगम की कार्रवाई



3 ट्रक की मात्रा में ज़ब्त हुई सिंगल यूज़ प्लास्टिक और प्लास्टिक से बने उत्पाद

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा अनुरूप प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक और प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक से बने उत्पादों को अलीगढ़ में पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की दिशा में प्रयासरत नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा कदम उठाए जा रहे हैं।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के निर्देश पर नगर निगम अलीगढ़ द्वारा चलाए जा रहे अभियान में लगभग तीन ट्रक प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग और उत्पाद रखे एक तीन मंजिला गोदाम को सीज़ किया गया है। अभियान के दौरान जहां एक ओर प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग और अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों से भरे तीन मंजिला गोदाम को सील किया गया, वहीं दूसरी ओर सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण हटाकर आमजन को राहत दिलाई गई।

नगर आयुक्त को बीते दिनों रघुबीरपुरी क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों की बिक्री एवं भंडारण की लगातार सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इस पर गंभीरता दिखाते हुए उन्होंने सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को मौके पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह के नेतृत्व में कर अधीक्षक रामकिशोर कमल, स्वच्छता निरीक्षक रामजीलाल एवं प्रवर्तन दल ने रघुबीरपुरी पुलिस चौकी के पास स्थित वैभव गुप्ता के तीन मंजिला गोदाम पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में लगभग 3 ट्रक प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग और अन्य प्लास्टिक उत्पाद बरामद हुए। तत्पश्चात नगर निगम प्रवर्तन दल ने गोदाम को 10-12 तालों से पूर्णतः सील कर दिया। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक कैरी बैग और इससे बने उत्पादों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है इसका इस्तेमाल व बिक्री करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

# ओवर टाइम की मजदूरी मांगने पर 11 मजदूरों को मैनेजर ने निकाला



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** सहजनवा गीडा सेक्टर 26 में बेस्ट टू एनर्जी फैक्ट्री में तैनात 11 श्रमिकों द्वारा ओवर टाइम की मजदूरी मांगने पर मैनेजर ने इन्हें फैक्ट्री से निकाल दिया। जिससे नाराज श्रमिकों ने फैक्ट्री गेट के सामने नाराजगी जाहिर करते हुए फैक्टी प्रबंध तंत्र के खिलाफ प्रदर्शन किया।

श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि पीईएएस इंजिनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद प्रबंध तंत्र द्वारा श्रमिकों को कोई वेज स्लिप,आईडी,नहीं दिया जाता। और न ही उपस्थित रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराया जाता। श्रमिकों से ओवर टाइम कार्य लेने के बाद उन्हें को अतिरिक्त मजदूरी नहीं दी जाती है। और श्रमिकों से 8 घंटे ड्यूटी के बजाय 12 से 36 घंटे काम लिया जाता है। लेकिन श्रमिकों को अतिरिक्त मजदूरी नहीं दी जाती है। विरोध करने पर प्रबंध तंत्र ने शुक्रवार को 11 श्रमिकों को बाहर कर दिया। जिससे मजदूर भुखमरी के कगार पर खड़े है। प्रदर्शन करने वालों में राजकुमार सिंह,महेंद्र कुमार,चंद्रशेखर यादव, शनि शर्मा, गुलशन यादव, प्रदीप धर दुबे, कृपाल मौजूद थे।

# अधिवक्ताओं ने लगाई न्याय की गुहार, एडीसीपी समेत कई पुलिसकर्मियों के खिलाफ़ पड़ी याचिका

अधिवक्ता राघवेंद्र नारायण दुबे ने बीएनएसएस की धारा 173 (4) के तहत कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** कैंट थाना अंतर्गत कचहरी परिसर में पिछले दिनों अधिवक्ता पुलिस विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में शुक्रवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में एडीसीपी नीतू कात्यान, एसीपी क्राइम विदुष सक्सेना, एसीपी कैंट नितिन तनेजा, थाना प्रभारी कैंट शिवाकांत मिश्र समेत 50 अज्ञात दरोगा व 50 अज्ञात सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश के लिए अर्जी दी गई है।

अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 20 सितंबर 2025 की तिथि तय कर दी है। प्रकरण के अनुसार अधिवक्ता राघवेंद्र नारायण दुबे ने बीएनएसएस की धारा 173 (4) के तहत कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया है। प्रार्थनापत्र में कहा गया है कि, 16 सितम्बर 2025 को शाम 3 बजे कुछ अधिवक्ताओं ने उन्हें सूचना दी कि, थाना प्रभारी कैंट, पुलिस चौकी प्रभारी कचहरी गेट नंबर दो के अंदर आकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं को गालियां देते हुए लाठी डंडे से मारपीट रहे है। इसकी सूचना जिला जज को देने के बाद मौके पर पहुंचा तो देखा,कि गेट पर एडीसीपी नीतू कात्यान व कैंट थाना प्रभारी शिवाकांत मिश्र गेट का ताला बंद कर दिए। पुलिस कमिश्नर से वार्ता के बाद करीब 40 मिनट के बाद गेट खोला गया। इस दौरान चौकी प्रभारी व थाना प्रभारी मिलकर वकीलों पर ईंट पत्थर चला रहे थे। साथ ही अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारियों का गालियां दे रहे थे। उसी समय नितिन तनेजा, एसीपी क्राइम विदुल सक्सेना, एडीसीपी नीतू कात्यान सहित 50 अज्ञात दरोगा और 50 अज्ञात सिपाही मिलकर अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारियों को गालियां दे रहे थे। इस मामले की लिखित सूचना अगले दिन 17 सितंबर को पुलिस कमिश्नर को दी गई, जब वहा से कोई कार्यवाही नहीं हुई तो अधिवक्ता ने न्यायालय की शरण ली।

# बृजेश पाठक ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, सत्ता के लिए तड़प रहे राहुल गांधी




**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आज शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे और बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिविधान से दर्शन-पूजन किया। उनके वाराणसी आगमन के दरमियान भारी संख्या में भाजपा के नेता एवं विधायकगण उपस्थित रहे। श्री पाठक दर्शन के बाद वह सर्किट हाउस पहुंचे,जहां उन्होंने मीडिया से प्रदेश और वाराणसी-चंदौली क्षेत्र की मौजूदा स्थितियों पर विस्तार से बात की। उन्होंने रेड क्रॉस के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में हुए शामिल हुए एवं बाढ़ पीड़ितों को पोषण पोटली का वितरण किया। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता के लिए राहुल गांधी इन दोनों तरफ रहा है और जो मन में आए बोल रहा है। उनके बोलने से कोई फर्क नहीं पड़ता।

### मंडल रेल द्वारा चलाए जा रहा है राजभाषा पखवाड़ा समारोह

**वाराणसी।** वाराणसी मंडल पर चल रहे राजभाषा पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत आज शुक्रवार को मंडल रेल कार्यालय के भारतेंदु सभागार में रेलवे कर्मचारियों की सहभागिता के लिए राजभाषा विभाग के तत्वाधान में हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# संत निरंकारी मंडल के तत्वाधान में जोन स्तरीय अंग्रेजी समागम 21 को

**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** संत निरंकारी मण्डल के तत्वाधान में 21 सितम्बर दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संत निरंकारी सत्संग भवन मलदहिया वाराणसी पर जोन स्तरीय विशाल अंग्रेजी समागम का आयोजन किया जा रहा है।

इस समागम में वाराणसी के अलावा गाजीपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र चंदौली आदि जिलों का भी भक्त सम्मिलित होंगे।यह जानकारी वाराणसी जोन के जोनल इंचार्ज सिद्धार्थ शंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि निरंकारी मिशन का उद्देश्य सत्य के प्रचार प्रसार में कोई भाषा बाधा न बने बल्कि भाषाएं और सहयोगी हो सकें सच्चाई को समझने व समझाने में, इसलिए हर एक सत्संग भवन पर अंग्रेजी सत्संग का आयोजन होता है। इसे विशाल रूप देने और जन जन तक सत्य को पहुँचाने हेतु अंग्रेजी समागमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि,जम्मू कश्मीर से पधारे केंद्रीय निरंकारी प्रचारक डॉक्टर विनोद साहिब जी इस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

# विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए मण्डलायुक्त ने की कड़ी समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

ऑपरेशन कायाकल्प : 6000 से अधिक विद्यालयों की चाहरदीवारी पूर्ण

**अलीगढ़।** मंडलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में आयोजित मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन योजना की प्रगति पर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी प्रकट की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य अवधि में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी। शिकायतें लगातार मिल रही हैं, परन्तु सुधार न होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की गति तेज करें और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण परिणाम सुनिश्चित करें।

बैठक में पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा के दौरान कासगंज की स्थिति असंतोषजनक पाई गई, जबकि अन्य तीन जिलों ने संतोषजनक प्रगति दर्ज की। मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एटा और हाथरस को ए श्रेणी में, कासगंज को बी एवं अलीगढ़ को सी श्रेणी में रखा गया। फैमिली आईडी योजना में कासगंज में 31 प्रतिशत कार्य हुआ जबकि अन्य तीन जिलों ने 55 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि हासिल की। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि 15वें वित्त आयोग से ग्राम पंचायतों में उपलब्ध धनराशि का सदुपयोग जनहित के विकास कार्यों में प्राथमिकता से किया जाए। सेतु निर्माण कार्यों के लिए शासन से धन उपलब्ध हो चुका है, जिसे समयबद्ध उपयोग में लाया जाए। रामघाट-कल्याण मार्ग के फोरलेन निर्माण कार्य में आ रहे व्यवधानों को जल्द दूर कर कार्य आरंभ कराने के निर्देश दिए। बताया कि वह शीघ्र ही जट्टारी-पिसावा नई सड़क का निरीक्षण करेंगी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पूरे मण्डल में एक साथ सड़कों की स्वीकृति हुई थी तो कुछ जिलों की प्रगति बेहतर और कुछ की धीमी क्यों रही।

# जेएन मेडिकल कालिज में मेडिकल फिजिक्स रिसर्च लेबोरेटरी का उद्घाटन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज (जेएनएमसी) के रेडियोडायग्नोसिस विभाग में आधुनिक मेडिकल फिजिक्स रिसर्च लेबोरेटरी का उद्घाटन सहकुलपति प्रो. एम मोहसिन खान द्वारा किया गया। इस सुविधा के साथ एएमयू देश के चौथे और उत्तर भारत के दूसरे संस्थान (एम्स, नई दिल्ली के बाद) के रूप में शामिल हो गया है, जहाँ यह शोध केंद्र स्थापित हुआ है।

यह लैब फोटोथर्मल थेरेपी, ऑप्टिकल इमेजिंग और रेडिएशन बायोलॉजी जैसे क्षेत्रों में उन्नत शोध के लिए सुसज्जित है। इसका उद्देश्य मेडिकल फिजिक्स के क्षेत्र में नवाचार और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। यह बहु-विषयक क्षेत्र फिजिक्स और मेडिसिन को जोड़ता है और रोगी देखभाल, रेडिएशन सुरक्षा और क्वालिटी एश्योरेंस में सहायक है। उद्घाटन कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रो. मेहताब अहमद के नेतृत्व में हुआ और सहकुलपति प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान ने अध्यक्षता की।

# आबकारी विभाग द्वारा शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया

**अता उल्लाह खान संवाददाता, फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद श्री जी0पी0गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 18/09/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी द्वारा मय स्टाफ क्षेत्रांतर्गत आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, pos से बिक्री, online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। विक्रेताओं को मदिरा की बिक्री शत प्रतिशत पोस मशीन से करने हेतु कठोर निर्देश दिए गए।जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा 40 ट्रकों का काटा गया चालान



**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा आज शुक्रवार को डाफी टोल प्लाजा से मोहन सराय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर रोड के किनारे स्थित ढाबो पर भारी वाहनों (ट्रैकों) के खड़ी होने के कारण लगने वाले जाम की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए लगभग 40 ट्रकों का चालान किया गया। यह चेकिंग अभियान एन0एच0ए0आई0,ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान के तहत किया गया। बताया गया कि,यह चालान नो पार्किंग व अन्य अभियोगों में किया गया।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ने प्रधान की कार में मारी टक्कर हालत गंभीर

**गोरखपुर।** सहजनवा हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के अनंतपुर चौराहे पर बृहस्पतिवार को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कार में ठोकर मार कर पलट गया। हादसे में कार में सवार क्षेत्र के दो प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रधान ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रानीडीह के प्रधान गंगा प्रसाद और पिपराहिमा के प्रधान उमेश यादव की जरूरी काम से गोरखपुर गए हुए थे। कार्य निपटाने के बाद दोनों घर के लिए निकले। कार को प्रधान गंगा प्रसाद चला रहे थे। जैसे ही वह अनंतपुर चौराहे पर पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कार में ठोकर मार दिया। ठोकर इतना तेज था कि ट्रैक्टर विपरीत दिशा में जाकर गड्ढे में गिर गया। हादसे में दोनों प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे ग्रामीणों ने तत्काल एक निजी अस्पताल में ले जाकर इलाज कराया। जहां दोनों प्रधान की हालत गंभीर बनी हुई है।

# सफाई अभियान के मद्देनजर पुलिस लाइन में शस्त्र हैंडलिंग व शस्त्रों की साफ-सफाई की गई

**अवधनामा संवाददाता महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराए जाने को रिजर्व पुलिस लाइन में आरआई शिवकुमार के निकट पर्यवेक्षण में शस्त्रों की साफ-सफाई एवं रख-रखाव का विशेष अभियान संचालित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों द्वारा सक्रिय भागीदारी करते हुए शस्त्रों की तकनीकी जाँच, सफ़ाई तथा रख-रखाव सुनिश्चित किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य त्यौहारों के दौरान सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाना एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस पूर्णतः सजग एवं सतर्क रहते हुए जनपदवासियों की सुरक्षा के प्रति कृतसंकल्पित है।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सांसद मुकेश राजपूत द्वारा एसटीपी प्लांट में पौधारोपित किया गया

**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**



**फर्रुखाबाद।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सांसद मुकेश राजपूत ने खानपुर स्थित एसटीपी प्लांट में पौधारोपित किया एवं संगोष्ठी को संबोधित किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। वन विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में 75 पौधे आरोपित किए गए।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद मुकेश राजपूत ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ देश के ही नहीं बल्कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है उनकी सरकार द्वारा सुशासन व्यवस्था से देश निरंतर प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था भारत को वैश्विक पटल पर मजबूत करने का कार्य कर रही है वह वर्तमान भारत की युवा पीढ़ी के आकर्षण है संगठन और सरकार द्वारा उनके जन्मदिन से आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम भी महत्वपूर्ण है। 2014 में केंद्र में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर पर्यावरण के संतुलन के लिए पौधारोपित करने के लिए प्रेरित करते रहे हैं समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके संगठन और सरकार ने जागरूकता पैदा करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री की सेवा और समर्पण की भावना उनके व्यक्तित्व को हर वर्ग में लोकप्रिय बनाती है। प्रधान सेवक के रूप में उन्होंने जनकल्याण के ऐतिहासिक कार्य किया।

भाजपा सरकार सुशासन और विकास में विश्वास करती है केंद्र व प्रदेश की सरकार ने गांव गरीब किसान नौजवान महिलाओं दलितों और आदिवासियों के लिए सरकारी खजाने के ताले खोल दिए। जीएसटी की दरों में बदलाव करके देश में पहली बार किसी सरकार ने व्यापारियों एवं मध्यम वर्ग के लोगों को राहत देने का कार्य किया। देश आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहा है एक समृद्ध भारत की नींव तभी मजबूत होगी जब वह आत्मनिर्भर बनेगा। आतंकवाद को करारा जवाब देकर सरकार ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है अमेरिका का भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैरिफ भी भारत की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था को रोक नहीं सकता है। जिला महामंत्री डीएस राठौर ने कहा 2014 से भारत को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मिला देश प्रगति के नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# गोरखपुर में घायल पशु तस्कर की मौत

**अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती पशु तस्कर की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई है। पशु तस्कर की पहचान बिहार गोपालगंज के 21 साल के अजहर उर्फ अजब हुसैन के रूप में हुई।

15 सितंबर को महुआचापी गांव के लोगों ने अजहर को दौड़ाकर पकड़ा था। नीट छात्र 17 साल के दीपक गुप्ता की हत्या के बाद नाराज ग्रामीणों ने पशु तस्कर पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया था। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस दौरान पुलिस से भी ग्रामीणों की हाथापाई हो गई थी। जिसमे एसपी नार्थ समेत चार पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। इस घटना के बाद अजहर को पुलिस ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां उसका आईसीयू में इलाज जारी था। शुक्रवार को इलाज के दौरान सुबह 10-37 बजे उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलने पर बीआरडी मेडिकल कॉलेज थाने की पुलिस व अधिकारी पहुंचे। उसके शव को मोर्चरी में रखवाया गया है।

# जिलाधिकारी एवं सांसद द्वारा ओपन जिम का लोकार्पण किया गया



**अल्ताफ उल्लाह खान संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** सांसद मुकेश राजपूत व जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 से जिला ग्राम्य विकास अभिकरण फर्रुखाबाद में स्थापित ओपन जिम का लोकार्पण किया गया, ओपन जिम में जनता के इस्तेमाल के लिए साइकिल रोअर,बोनी राइडर, क्रॉस ट्रेनर, एयर वाकर, आर्म व्हील, एडोमिनल बोर्ड एवं चेस्ट एवं सोल्डर प्रेस उपकरण के साथ कास्ट आयरन की दो बैंच व एक सोलर लाइट लगाई गई है जिसकी लागत मय जी0 एस0टी0 8.226 लाख है, इस अवसर पर सांसद द्वारा बताया गया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के खेलो इंडिया मिशन के अंतर्गत उनकी प्रेरणा से जनपद में ऐसी कुल 75 ओपन जिम की स्थापना की जाएगी।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कपिल कुमार, संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारी, डीआरडीए व विकास भवन के कर्मचारी व आम जनता मौजूद रही।

# ओवर ब्रिज के नीचे सुंदरीकरण व पार्किंग की व्यवस्था



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनाना अस्पताल मार्ग पर स्थित रेनू मेमोरियल ऑर्थो सेंटर के बगल गली के मुहाने पर सुबह के 7ः00 बजे नगर निगम के कर्मचारी व अधिकारी एकत्र थे। इसी बीच महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार पहुंचे। यहां से उपसभापति राजेश गौड़, पार्षद हरिश्चंद्र, अनिल सिंह, केंद्रीय दुर्गा पूजा के सुप्रीत कपूर, भाजपा कोषाध्यक्ष बृजेंद्र जायसवाल आदि के साथ शुरू हुआ पैदल भ्रमण कर निरीक्षण का सिलसिला। गली की ओर मुड़ते ही जल भराव की समस्या सामने आई। सुप्रीत कपूर ने बताया कि पुलिस लाइन का पानी इधर आने से बरसात के दौरान रास्ते में दो फीट पानी भर जाता है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है। यहां पूछताछ में लोगों ने बताया कि अस्पताल के बगल से आने वाले नाले पर अतिक्रमण होने से जल भराव की समस्या हो रही है। नगर आयुक्त ने सफाई के मद्देनजर जांच कर अतिक्रमण हटाने एवं अस्पताल की बाउंड्री पर गेट लगाने का निर्देश दिया।

%नगर की सरकार आपके द्वार% मुहिम के तहत किए गए निरीक्षण में सफाई कर्मी ड्यूटी पर मुस्तैद दिखे। ऋषि टोला से चौक-फतेहगंज मार्ग को जोड़ने वाली गली में महापौर ने टूटी पटिया को बदलने का निर्देश दिया। यहां मशीन से सफाई के बावजूद जल जमाव की स्थिति पाई गई। पार्षद हरिश्चंद्र ने पोकलैंड लगाकर नाले की गहराई बढ़ाने की आवश्यकता जताई। महापौर ने इस गली में भारी वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए बैरियर लगाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अस्वस्थ भाजपा नेता चितरंजन श्रीवास्तव के आवास पर जाकर उनके कुशलक्षेम पूछा।

फतेहगंज चौराहे पर व्यापारियों ने महापौर का फूलमाला से स्वागत किया। महापौर ने यहां गली में स्लोप तत्काल प्रभाव से बनवाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने रामजानकी मंदिर परिसर पहुंचकर दुर्गा पूजा के पंडाल का अवलोकन किया और यहां बेहतर जल निकासी के मद्देनजर सकरी पुलिया को तोड़कर नया बनवाने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने दीपावली के बाद जेसीबी से गली को ऊंचा करने का भी निर्देश दिया। पंडाल के पास राविश डालकर आवागम सुगम बनाने का निर्देश नगर आयुक्त ने दिया। उन्होंने पानी की जांच कराई, जिसकी गुणवत्ता सही पाई गई। यहां सफाई के लिए जेसीबी के साथ नाला गैंग भी तत्पर दिख रहा था। यहां थोड़ी देर रुक कर बातचीत करने के बाद महापौर फतेहगंज ओवर ब्रिज की और बढ़े।

# बृहस्पति कुण्ड और रामजन्मभूमि परिसर का मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)**मंडलायुक्त राजेश कुमार व जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने शुक्रवार को नगर स्थित टेढ़ीबाजार क्षेत्र के बृहस्पति कुण्ड और श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बृहस्पति कुण्ड को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने पर ज़ोर टेढ़ीबाजार स्थित बृहस्पति कुण्ड के निरीक्षण में मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने कहा कि कुण्ड के कार्यों को तीव्र गति से पूरा किया जाए। उन्होंने लाइटिंग की गुणवत्ता, रंगाई-पोताई, और पत्थरों की फिनिशिंग को उच्च मानकों के अनुसार करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि कुण्ड के आसपास पड़ी निर्माण सामग्री व मलबा को तत्काल हटाकर क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए। श्रीराम जन्मभूमि परिसर के निर्माण कार्यों की ली जानकारी निरीक्षण के अगले चरण में अधिकारीद्वय ने श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसमें अपोलो इमरजेंसी केयर सेंटर, वेटिंग हॉल, और अन्य निर्माणाधीन क्षेत्रों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरे किए जाएं।

# नवरात्र में होगा मिशन शक्ति का आगाज

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शारदीय नवरात्र से महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को समर्पित 'मिशन शक्ति' को लेकर अयोध्या जनपद में भी काम शुरू हो गया है। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने यहां मुख्यालय पर जिले के समस्त थानों में तैनात महिला बीट आरक्षियों के साथ बैठक की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश बताते हुए कहा कि वर्ष 2020 से प्रारम्भ हुए इस अभियान से प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में आशातीत परिणाम मिले हैं। अब तक इसके चार चरण पूरे हो चुके हैं और आगामी 22 सितम्बर से प्रारम्भ होकर यह पांचवा चरण 30 दिनों तक सतत रूप से संचालित होगा। इस चरण में विभागीय समन्वय के साथ व्यापक कार्यक्रम चलाए जाएँ। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की फुट पेट्रोलिंग को और प्रभावी बनाया जाए। पीआरवी-112 की सभी गाड़ियाँ लगातार सड़कों पर सक्रिय रहें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद डा. गौरव ग्रोवर व मिशन शक्ति अभियान के जनपदीय नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत कुमार चौधरी



ने महिला बीट पुलिस कर्मियों के साथ गोष्ठी कर सम्बन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये। बताया कि महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/कस्बा/मोहल्ला/शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थान इत्यादि पर भ्रमण/चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को उनके अधिकारों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। जानिए अभी क्या किया जा रहा सभी थानों की एंटी रोमियों टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा द्य महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्प लाइन 1930 एवं विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वनिधि योजना महिला ई-हाट योजना आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया जा रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में चार मासूम बच्चे लापता, इलाके में हडकंप



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर मे स्कूल गये अनुसूचित जनजाति मंगता बिरादरी के चार बच्चो के गायब होने से हड़कंप मच गया परेशान परिजनों ने थाने मे बच्चो के लापता होने की तहरीर दी है। बताते चले कि गुरुवार की सुबह सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी पिंटू का 9 वर्षीय पुत्र ठुन्नी 6 वर्षीय शनी व विपिन का 8 वर्षीय पुत्र अंकित व 5 वर्षीय राज गांव मे ही स्थित स्कूल मे पढ़ने के लिए गये थे जो वापस नही आये घर वापस न आने पर परिजनों ने तलाश शुरु की लेकिन बच्चो का पता नही चल सका। परेशान हाल परिजनों ने थाना सफदरगंज मे बच्चो के लापता होने की तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार लापता बच्चे भीख मागने का कार्य करते है जो प्रमुख चौराहो एव बाजारों मे अक्सर भीख मांगते रहते थे। बहरहाल बच्चो का पता न चलने से हड़कंप मचा हुआ है परिजनों के मुताबिक बच्चे शाम तक हमेशा वापस आ जाते थे लेकिन गुरूवार की सुबह जब से बच्चे घर से निकले है वापस नही लौटे है। परिजनों की तहरीर पर सफदरगंज पुलिस चौराहो एव बाजारों मे लगे सीसीटीवी कैमरो के जरिये बच्चो की तलाश मे जुटी हुई है। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर बच्चो की तलाश की जा रही है।

## एसपी ने सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**बाराबंकी।(अवधनामा संवाददाता)।** व्यापार मण्डल व सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों/व्यापारिक बन्धुओं के साथ गोष्ठी कर दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद के व्यापार मंडल व सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों/व्यापारिक बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में व्यापारियों की सुरक्षा व पुलिस स्तर की अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। साथ ही व्यापारी बन्धुओं से मुख्य मार्गों एवं चौराहों को अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की गई तथा सभी व्यापारिक संगठनों से यह अनुरोध किया गया कि प्रतिष्ठानों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाएं तथा सड़कों पर भी सीसीटीवी कैमरे का फोकस करें। इसके साथ ही व्यापारी बन्धुओं को व्यापारिक गतिविधियों में इलेक्ट्रानिक लेन-देन में सावधानी बरतने व दुकानों एवं घरों में कार्य करने वाले नौकरों के सत्यापन कराने के सम्बन्ध में भी प्रोत्साहित किया गया।

# विकसित भारत की नींव तैयार कर रहे हैं पीएम मोदीः अवनीश सिंह




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। नगर पालिका परिसर में लगी प्रदर्शनी को देखने के लिए जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों एवं जनसामान्य का आना दूसरे दिन भी जारी रहा।एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल शुक्रवार को सुबह प्रदर्शनी देखने पहुंचे। उन्होंने लोगों से बात करते हुएणोन बताया कि प्रदर्शनी में न्यू इंडिया 2047 की परिकल्पना के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को भी दर्शाया गया है। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार योजनाओं सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से दी जा रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कार्यकाल के 11 वर्ष बेमिसाल हैं। यह कार्यकाल ऐतिहासिक एवं देश हित में लिए गए कठोर निर्णयों के लिए जाना जाएगा।2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए पीएम मोदी मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के जरिए विद्यार्थियों में भी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की ललक उत्पन्न होगी।इस अवसर पर प्रमोद तिवारी,विजय आनंद बाजपेई,नीता अवस्थी,राकेश पटेल,शिवस्वामी वर्मा,देव गुप्ता,आशुतोष अवस्थी मौजूद रहे।

## बाइक सवार में कार ने मारी टक्कर, महिला घायल

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** प्यारेपुर सरैया के पास हाईवे पर सड़क पार करते समय एक मोटर साइकिल सवार को कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटर साइकिल पर सवार महिला गंभीर रूप से हुई घायल, स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल महिला को उपचार के लिये भेजा गया, जबकि पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार प्यारेपुर गांव निवासी टिंकू रावत पुत्र रामकुमार रावत बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे और हाईवे पर स्थित मोड़ से गांव की तरफ मुड़ते समय लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर अयोध्या की ओर से आ रही तेज रफ्तार एक कार ने जोरदार टक्कर मार दिया।

## महराजगंज में तीन बसों की भिड़ंत, डेढ़ दर्जन यात्री घायल





**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिले के भिटौली क्षेत्र के अगया चौराहे पर शुक्रवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। तीन बसों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो बसें महराजगंज से गोरखपुर की ओर जा रही थीं, जबकि एक बस गोरखपुर से महराजगंज आ रही थी। तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग की कोशिश में बसें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि शीशे चकनाचूर हो गए और यात्री सीटों से गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने घायलों को बस से बाहर निकालकर राहत पहुंचाई। सूचना पाकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, जबकि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। क्षतिग्रस्त बसों को हटवाकर यातायात बहाल कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हादसे की मुख्य वजह ओवरटेकिंग है। मामले की जांच की जा रही है और दोषी चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे से पूरे इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# अधिवक्ताओं पर उत्पीड़न बर्दाश्त नही किया जाएगा, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं बनारस में पुलिस द्वारा अधिवक्ता के साथ मारपीट व अधिवक्ताओं के विरुद्ध साजिशन दर्ज मुकदमा दर्ज करने के विरोध में शुक्रवार को श्री अवध बिहारी मिश्र सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष अधिवक्ता रितेश कुमार मिश्र अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री द्वारा जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन देकर माँग की आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये। ज्ञात हो कि अधिवक्ता शिव प्रताप सिंह निवासी बी21/100-1 बिन्द भवन कमच्छा थाना भेलपुर जिला वाराणसी में पुलिस ने जान लेवा प्रहार कर दिया जिससे अधिवक्ता को काफी चोटे आई हैं। जिसके बाद अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है इस मामले में अधिवक्ताओं ने एकजुटता से महज़ कुछ घण्टों में दिनांक 14.09.2025 को एफआईआर दर्ज कर दी गई। लेकिन अभी तक दोषी कर्तव्यविहीन व पद का दुरूपयोग करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही हुई जबकि उक्त दोषी पुलिस कर्मियों को तत्काल बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। किन्तु ऐसा नही किया गया और पूरे पुलिस प्रशासन द्वारा दोषी पुलिस कर्मियों को बचाने की जुगत की खोज की जाने लगी जिसके क्रम में पुलिस प्रशासन द्वारा जानबूझ कर दुखी व आक्रोशित अधिवक्ता बन्धुओं को उकसाने व भड़काने का दुष्प्रयास किया गया तथा सम्पूर्ण घटनाक्रम जो पूर्व से प्रयोजित था मे थाना काला कोट पहनाकर अपने बहरूपिये शामिल करवा दिये गए तथा साजिशन ऐसी ऐसी घटना कारित करनायी गयी जो उत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण थी और पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के विरुद्ध थाना कैन्ट में फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा यह सम्पूर्ण घटना मात्र अपने दोषी पुलिस कर्मियो को बचाने और अधिवक्ता समाज को बदनाम करके पूर्ण से निशाने पर लिए गए अधिवक्ता बन्धुओं को सबक सिखाने के लिए किया गया है जोकि गम्भीर प्रकृति का अपराध है तथा इसकी शिरे से किसी निष्पक्ष एजेन्सी से जांच करवाया जाना आवश्यक है। आंदोलनकारी रितेश मिश्र ने कहा कि अधिवक्ता समाज के विरूद्ध पुलिस द्वारा लगातार साजिश रचकर अधिवक्ता समाज को फर्जी जबरन व परेशान करने तथा अधिवक्ता समाज की छवि धमिल करने का हर सम्भव दुष्प्रयास किया जा रहा है जिसके विरूद्ध विशेष जांच दल गठित करवाकर प्रकरण मे शामिल साजिश कर्ताओं की पहचान उजागर करवाकर उनके विरूद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ऐसे साजिश कर्ताओं के विरूद्ध रासुका के तहत कार्यवाही किया जाना अति आवश्यक है।

## मोदी सरकार को हटाने के लिये चंडीगढ़ महाधिवेशन में नई रणनीति तय की जाएगीः सुमन




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।**मोदी सरकार को हटाने के लिए बेरोजगारी मंहगाई भुखमरी श्रम कानून आदि पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चंडीगढ़ महाधिवेशन में नई रणनीति तय की जाएगी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन व प्रवीण कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पार्टी का 25वां महाधिवेशन 21 से चंडीगढ़ में होगा। महाधिवेशन में देशभर में हुए राज्य सम्मेलनों द्वारा निर्वाचित लगभग एक हजार प्रतिनिधि भाग लेंगे। बाराबंकी जनपद के लिए गौरव की बात है कि यहां से कामरेड प्रवीण कुमार को महाधिवेशन मे जाने के लिए चयनित किया है। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को मोहाली में एक विशाल रैली से महाधिवेशन का शुभारंभ होगा। यह वर्ष पार्टी की स्थापना का शताब्दी वर्ष है, महाधिवेशन के बाद से 26 दिसंबर तक देशभर में पार्टी के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर, 1925 को कानपुर में संपन्न कार्यकर्ताओं के एक राष्ट्रीय सम्मेलन में सीपीआई की स्थापना हुई थी। देश की आजादी के आंदोलन में देश के कम्युनिस्टों ने अनेक कुर्बानियां दी और आजादी के बाद देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रेस कांफ्रेंस में जिला सचिव बृजमोहन वर्मा, शिवदर्शन वर्मा कोषाध्यक्ष, विनय कुमार सिंह सह सचिव, दीपक शर्मा, दीपक वर्मा जिला मंत्री अखिल भारतीय किसान सभा, रामनरेश वर्मा महामंत्री, महेन्द्र यादव, सच्चिदानंद श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तव जित्तू भैया, प्रेमचंद वर्मा, मुनेश्वर प्रसाद, संदीप तिवारी, करन राजपूत, आशीष शुक्ला, मनीष यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## जीएसटी सुधार से आम जनता को बड़ी राहतः मंत्री पंकज चौधरी



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शुक्रवार को धनेवा स्थित आवास पर प्रेस वार्ता में कहा कि मोदी सरकार के नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म से गरीब और मध्यम वर्ग को सीधी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि अब देश में केवल दो ही स्लैब रह गए हैं– 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत। रोजमर्रा की ज़रूरत की वस्तुएँ जैसे दूध, पनीर, रोटी और 33 जीवनरक्षक दवाएँ पूरी तरह टैक्स-फ्री कर दी गई हैं। साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, टूथब्रश, साइकिल, कॉफी, पास्ता जैसी चीजें अब सिर्फ 5त्न जीएसटी के दायरे में होंगी। वहीं गुटखा, पान मसाला, तंबाकू उत्पाद, बड़ी गाड़ियाँ और 350 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर टैक्स बढ़ाकर 40त्न कर दिया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी राहत दी गई है। किताबें, कॉपियाँ, पेन-पेंसिल, ब्लड टेस्ट, एमआरआई और एक्स-रे जैसी सेवाएँ अब टैक्स-फ्री होंगी। मोबाइल फोन, 32 इंच तक के टीवी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन पर जीएसटी 12त्न से घटाकर 5त्न कर दिया गया है। होटल और रेस्टोरेंट सेक्टर को भी लाभ दिया गया है। 1000 रुपये प्रतिदिन तक के होटल रूम टैक्स-फ्री होंगे, जबकि 7000 रुपये तक के कमरे पर टैक्स 18त्न से घटाकर 5त्न कर दिया गया है। छोटे रेस्टोरेंट में भोजन पर भी अब सिर्फ 5त्न जीएसटी लगेगा।

## सीमाई क्षेत्रों में बाढ़ से फसलों का भारी नुकसान

**तहसीलदार ने दौरा कर नो मैंस लैंड में कटान रोकने का दिया आदेश, किसानों को राहत**



*अवधनामा संवाददाता*

**ठूठीबारी ( महराजगंज )।** नेपाल की पहाड़ियों में हो रही लगातार बारिश से नदियों के उफान ने सीमाई गांवों में तबाही मचा दी है। तहसीलदार निचलौल अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को सीमाई क्षेत्र लक्ष्मीपुर खुर्द का दौरा कर हालात का जायजा लिया और बाढ़ से हुए किसानों के नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश हल्का लेखपाल विपिन कुमार को दिया। तहसीलदार ने लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी पर बाढ़ स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने चौकी इंचार्ज नवनीत नागर के साथ चर्चा के दौरान कहा कि प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन हरसंभव कदम उठाएगा। चौकी इंचार्ज ने बताया कि लक्ष्मीपुर खुर्द, चटिया, तुर्कहिया,नौनिया, भरवलिया व बसंतपुर गांव लो-लैंड इलाके हैं। हर साल बरसात में चंदन और भौंरहिया नदी की बाढ़ से सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न होकर नष्ट हो जाती है। इस समस्या के स्थायी समाधान की तत्काल जरूरत है। इसके बाद तहसीलदार ने चंदन व झरही नदी पर बने बांध का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि नो मैंस लैंड से करीब 10 मीटर भीतर नेपाली क्षेत्र में तेजी से कटान हो रहा है। उन्होंने मातहतों को तत्काल मिट्टी का कार्य कर बांध को मजबूत बनाने का आदेश दिया ताकि कटान रोका जा सके और भारतीय क्षेत्र सुरक्षित रह सके।

## चंदन नदी का दूसरे दिन रौद्र रूप, लाल निशान पार, दहशत में ग्रामीण

*अवधनामा संवाददाता*



**ठूठीबारी (महराजगंज)।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से चंदन नदी का जलस्तर दूसरे दिन भी खतरे की लाल रेखा पार कर गया है। नदी की तेज बहाव वाली धारा अब दोनों किनारों को लबालब भर चुकी है। नदी का यह उफान आसपास के गांवों के लिए चिंता का सबब बन गया है। ग्रामीणों में भय का माहौल है, लोग रातभर जागकर हालात पर नजर बनाए हुए हैं। चंदन नदी किनारे बसे गांव भरवलिया, बसंतपुर, बोदना, मैरी, सूकरहर, बकुलडीहा, नौनिया व तुर्कहिया (माधवनगर) के खेत और सीवान पानी से भरा है। क्षेत्र में पानी का दबाव अधिक है। सबसे बड़ी चिंता पशुपालकों में है। पशुओं के चारे की व्यवस्था करना कठिन हो गया है, जिससे उनका पालन-पोषण चुनौती बन गया है। क्षेत्र के पशुपालक अनिरुद्ध यादव, सुरेश यादव, भारत यादव, घोषणा यादव, नंद कुमार यादव, नंदू प्रसाद, राजेश कुमार व कोइल धवल आदि ने बताया कि लगातार तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। पशुओं के साथ पूरा दिन सड़कों पर बीत रहा है। घर में रखा भूसा भीग गया है। बारिश से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे काफी परेशानी हो रही है। गांवों की कच्ची सड़कों पर पानी और कीचड़ से आवागमन मुश्किल हो गया है। कई घरों में बरसाती पानी घुसने से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर सामान पहुंचाने की मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं सिंचाई विभाग और प्रशासन ने हालात पर पैनी नजर रखी है। राजस्व और आपदा प्रबंधन टीमें अलर्ट पर हैं। बांध और तटबंधों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि नदी किनारे न जाएं और मवेशियों को ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर कर दें। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगर पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश नहीं थमा, तो चंदन नदी का जलस्तर में वृद्धि होने की संभावना है। जिससे प्रभावित गांवों की मुश्किलें और बढ़ेंगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द राहत और बचाव की ठोस व्यवस्था करे। लगातार बढ़ते जलस्तर ने इस क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। लोग इंद्र देव से प्रार्थना कर रहे हैं कि आसमान से बरसते बादल थम जाएं, जिससे चंदन नदी की उफान भरी धारा शांत हो सके।

## डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के स्ट्रांग रूम का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सुरक्षा गार्डों की तैनाती, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, विद्युत सुरक्षा और साफ-सफाई की स्थिति देखी। उन्होंने सबसे पहले कक्ष संख्या 05 में रखी अक्रियाशील ईवीएम तथा उसके बाद कक्ष संख्या 06 में अप्रयुक्त ईवीएम का अवलोकन किया। डीएम ने निर्देश दिया कि ईवीएम/वीवीपैट का रखरखाव भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुरूप ही सुनिश्चित किया जाए। स्ट्रांग रूम में प्रवेश केवल नियमानुसार ही अनुमन्य किया जाए तथा सीसीटीवी कैमरे की कार्यशीलता 24×7 सुनिश्चित रहे।

# भव्य दुर्गा पंडाल का निर्माण कार्य अंतिम दौर में



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** स्थानीय क्षेत्र, मंडल पड़ोसी प्रदेश बिहार और मित्र राष्ट्र नेपाल तक अपनी भव्यता की पहचान बना चुका सिसवा के दुर्गा महोत्सव में श्री बाल दुर्गा पूजा सेवा समिति के राफेल और मिसाइलों से लैस पंडाल का निर्माण अंतिम चरण में है। सिसवा के रेलवे स्टेशन रोड पर बन रहे इस दुर्गा पंडाल के बीचोबीच श्रीलक्ष्मी गणेश सहित शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा का दर्शन होगा। वहीं दूसरे तल पर श्रद्धालु प्राकृतिक दृश्यों के बीच श्रीराधा कृष्ण के रासलीला का दर्शन लाभ प्राप्त करेंगे। इसके बाद गुफा से होते हुए निकास द्वार पर पहलगाम हमले मे जान गवाने वाले लोगों का मार्मिक चित्रण कर दर्शकों को देशभक्ति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।समिति के अध्यक्ष गंगासागर जायसवाल एव संरक्षक लवकुश विश्वास ने बताया कि 1995 में स्थापित इस समिति द्वारा विगत वर्षों में सामाजिक जागरूकता का संदेश देने के बाद इस वर्ष मां की भक्ति के साथ भारत की शक्ति को दर्शाने का प्रयास किया गया है। इसीलिए पहलगाम हमले के बाद आपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की शक्ति के रूप में राफेल विमान और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की प्रतिकृतियों के रूप में पंडाल सजाया जा रहा है।पंडाल निर्माता राकेश प्रजापति ने बताया कि पिछले दो माह से चल रहे इसके निर्माण में बरसात की वजह से थोड़ी दिक्कत हुई है लेकिन समय से कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# गोरक्ष प्रांत की प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ



**खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना का संचार करते : कुलपति**

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** विद्या भारती शिशु शिक्षा समिति, गोरक्ष प्रांत के तत्वावधान में रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, तेतरी बाजार (बालिका परिसर) में प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन ध्वजारोहण, खिलाड़ियों की शपथ तथा पारंपरिक मसाला जलाने की परंपरा से हुआ, जिसकी औपचारिक घोषणा क्षेत्रीय सह मंत्री रामनाथ गुप्ता ने की।

मुख्य अतिथि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता साहू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ÷खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना का संचार करते हैं। पढ़ाई के साथ खेल भी व्यक्तित्व को निखारते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख जगदीश कुमार सिंह ने की। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि ÷ऐसे आयोजन बच्चों में प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास की भावना को प्रबल करते हैं।÷

अतिथियों का परिचय बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती उमा सिंह, प्रांत शारीरिक प्रमुख दीपेंद्र, तथा गायत्री पीठ प्रतिनिधि ने प्रस्तुत किया।

इस दौरान शिवपति महाविद्यालय शोहरतगढ़ के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का नहीं बल्कि मानसिक दृढ़ता और एकता का भी परिचायक हैं। प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को जीवन में बड़ी चुनौतियों से जूझने की तैयारी करती हैं। कार्यक्रम में प्रदेश निरीक्षक श्री राम सिंह, संभाग निरीक्षक कन्हैया चौबे, तथा प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य मदन मोहन सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# आपदा विभाग के निर्देश पर कालेज में किया मार्क डिल का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को आपदा विभाग के निर्देश पर नगर में स्थित तिलक इंटर कालेज में मार्क डिल का आयोजन किया गया। सुबह 10.30 बजे से चले ड्रिल में तहसीलदार पियूष श्रीवास्तव मौजूद रहे । इस दौरान आग लगने पर लोगों द्वारा शोर मचाया गया। इसके तुरंत बाद फायर विभाग और आपदा मित्रों द्वारा सायरन की आवाज के साथ तत्काल अग्निशमन यंत्र से पानी की तेज धार छोड़ते हुए लगे हुए आग पर काबू पाया गया। इसके पश्चात आग से झुलसे व्यक्ति को तत्काल 108 नम्बर के एंबुलेंस के अंदर पहुंचाया गया।

मार्क ड्रिल के समय निखिल चक्रवर्ती, असिस्टेंट कमांडेंट सीआरपीएफ चंद्रसेन चौधरी, नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव तथा प्रधानाचार्य तिलक इंटर कॉलेज, राजस्व विभाग, अग्नि शमन विभाग, पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग की टीम के साथ साथ तहसील क्षेत्र के सभी आपदा मित्र मौजूद रहे। कार्यक्रम के संचालन मनोज यादव ने किया।

# मड़नी गांव के पास रेलवे अंडरब्रिज बनाने से नाराज़ ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र सांसद विधायक व डीएम एसडीएम सहित रेलवे के संबंधित जिम्मेदारों को देने की कह रहे बात**

**अवधनामा संवाददाता**



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** जनपद के विकास खंड बढ़नी अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़नी गांव के सैकड़ों लोगों ने शुक्रवार को रेलवे फाटक पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। उन लोगों का कहना है कि हम लोगों का दोनों तरफ घर मकान व खेती की जमीन है। जिससे हम लोगों का अक्सर आना जाना लगा रहता है। साथ ही कंबाइन व ट्रैक्टर ट्राली आदि कृषि यंत्र से हम लोग खेती किसानी करते हैं। रेलवे अंडरब्रिज बनाने से कंबाइन जैसी ऊंची हाइट वाली कृषि यंत्र आने जाने में समस्या होगी। जिससे हम लोगों की खेती चौपट हो जायेगी। जिसके संबंध में हम लोगों ने मीडिया के माध्यम से क्षेत्रीय सांसद ,विधायक व डीएम एसडीएम से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। जल्द ही हम लोग मिलकर मांग पत्र भी देने वाले हैं।

महिला ग्राम प्रधान पूजा व पूर्व ग्राम प्रधान जमील अहमद सहित गांव निवासी जावेद खान, राजेन्द्र सिंह, फिरोज खान, संजय कुमार विजय लक्ष्मी, अंगद चौहान, सुनील यादव, अखिलेश, वसीम खान आदि लोगों का कहना है कि जीवन यापन के लिए हम लोगों का अधिकांश कृषि योग्य भूमि रेलवे लाइन नेपाल बार्डर के बीच में स्थित है। जिसका मात्र एक ही रास्ता है जिस रास्ते से कृषि यंत्र लेकर आना जाना होता है। लेकिन रेलवे विभाग द्वारा गोंडा गोरखपुर लूप लाइन पर मड़नी गांव के पास अंडर पास बनाया जा रहा है। जिससे कम्पाइन आदि कृषि यंत्र नहीं निकल पायेगा। जिससे कृषि कार्य प्रभावित होगा। और बरसात के दिनों में अंडर पास चरगहवा नदी के किनारे होने के कारण भर जाएगा जिससे रास्ता पूर्ण रूप से बंद हो जायेगा।

# उप्र उद्योग व्यापार संगठन के तत्वावधान में जागरूकता बैठक का आयोजन

**जिले में ड्रोन व चोरी की घटनाओं/अफवाहों को लेकर किया जागरूक**



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के तत्वावधान में नगर स्थित एक मैरेज हॉल में पूरे जिले में ड्रोन व चोरी की घटनाओं/अफवाहों को लेकर प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों के साथ शुक्रवार को एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधिकारियों द्वारा अपील करते हुए लोगों को जागरूक किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी पुलिस विश्वजीत सौरयान ने कहा कि संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें। जिलेवासियों से अपेक्षा है कि वे शांति एवं संयम बनाए रखें और अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहें। पुलिस प्रशासन आश्वस्त करता है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। कानून को अपने हाथ में न लें, क्योंकि अफवाहों के आधार पर किसी निर्दोष व्यक्ति से मारपीट करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। किसी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु कि सूचना तत्काल नजदीकी थानों व आपातकालीन नम्बर डायल 112 पर साझा करें।उन्होंने कहा कि घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने पूरे जिले में रात्रि गस्त तेज कर दी है, हम पूरी रात सो नहीं रहे हैं, पूरी रात ड्यूटी कर रहे हैं। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर ड्रोन उड़ाई जा रहे हैं तथा फार्मर रजिस्ट्री व संपत्ति चिन्हांकन के लिए भी ड्रोन उड़ाई जा रहे हैं। अफवाहों पर ध्यान ना दें, सोशल मीडिया पर विश्वास ना करें। अपने घरों में रहेंगे तो ज्यादा सुरक्षित रहेंगे। किसी भी प्रकार की अफवाह होने पर तत्काल घर से बाहर निकलें ,जिससे आपकी जान माल को नुकसान हो सकता है।

## खनिज परिवहन वाहनों के लिए अनिवार्य हुआ VTS पंजीयन

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** जनपद में खनिज परिवहन करने वाले सभी वाहनों के लिए वाहन ट्रैकिंग सिस्टम (VTS) का पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने जानकारी दी है कि भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश के अनुसार 22 अगस्त 2025 से यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत उपखनिज के परिवहन में लगे प्रत्येक वाहन का पंजीयन http://registration .vtsdgm.up.in/register पोर्टल पर कराना आवश्यक होगा।

एडीएम ने सभी ट्रांसपोर्टरों से अपील की है कि वे निर्धारित समयसीमा का पालन करें और एक सप्ताह के भीतर अपने वाहनों का पंजीयन उक्त पोर्टल पर अनिवार्य रूप से करा लें। उन्होंने कहा कि समयसीमा में पंजीकरण न कराने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# करोड़ों की लागत से बढ़नी में बाईपास मार्ग का होगा निर्माण

**काफी दिनों के बाद बढ़नी क्षेत्र में जनता के बीच एक मंच पर नजर आये सांसद विधायक, सामुहिक रूप से किया भूमि पूजन**

**अवधनामा संवाददाता**



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** भारत नेपाल सीमा पर स्थित नगर पंचायत बढ़नी जहां पर भारतीय कस्टम व नेपाल भंसार कार्यालय होने के कारण रोजाना सैकड़ों ट्रकें व छोटी बड़ी गाड़ियों के आवागमन से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। वहीं अक्सर जाम में फंसकर मरीजों को अस्पताल, बच्चों को स्कूल, यात्रियों को रेलवे स्टेशन व बाजार में खरीददारी कर आने जाने वाले राहगीरों और व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। रेलवे वाशिंग पिट चालू हो जाने के बाद लोगों की समस्या और बढ़ गई थी। स्थानीय लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हो गए थे। लेकिन अब स्थानीय लोगों को इस समस्या से निजात मिलने की एक उम्मीद जगी है। फिलहाल निर्माण कार्य कब तक पूरा होगा इसका अभी कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है।

मिली जानकारी अनुसार डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल व शोहरतगढ़ क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार वर्मा के अथक प्रयास से भारत नेपाल के अन्तर्राष्ट्रीय सीमा नगर पंचायत बढ़नी में जाम की समस्या से निजात दिलाने व भारत नेपाल के व्यवसायिक कार्यो को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये के लागत से फोरलेन बाईपास एवं उपरगामी सेतु का भूमिपूजन गुरुवार को क्षेत्रीय जनता के उपस्थिति में किया गया। साथ ही काफी दिनों के बाद बढ़नी क्षेत्र में सांसद विधायक एक मंच पर एक साथ नजर आये तो लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला और लोगों में चर्चा भी होती दिखाई दी। वहीं विधायक विनय वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाये जाने का भूमि पूजन सांसद के कर-कमलों द्वारा सामुहिक रूप से किया जायेगा।

सांसद जगदंबिका पाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सिद्धार्थ नगर जनपद को अति पिछड़े जनपदों से निकालक अग्रणी जिलों में शामिल करने हेतु शासन प्रशासन व हमारी भाजपा की सरकार नीतियां बनाकर विकास कार्यों में लगी हुई है। जल्द ही सिद्धार्थ नगर श्रावस्ती बहराइच तक फोरलेन बनाने की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। बढ़नी को गेटवे ऑफ नेपाल के रूप में देखा जा रहा है।

उक्त अवसर पर श्रीमती साधना चौधरी,चेयरमैन सुनील कुमार अग्रहरि, रितेश शर्मा, अभिषेक प्रताप शाह, जय प्रताप सिंह, कुनाल प्रताप शाह, सिद्धार्थ शंकर पाठक, नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी, लाल बाबा,हरीश वर्मा, राधेश्याम त्रिपाठी, राजू शाही, त्रियुगी अग्रहरि, एसपी अग्रवाल, रिंकू पाल, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, अनीता जयसवाल, अनिल कुमार अग्रहरि, राधेश्याम शर्मा, दिलीप पांडे , विजय कुमार वर्मा, विनीत कमलापुरी, ध्रुव कुमार चतुर्वेदी , विजय कुमार पाठक, बबलू चौबे, राम लखन चौधरी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने अत्यधिक वर्षा के दृष्टिगत विभिन्न बांधो का किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में अत्यधिक वर्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 द्वारा शुक्रवार को कूड़ा नदी मोहाना, घोघी नदी लोटन, कूड़ा नदी रामनगर, तेलार नाला(सड्डा), बूढ़ी रासी नदी भुतहिया, गंगवल, रासी नदी संगलदीप के बन्धों आदि का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 ने अधि अभि सिंचाई निर्माण खंड को निर्देश दिया कि जेई/कर्मचारी द्वारा कटान स्थलों/बंधों का निरन्तर निरीक्षण करें इसके साथ ही साथ कटान स्थलों का जहां मरम्मत की आवश्यकता है वहां तत्काल मरम्मत कार्य करायें। उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि जिन किसानों के फसलों में अधिक पानी भर गया है उसका सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति दिलाया जाये। जिन गांवों में पानी भर गया है वहां नाव इत्यादि की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, अधि0 अभि0 सिंचाई निर्माण खण्ड कृपा भारती, सतीश कुमार व जेई आदि उपस्थित रहे।

## कैंसर पीड़ित महिला की पिटाई केस दर्ज

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जैतपुर क्षेत्र के नेवादा कला निवासी रामकुमार गौतम ने शिकायत पत्र देते हुए बताया कि रविवार को शाम 7:00 बजे मेरी पत्नी अनारी जो कि कैंसर से पीड़ित है। खाना खाने के बाद हम दोनों पुली के किराए मकान पर सोने जा रहे थे। जैसे हम लोग मकान पर पहुंचे तभी पुरानी रंजिश को लेकर जयप्रकाश पहाड़ी, ओमप्रकाश , आर्यन और रमाकांत आ गए। उसके बाद ओमप्रकाश ने बीड़ी मांगने लगे।

मना करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी डंडे लात घुसे से मरने लगे। बीच बचाव करने पहुंचे मेरी पत्नी छुड़ाने का प्रयास किया तो की विपक्षीगण उन्हें भी मारने पीटने लगे। शोर-शराबा सुनकर स्थानी लोगों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। जैतपुर थाना प्रभारी धीरेंद्र आजाद ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज पर कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक केशव कुमार को दी गई भावभीनी विदाई



**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** आपको बताते चलें कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बीते दिनों जनपद के तेजतर्रार व बेहद ईमानदार पुलिस अधीक्षक के साथ विभिन्न जनपदों के कई आई पी एस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया था जिसमें पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष मिश्रा को पुलिस मुख्यालय सम्बध्द कर दिया गया था और पुलिस अधीक्षक अम्बेडकर नगर केशव कुमार को कुशीनगर का कप्तान बनाया गया था ।

अम्बेडकर नगर जिले की कमान 2018 बैच के आई पी एस रहे अभिजीत आर शंकर को दी गई थी।जिसके क्रम में आज दोपहर करीब 2 बजे पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार मिश्रा को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व मुख्य विकास अधिकारी आनंद शुक्ला की एवं पूरे जिले से आए बरिष्ठ अधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित में भावभीनी विदाई दी गई।ईमानदारी की मिसाल बने केशव कुमार ने अपने 9 महीने के कार्यकाल में पुलिसकर्मियों व जनता के बीच में जो अपनी छवी बनाई है वो जनपदवासियों को हमेशा हमेशा के लिए याद रहेगी।

## 16 वर्षीय युवती को बहलाकर भगाने का आरोप

**जलालपुर (अंबेडकरनगर)।** मालीपुर थाना क्षेत्र में एक पिता ने अपनी 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप गांव की ही एक महिला पर लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 15 सितंबर को दोपहर लगभग 12 बजे उनकी पुत्री को गांव की गीता उर्फ माला बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई। खोजबीन के दौरान पता चला कि वह तारा खुर्द की ओर गई थी। परिवारजनों और बच्चों से जानकारी मिली कि गीता अक्सर किसी अज्ञात युवक से बातचीत करती थी।

इस मामले में पुलिस ने गुरुवार को गीता के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। थाना अध्यक्ष स्वतंत्र मौर्य ने बताया कि मामले में सख्ती से जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## हांगकांग से लौटे 331 रत्न और अस्थि कलश, कपिलवस्तु पिपरहवा पहुंचने की उम्मीद

**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** भगवान बुद्ध की स्थली कपिलवस्तु के पिपरहवा स्तूप से जुड़े 331 रत्न और अस्थि कलश के एक बार फिर यहां वापस आने की उम्मीद जागी है। टीम यशोभूमि के प्रबंधक एवं अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर इन धरोहरों को हांगकांग से भारत लौटने के बाद अब उसे पिपरहवा कपिलवस्तु जाने की मांग की है। इस कड़ी में उत्तर प्रदेश संग्रहालय निदेशालय लखनऊ की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन ने विशेष सचिव संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को पत्र लिखकर निर्णय लेने का आग्रह किया है। जानकारों के अनुसार, ये रत्न और अस्थि कलश बौद्ध धरोहर के रूप में विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण माने जाते हैं। पिपरहवा वह स्थल है, जहां बुद्ध से संबंधित प्राचीन अवशेष मिले थे। इन धरोहरों को हांगकांग से भारत लौटने के बाद अब कपिलवस्तु पिपरहवा लाने की पहल को स्थानीय स्तर पर भी बड़ी उम्मीदों से देखा जा रहा है। टीम यशोभूमि के प्रबंधक एवं अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव की इस कोशिश ने सिद्धार्थनगर जनपद के कपिलवस्तु के लोगों में नया उत्साह भर दिया है। उनका कहना है कि यदि यह अमूल्य धरोहर पिपरहवा लौट आती है, तो न केवल जनपद की ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान और सुदृढ़ होगी बल्कि बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए यह स्थल और भी बड़ा आस्था केंद्र बन जाएगा।

## एबीवीपी की डीयू छात्रसंघ चुनाव में जीत राष्ट्रवाद की जीत : शिवशक्ति



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशियों की चार पदों में से तीन पदों पर विजय होने की खुशी पर शोहरतगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा के नेतृत्व में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान शिवशक्ति शर्मा ने कहा कि एबीवीपी की दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में ऐतिहासिक जीत राष्ट्रवाद की जीत है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सालों साल कालेज कैम्पसों में अपने ज्ञान शील एकता के ध्येय वाक्य के साथ बिना किसी भेदभाव के राष्ट्र हित छात्र हितों की रक्षा के लिए कार्य करती है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता नन्दू गौड़ ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी ने अध्यक्ष समेत तीन पदों पर जीत हासिल कर विद्यार्थियो के विश्वास को एक बार फिर से मजबूत किया है।

## राघवेंद्र तिवारी ने लिया प्राशिसं की सदस्यता



**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी व मंत्री योगेंद्र पांडेय ने विकास खंड उसका बाजार के कंपोजिट विद्यालय बकैनिहा में कार्यरत शिक्षक राघवेंद्र तिवारी को संगठन की सदस्यता दिलाई। वह उप्र राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई उसका के उपाध्यक्ष थे। पदाधिकारीद्वय ने राघवेंद्र से अपेक्षा किया कि वह उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के नीतियों का अनुसरण करते हुए शिक्षक हित में कार्य करेंगे। पदाधिकारियों ने नवागत सदस्य को माला पहनाकर स्वागत किया।

# सड़क की दुर्दशा से आवागमन में हो रही है समस्या, पुनर्निर्माण की मांग

**दुर्गा मंदिर से सरकारी स्कूल तक पूरी तरह जर्जर हो चुकी है सड़क**



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत सोनहटी चौराहा से ग्राम वीरपुर रतनपुर मार्ग पर स्थित मां दुर्गा मंदिर से लेकर गांव के सरकारी विद्यालय तक जाने वाली सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी हुई है। यह सड़क अब गड्ढों और उखड़े हुए पत्थरों से भर चुकी है, जिससे स्थानीय लोगों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है। विशेषकर स्कूली बच्चों को रोजाना स्कूल आते और जाते समय इसी बदहाल मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनकी परेशानी और भी बढ़ जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में सड़क की हालत और खराब हो जाती है। कीचड़ और जलभराव के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और अक्सर फिसलन की वजह से छोटे-मोटे हादसे हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि पिछले कई वर्षों से यह मार्ग उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए ग्रामीण उत्सव अग्रहरि, प्रदीप शर्मा, जितेंद्र कुमार और अंकित तिवारी ने प्रशासन से तत्काल सड़क का पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है। विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा और ग्रामीणों की सुविधा के लिए इस मार्ग को दुरुस्त किया जाना बेहद जरूरी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उनका कहना है कि एक ओर सरकार ग्रामीण विकास और शिक्षा को बढ़ावा देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर गांव तक पहुंचने वाला मुख्य मार्ग ही उपेक्षित पड़ा हुआ है।

## ऑल इंडिया शिया समाज ने मौलाना नैय्यर बहिशती को पूर्वांचल का सेक्रेटरी बनाया

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** आल इन्डिया शिया समाज के नेशनल प्रिसेंडट सय्यद क़सीम हैदर रिज़वी ने मौलाना नय्यर बहिश्ती–(मुमताज़ उल फ़ाज़िल को 5 साल के लिये पूर्वांचल के सिक्रेटरी बनाया गया। शोशल मिडीया से ख़बर प्राप्त हुई तो पूरे प्रदेश में ख़ुशी की लहर दौड़ पड़ी अम्बेडकर नगर पहुंचने पर मौलाना नय्यर बहिश्ती का भव्य सवागत किया गया।

आल इन्डिया शिया समाज के सिक्रेटरी मौलाना ज़फरुल हसन ने बताया मौलाना नय्यर बहिश्ती एक कर्मठ ईमानदार व्यक्ति है, जिनके कंधे पर शिया समाज की एक अहम ज़िम्मेदारी सौंपी गयी है। मौलाना मौसूफ़ अपनी ज़िम्मेदारी को समझते हुये शिया समाज के लिये बेहतर से बेहतर कार्य करने की पूरी कोशिश करेंगे। इस मैके पर बनारस से अम्बर तुराबी अकबरपुर से हुसैनी अबकपुरी मिर्ज़ापुरी से आदिल आजमगढ़ से मैकश नक़वी किछौछा शरीफ़ से तालिब अली आँसू इब्ने अली जाफरी, मोहम्मद शारिब आदि ने उज्वल भविष्य के लिये मुबारकबाद दिया।

# सशस्त्र सीमा बल द्वारा श्रम दान कर स्वच्छता ही सेवा का दिया संदेश



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर के सीमा चौकी खुनुवा द्वारा सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर में श्रम दान कर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। वाहिनी के सीमा चौकी खुनुवा के कमांडर, के. रनबीर सिंह, सहायक कमांडेंट द्वारा अवगत कराया गया कि जीवन में स्वच्छता से तात्पर्य स्वस्थ होने की अवस्था से भी है।

स्वच्छता हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है तथा यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे लिए अपने शरीर के साथ-साथ अपने आस-पास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखना बहुत जरूरी है द्व भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कई योजनाएं शामिल की गई है, जिसमें ग्रामीणों के घरों में शौचालाय का उपयोग प्रमुख हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छोत्सव थीम के अंतर्गत वाहिनी द्वारा 17.09.2025 से 02.10.2025 तक के लिए स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य सीमाई क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर अभियान चलाकर ग्रामीणों/स्कूली छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके। 43वी वाहिनी के सीमा चौकी खुनवा के द्वारा के. रनबीर सिंह, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में जवानों द्वारा सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर परिसर की सफाई की गई।

## कुपोषण है, तो स्वस्थ कौन?

शुभकामनाओं और बधाइयों का सैलाब उमड़ आया था। देश के प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन था। यह भी खुशगवार लगा कि उन्होंने जिंदगी के 75 बसंत जी लिए हैं। बेशक वह अपने कालखंड के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने भारतीय राजनीति की दिशा और दशा बदल दी है। प्रधानमंत्री मोदी एक वैश्विक किरदार में भी हैं। जिन्होंने इस खास मौके पर प्रधानमंत्री का महिमामंडन किया, गरीब बचपन से लेकर देश के सर्वोच्च नेता तक के सफर की कहानियां सुनाई, यह उनकी मजबूरी और प्रतिबद्धता हो सकती है! बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार के परंपरागत खांचे को तोड़ कर कई अभूतपूर्व फैसले किए। नए प्रतिमान गढ़े। प्रत्येक प्रधानमंत्री के हिस्से ऐसे फैसले और काम आते रहे हैं, लिहाजा उन्हें कुछ मायनों में 'दूरदर्शी' भी माना जाता रहा है। यह दीगर है कि कोई उनकी व्याख्या किस तरह करता है। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जन्मदिन का यह नारा तय किया था- 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार।' इस आशय के सरकारी विज्ञापन भी मीडिया में छपवाए गए। प्रधानमंत्री ने आह्वान किया कि माताओं, बहनों, बेटियों के स्वास्थ्य की सम्यक जांच कराई जाए। ऐसे लाखों मेगा स्वास्थ्य शिविर देश भर में 2 अक्तूबर तक चलाए जा रहे हैं। जांच, दवाएं और इलाज सब कुछ निशुल्क होंगे। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को सरकारी तिजोरी से बढ़ कर माना है। बेशक पहल और मंशा अच्छी और सामुदायिक है, लेकिन राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के कुछ निष्कर्ष हमें चिंतित करते हैं, प्रधानमंत्री मोदी को भी चुभेंगे, यदि उनके सामने ये आंकड़े पेश किए जाएंगे। कुपोषण आज भी सामाजिक, आर्थिक, वर्गीय और भयावह समस्या है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के मुताबिक, देश में 15-49 आयु-वर्ग की 57 फीसदी महिलाओं में एनीमिया (खून या हीमोग्लोबिन की कमी) पाया जाता है। 5 साल से कम उम्र के करीब 36 फीसदी बच्चे बौने हैं, 32 फीसदी से ज्यादा बच्चे कम वजन के और 19.3 फीसदी बच्चे शारीरिक-मानसिक रूप से कमजोर हैं। करीब 74 फीसदी आबादी में स्वस्थ, पोषक आहार प्राप्त करने का सामर्थ्य ही नहीं है। उच्च गरीबी दर वाले इलाकों में कुपोषण की दर अधिक पाई गई है। भारत सरकार ने लक्ष्य तय किया था कि 2022 तक देश को कुपोषण-मुक्त बना दिया जाएगा।

ऐसा नहीं हो पाया। यदि नारी और बच्चे ही कुपोषित हैं, तो उनके परिवार, समाज, देश स्वस्थ कैसे हो सकते हैं? देश का विकास सर्वांगीण कैसे हो सकता है? हमारा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी को इन स्थितियों की जानकारी होगी! प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिन पर ही राष्ट्रीय पोषण मिशन के अगले चरण का शुभारंभ किया है। इसके अलावा, एकीकृत बाल विकास योजना सरीखे कई कार्यक्रम भारत सरकार चला रही है। सवाल है कि कुपोषण रूपी कैंसर कम क्यों नहीं हो पा रहा है? इसके अलावा दिल्ली, हरियाणा, बिहार के लिंगानुपात के आंकड़े खतरे की घंटी बजा रहे हैं। दिल्ली देश की राजधानी है, वहां पिछले साल की जन्म और मृत्यु की सालाना रपट स्पष्ट कर रही है कि जन्म के समय लिंग अनुपात घट रहा है। यह रुझान लगातार चार सालों से सामने आ रहा है। दिल्ली में 2024 में 1000 पुरुषों के पीछे 920 महिलाएं थीं, जबकि यह आंकड़ा 2021 में 932, 2022 में 929 और 2023 में 922 था। बीते साल पड़ोसी राज्य हरियाणा में भी जन्म के समय महिलाओं की संख्या 910 तक लुढ़क गई। यह आठ सालों में सबसे कम लिंग अनुपात है। बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। लिंग अनुपात एक संवेदनशील चुनावी मुद्दा होना चाहिए था, लेकिन अभी तक किसी भी राजनीतिक दल के प्रचार में इसकी गूंज तक नहीं है। जून में जो डाटा जारी किया गया, वह घोर चिंतित करने वाला है।

## पड़ोंसी देशों का हाल और भारत



प्रेम शर्मा

भारत के करीबी और पड़ोसी देशों के हाल बेहाल है। म्यांमार में 2021, पाकिस्तान में श्रीलंका में 2022, 2024 में बाग्लादेश और अब नेपाल चुनी हुई सरकार के साथ जो कुछ हुआ वह अचानक नही बल्कि पिछले कुछ अरसे से बढ़ता आक्रोश था। प्रधानमंत्री से लेकर मंत्रियों तक को जानबचाकर भागते देखा गया, जिनको पकड़ लिया उन पर हमला कर दिया गया। यानि यह जन आक्रोश जिस सरकारे जानबूझ कर अनदेखी कर रही थी। यह तो सच है कि दुनिया का कोई भी देश वहा की सरकार शत प्रतिशत रोजगार नही दे सकती। बढ़ती आबादी के हिसाब से महंगाई नही रोक सकती, लेकिन वह जो कर सकती है वह भी नही कर रही उपर से भ्रष्टाचार और सरकारी रहनुमाओं के ऐशोआराम से अब जनता दूखी और आक्रोशित है। सरकार की मशीनरी के सामने भले ही दुबकी नजर आती हो लेकिन जैसे ही उसे मौका मिलता है तख्ता पलट का रूप सामने आता है। दक्षिण एशिया खासकर भारत के पड़ोसी देशों में राजनीतिक अस्थिरता बार-बार दस्तक दे रही है। कभी चुनी हुई सरकारों को बदल दिया जाता है, तो कभी उनका तख्तापलट हो जाता है। व्यवस्था पत्ते की तरह बिखर जाती है।

बीते सालो में म्यांमार, अफगानिस्तान, श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश में तख्तापलट हो चुका है। अब इसका ताजा शिकार नेपाल बना है। भारत के पड़ोसी देशों में जो कुछ हुआ और हो रहा है वह सामान्य घटनाक्रम नही बल्कि लम्बे अरसे से सुलगता जनाक्रोश है जिसकी वहॉ की सरकारों द्वारा लगातार अनदेखी की गई, इसका परिणाम था कि वहॉ के विपक्षी दलों और कतिपय सरकार विरोधी गुटों ने सुलग रही चिनगारी को हवा दे तो और स्थिति खतरनाक हो गई। इतिहास गवाह है कि लंबे समय तक बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसे कारणों से शोषण झेल रही जनता जब बगावत पर उतर आती है तो वह अच्छे और बुरे का फर्क भूल जाती है। ऐसे हालात ही क्रांति को जन्म देते हैं। ऐसा ही नेपाल में हुआ जहां सत्ताधारी नेता देश को भूल कर खुद का घर भरने में लग गए। देश के युवाओं का सब्र का बांध उस वक्त टूट गया जब नेपाली सरकार ने उनकी अभिव्यक्ति की आजादी छीनने का प्रयास करके जले पर नमक छिडक़ने का काम किया। नेपाल में जो घटनाक्रम हुआ, उससे भारत के नेता भी सबक ले सकते हैं। देश की मूल समस्याओं के समाधान के बजाय गुमराह करने वाले मुद्दों पर राजनीति का नतीजा नेपाल विद्रोह है।

वैसे तो नेपाल में हुए घटनाक्रम को लेकर कहा जा रहा है कि नेपाल की सरकार ने बीते दिनों फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब सहित 26 मीडिया प्लेटफॉर्मो पर बैन लगा दिया था। ओली सरकार ने यह बैन सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करते हुए लगाया लेकिन बैन का यह फैसला किशोर एवं युवा पीढ़ी को पसंद नहीं आया। वह इसके खिलाफ सोमवार को सड़कों पर उतर आई और हिंसक प्रदर्शन किया। हिंसा एवं उपद्रव को देखते हुए ओली सरकार ने सोशल मीडिया से बैन तो हटा लिया लेकिन बैन हट जाने के बाद हिंसक विरोध-प्रदर्शन बंद नहीं हुआ। यानि यह विरोध केवल सोशल मीडिया के वैन होने तक सीमित नही था। क्योकि इसके बाद हिंसक प्रदर्शन और उपद्रव भ्रष्टाचार के खिलाफ था। प्रदर्शनकारी राजधानी काठमांडू सहित कई शहरों पर उपद्रव और उत्पात मचाने लगे। चुन-चुनकर पूर्व प्रधानमंत्रियों, कैबिनेट मंत्रियों, नेताओं पर हमले हुए और उन्हें सड़क पर दौड़ाकर मारा-पीटा गया। पूर्व पीएम झालनाथ खनाल की पत्नी को आग के हवाले कर दिया गया। भीड़ ने संसद और सरकारी इमारतों को फूंक दिया। पीएम केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया और जान बचाकर भागे। इसी तरह करीब एक साल पहले बांग्लादेश में भी हिंसा, उत्पात, आगजनी का नेपाल जैसा ही नजारा देखने को मिला था। आरक्षण, भ्रष्टाचार, आर्थिक बदहाली और विरोधियों को दबाए जाने के खिलाफ बांग्लादेश के छात्रों ने हसीना सरकार के खिलाफ बगावत कर दी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**वक्फ बोर्ड का सीईओ भी यथासंभव मुसलमान होना चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण का प्रावधान 1995 और 2013 के कानूनों में भी था और अब फिर से लागू किया गया है। इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले के बिना किसी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकता और न ही राजस्व रिकॉर्ड में कोई बदलाव किया जा सकता है। ऐसी न्यायिक समीक्षा के साथ प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज मसीह की पीठ ने वक्फ संशोधन कानून पर अस्थायी और शुरुआती विचार दिया है।**

# वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट का संवेदनशील प्रयास



राजेश माहेश्वरी




वक्फ संशोधन कानून, 2025 पर सर्वोच्च अदालत ने रोक लगाने से साफ इंकार कर दिया, क्योंकि उसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था, लेकिन कानून के कुछ विवादित प्रावधानों पर रोक जरूर लगाई है, क्योंकि वे संविधान की हदें लांघते नजर आए और धार्मिक स्वतंत्रता छिनती भी लगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दाखिल 5 याचिकाओं पर 20 से 22 मई तक लगातार 3 दिन सुनवाई की थी। 22 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। भारत में रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। करीब 9.4 लाख एकड़। इतनी जमीन में दिल्ली जैसे 3 शहर बस जाएं। इसी वक्फ बोर्ड से जुड़े एक्ट में बदलाव को लेकर विपक्ष के नेता और मुसलमानों का एक बड़ा तबका लगातार विरोध कर रहा है।

शीर्ष अदालत ने व्यक्ति के संपत्ति अधिकारों का फैसला करने का अधिकार कलेक्टर को नहीं दिया, लिहाजा कानून में कलेक्टर की भूमिका को सीमित कर दिया गया। सबसे महत्वपूर्ण न्यायिक समीक्षा यह रही कि अदालत ने 5 साल से मुस्लिम होने की शर्त पर रोक लगा दी। न्यायिक पीठ ने कहा कि जब तक राज्य सरकारें इस संदर्भ में कोई नियम-कानून नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति मुस्लिम है या नहीं, तब तक तत्काल प्रभाव से इस प्रावधान पर रोक लगाई जाती है। शीर्ष अदालत ने यह भी तय कर दिया कि राज्य के वक्फ बोर्ड परिषद में अधिकतम 3 और केंद्रीय परिषद में अधिकतम 4 गैर-मुस्लिम सदस्य होंगे। वक्फ बोर्ड का सीईओ भी यथासंभव मुसलमान होना चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण का प्रावधान 1995 और 2013 के कानूनों में भी था और अब फिर से लागू किया गया है। इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले के बिना किसी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकता और न ही राजस्व रिकॉर्ड में कोई बदलाव किया जा सकता है। ऐसी न्यायिक समीक्षा के साथ प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज मसीह की पीठ ने वक्फ संशोधन कानून पर अस्थायी और शुरुआती विचार दिया है। यह सर्वोच्च अदालत का अंतरिम फैसला है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस गवई के अनुसार, यह अंतिम निष्कर्ष नहीं है। फिलहाल हमने इतना ही देखा है कि क्या कानून अथवा उसकी किसी धारा पर तुरंत रोक लगाई जाए अथवा नहीं?

बहरहाल अंतरिम निष्कर्ष से ही सत्ता और विपक्ष दोनों संतुष्ट हैं और अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं, लेकिन जिन आधारों पर 20 से अधिक याचिकाएं दाखिल की गई थीं, उन पर शिकायतकर्ताओं को हताशा मिली है। यह न्यायिक निष्कर्ष किसी के भी गाल पर तमाचा नहीं है, बल्कि अदालत की सोच रही है कि देश में अमन-चैन, भाईचारा बना रहे। सांप्रदायिक तनाव के हालात न बनें। यह फैसला संसदीय लोकतंत्र के हित में है। संसद के फैसले पर ही अदालत ने बुनियादी मुहर लगाई है। संसद की सर्वोच्चता को लांघा नहीं जा सकता, अदालत ने अपने निष्कर्ष में परोक्ष रूप से यह माना भी है। कानून के विपक्षियों की दलीलें थीं कि वक्फ संशोधन कानून से संविधान के अनुच्छेदों-14, 15, 25, 26, 29, 30 और 300-ए का उल्लंघन होगा, लिहाजा यह कानून संवैधानिक कैसे हो सकता है? न्यायिक पीठ ने इन दलीलों को खारिज करते हुए संशोधित कानून को बरकरार रखा है।

विपक्ष ने यहां तक आरोप लगाए कि सरकार मुसलमानों की मस्जिदें, ईदगाह, उनके कब्रिस्तानों की जमीनों पर कब्जा करके अपने 'मित्र उद्योगपतियों' को सौंपने की मंशा रखती है। अदालत में इन आरोपों का क्या हुआ? अब भी अदालत के सामने यह मामला है। आगे जब सुनवाई शुरू होगी, तो विपक्ष के वकील दलीलें दे सकते हैं, क्योंकि देश जानना चाहता है कि इन सांप्रदायिक आरोपों की बुनियाद क्या थी। मुस्लिम नेताओं, मौलवियों, मुफ्तियों, इमामों आदि ने नौजवान मुसलमानों के लिए बेहद उत्तेजक आह्वान किए कि वे राजधानी दिल्ली में लामबंद हों और सरकार को अपनी ताकत दिखाएं। क्या वाकई ऐसी नौबत आ गई थी?

बहरहाल, सत्तारूढ़ भाजपा इस बात से राहत महसूस कर रही है कि अब इस अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किए जाने का खतरा नहीं है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कानून के पीछे विभाजनकारी एजेंडा उजागर हुआ है। दरअसल, सरकार ने अप्रैल में लागू किए इस कानून को देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन के लिये एक 'धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से लागू करने की बात कही थी। निस्संदेह, वक्फ बोर्डों पर वर्षों से लग रहे भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, अतिक्रमण, संपत्ति की अवैध बिक्री और हस्तांतरण आदि के आक्षेपों को देखते हुए, प्रशासन में सुधार के लिये नियंत्रण और संतुलन स्थापित करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों को यह आशंका रही है कि तथाकथित सुधारों का दुरुपयोग वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने और यहां तक कि संपत्तियों को जब्त करने के लिये किया जा सकता है।

उनकी दृष्टि में एक विवादास्पद प्रावधान केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से संबंधित रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे सदस्यों की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया है। कहा गया कि कानून में पर्याप्त सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन न हो सके। बहरहाल, इस मुद्दे पर विपक्ष व कुछ मुस्लिम संगठनों के विरोध का जो आधार रहा है, उन मुद्दों को संवेदनशील ढंग से संबोधित करने का प्रयास शीर्ष अदालत ने किया है। दरअसल, अदालत ने विधायिका की सीमाओं में हस्तक्षेप किए बिना न्यायिक तार्किकता को प्राथमिकता दी है। कोर्ट के इस फैसले से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड संतुष्ट नहीं है. मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसी के चलते प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिल्ली के जंतर मंतर पर 24 सितंबर को धरना देने और गिरफ्तारी देने का ऐलान किया है। साथ ही बोर्ड ने मुसलमानों से भी अपील की है। बोर्ड ने मुसलमानों से अपील की है कि 26 सितंबर को सभी मुसलमान अपने ऑफिस और दुकानों को सुबह 8 बजे से 2 बजे तक बंद रखे। प्रदर्शनकारियों को विपक्ष के कई राजनीतिक दलों का अपरोक्ष समर्थन प्राप्त है। असल में जब मामला अदालत में है तो ऐसे में धरना, प्रदर्शन और रैलियां करके मुस्लिम धर्मगुरु या नेता क्या संदेश देना चाहते हैं। क्या ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड खुद को सुप्रीम कोर्ट से ऊपर समझता है। अहम सवाल है कि भारत में 8.72 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जो दुनिया में सर्वाधिक हैं, फिर भी औसत मुसलमान गरीब, असहाय, अनपढ़ क्यों है? यह सवाल तो 'सच्चर कमेटी' की रपट में भी उठाया गया था। सवाल यह भी है कि वक्फ ट्रिब्यूनल में आज भी 14,417 विवादित केस क्यों लंबित हैं?

# डिजिटल बाजार का दबदबा : क्या बचेगा फुटकर का वजूद?

**ई-कॉमर्स बाजार का आकार विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार लगभग 10-12.5 लाख करोड़ रुपये के बीच अनुमानित है।यह आंकड़े जीएमवी पर आधारित हैं,जो कुल बिक्री मूल्य को दर्शाते हैं। ई-कॉमर्स में कारोबार से तात्पर्य जीएमवी से है, जो कुल लेन-देन का मूल्य है। 2024 में यह 10-12 लाख करोड़ रुपये का था, और 2025 में यह 19-23 फीसदी की ग्रोथ के साथ बढ़कर 11-12.5 लाख करोड़ रुपये हो सकता है।**



शाहिद नकवी

ख़रीदारी भारतीय समाज की जीवनशैली का अहम हिस्सा रही है।परंपरागत रूप से लोग बाज़ारों में जाकर दुकानदारों से सामान खरीदते रहे हैं। लेकिन बदलते समय और तकनीक की तेज़ रफ़्तार ने उपभोक्ताओं की सोच और आदतों को बदल दिया है। अब ग्राहक सिर्फ़ अच्छे सामान या उचित दाम की तलाश में नहीं रहते, बल्कि बेहतर व्यवहार और सुखद अनुभव भी चाहते हैं।ऐसे में बदमिज़ाज दुकानदारों का रवैया ग्राहकों को ऑनलाइन शॉपिंग की ओर तेज़ी से खींच रहा है।आज के दौर में जब हर चीज़ की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में समय की अहमियत सबसे ज़्यादा है,तब ख़रीदारी का अनुभव भी इंसान के मूड और फैसलों को प्रभावित करता है। हम सभी ने कभी न कभी ऐसे दुकानदारों का सामना किया है जो या तो रूखे बर्ताव से पेश आते हैं,या फिर ग्राहक की ज़रूरतों को समझने के बजाय सिर्फ़ अपना माल बेचने में लगे रहते हैं।ऐसे हालात में ग्राहक का अनुभव ख़राब हो जाता है और ख़रीदारी एक झंझट जैसी लगने लगती है। यहीं पर ऑनलाइन शॉपिंग ग्राहकों के लिए राहत बनकर सामने आई है। जहाँ एक ओर बदमिज़ाज दुकानदार ग्राहकों का अनुभव बिगाड़ देते हैं,वहीं ऑनलाइन शॉपिंग ने ग्राहक को यह आज़ादी दी है कि वह बिना किसी झंझट के, सुविधाजनक और किफ़ायती तरीक़े से ख़रीदारी कर सके। यही कारण है कि आज ऑनलाइन शॉपिंग, परंपरागत बाज़ारों पर भारी पड़ रही है। ग्राहक संगठनों की मानें तो बड़ी संख्या में उपभोक्ता यह शिकायत करते हैं कि कई दुकानदार ग्राहकों से तुनक कर बात करते हैं या उन्हें अपनी पसंद थोपने की कोशिश करते हैं। कई बार तो ग्राहकों को यह महसूस होता है कि वे सिर्फ़ सामान नहीं बल्कि दुकानदार का मूड भी खरीद रहे हैं। ऐसे अनुभव उपभोक्ताओं को खिन्न कर देते हैं। इसके विपरीत, ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म उपभोक्ताओं को बिना किसी दबाव और झंझट के ख़रीदारी का अवसर देते हैं। घर बैठे ग्राहक हज़ारों उत्पादों की तुलना कर सकते हैं, कीमतें देख सकते हैं और अन्य ग्राहकों की राय पढ़ सकते हैं। यही पारदर्शिता और विकल्पों की भरमार उन्हें आकर्षित करती है।विशेषज्ञों का कहना है कि ऑनलाइन कंपनियाँ समय-समय पर ऑफ़र और डिस्काउंट देकर ग्राहकों को राहत देती हैं। वहीं, 24 घंटे उपलब्ध रहने वाली यह सेवा उपभोक्ताओं को समय बचाने का भी मौका देती है।रिटेल एक्सपर्ट्स का मानना है कि आज के उपभोक्ता सिर्फ़ सामान नहीं खरीदते, बल्कि ख़रीदारी का अनुभव भी खरीदते हैं। यदि दुकानदार ग्राहकों से सलीके से पेश न आएँ तो वे दोबारा वहाँ जाना पसंद नहीं करते। यही कारण है कि ऑनलाइन शॉपिंग का चलन लगातार तेज़ी से बढ़ रहा है। भारत में ऑनलाइन शॉपिंग, जिसे ई-कॉमर्स भी कहा जाता है, तेजी



से बढ़ता हुआ क्षेत्र है। स्मार्टफोन की बढ़ती संख्या, इंटरनेट की पहुंच (2024 तक लगभग 95 करोड़ इंटरनेट यूजर्स), और डिजिटल पेमेंट्स जैसे यूपीआई के कारण यह बाजार तेज गति से विकसित हो रहा है। 2025 की शुरुआत में (सितंबर 2025 तक), ई-कॉमर्स बाजार का आकार विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार लगभग 10-12.5 लाख करोड़ रुपये के बीच अनुमानित है। यह आंकड़े जीएमवी पर आधारित हैं, जो कुल बिक्री मूल्य को दर्शाते हैं। ई-कॉमर्स में कारोबार से तात्पर्य जीएमवी से है, जो कुल लेन-देन का मूल्य है। 2024 में यह 10-12 लाख करोड़ रुपये का था, और 2025 में यह 19-23 फीसदी की ग्रोथ के साथ बढ़कर 11-12.5 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। 2024 में यूपीआई ट्रांजेक्शन्स का मूल्य मई तक ही 25.14 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया था,जो ई-कॉमर्स का एक बड़ा हिस्सा है। वहीं सब्सक्रिप्शन ई-कॉमर्स का कारोबार 2024 में 88,479 करोड़ रुपये था, जो एक अनुमान के अनुसार साल 2025-2033 में 45 फीसदी की वृद्धि दर से बढ़ेगा। क्विक कॉमर्स का बाजार 2025 तक लगभग 45,000 करोड़ रुपये पहुंच सकता है।ये आंकड़े दिखाते हैं कि सालाना कारोबार लाखों करोड़ रुपये में है, और यह ग्रामीण क्षेत्रों (टियर-2/3 शहरों) से 60त्न योगदान दे रहा है।लेकिन यह विकास फुटकर दुकानदारों, खासकर किराना स्टोर्स के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। ये छोटी दुकानें, जो देश की रिटेल अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं (कुल 1.3 करोड़ किराना स्टोर्स, जो 88 फीसदी एफएमसीजी सेल्स को हैंडल करती हैं), अब अपनी बाजार हिस्सेदारी खो रही हैं।ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की सुविधा, डिस्काउंट और तेज डिलीवरी के कारण ग्राहक दैनिक जरूरतों की खरीदारी के लिए इनसे रुख कर रहे हैं,जिससे फुटकर दुकानदारों को भारी नुकसान हो रहा है। ऑनलाइन शॉपिंग ने फुटकर दुकानों का ग्रॉसरी और दैनिक सामान का बाजार छीन लिया है। क्विक कॉमर्स ने किराना स्टोर्स के 25-30 फीसदी बाजार पर कब्जा कर लिया है, जिससे कई दुकानों का राजस्व 40-50 फीसदीतक गिर गया है। उदाहरण के लिए, झारखंड में पिछले तीन वर्षों में एफएमसीजी ट्रेड में 40 फीसदी की गिरावट आई है, और रांची जैसे शहरों में 50 फीसदी राजस्व हानि की रिपोर्ट्स हैं। एक सर्वे के अनुसार, 46 फीसदी उपभोक्ता किराना स्टोर्स पर खर्च कम कर चुके हैं,और 82 फीसदी ने कम से कम 25 फीसदी ग्रॉसरी खरीदारी को क्विक कॉमर्स की ओर शिफ्ट कर दिया है। इससे दुकानदारों की आय प्रभावित हो रही है,खासकर मेट्रो शहरों में जहां इंपल्स बाइंग (तत्काल खरीदारी) ऑनलाइन हो रही है। क्विक कॉमर्स के आगमन से लाखों फुटकर दुकानें बंद हो चुकी हैं। ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन के अनुसार, पिछले एक वर्ष में लगभग 2 लाख किराना स्टोर्स बंद हो चुके हैं, जो मुख्य रूप से मेट्रो क्षेत्रों में हैं।कुल मिलाकर, 30 मिलियन किराना स्टोर्स में से कई अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं।इससे न केवल दुकानदारों की आजीविका खतरे में है, बल्कि स्थानीय स्तर पर नौकरियां भी कम हो रही हैं। छोटे दुकानदारों के लिए यह एक चुपचाप संकट है,जहां वे निवेश के बिना प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते।फुटकर दुकानदारों के पास अब ज्यादा इन्वेंटरी जमा हो रही है, क्योंकि ग्राहक कम आ रहे हैं। डिस्ट्रीब्यूटर्स को पेमेंट में देरी हो रही है, जिससे चेन प्रभावित है। ईलारा कैपिटल की रिपोर्ट के अनुसार, डिस्ट्रीब्यूटर्स किराना स्टोर्स से ड्यूज रिकवर नहीं कर पा रहे, क्योंकि दुकानदारों के पास पैसे की कमी है। यह समस्या विशेष रूप से छोटे शहरों में बढ़ रही है, जहां क्विक कॉमर्स अब फैल रहा है।किराना स्टोर्स न केवल दुकानें हैं, बल्कि समुदाय के केंद्र हैं,जहां लोग बातचीत करते हैं, क्रेडिट पर सामान लेते हैं और पर्सनलाइज्ड सर्विस मिलती है।

# भारत पाक के बीच क्रिकेट मैच -सरकर अपनी नीति स्पष्ट करें

**हमारे कप्तान सूर्य कुमार यादव ने पाक कप्तान सलमान अली आगा से पुरस्कार वितरण समारोह में हाथ नहीं मिलाया और जीत को भारतीय सेना को समर्पित किया। यह कौन सी खेल भावना थी ? भद्र जनों के नाम से क्रिकेट को जाना जाता है यह क्रिया तो और भी खेल भावना के विपरीत है? फिर तो इस मैच से प्राप्त सारा धन भारतीय सेना को दिया जाना चाहिय या फिर पहलगाम के छब्बीस शहीदों के परिजनों को दिया जाय।**



डा. महताब अमरोहवी

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 14 सितंबर 2025 को भारत और पाकिस्तान की टीमें पहली बार आमने-सामने उतरीं। दोनों के बीच एशिया कप 2025 का महामुकाबला दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर खेला गया। अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से सैन्य अभियान चलाया था जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद बढ़ गया था। इसे लेकर ही मैच का बहिष्कार करने की मांग उठी थी।

पाकिस्तान का अस्सी प्रतिशत सिंधु नदी का पानी बंद कर दिया गया। केन्द्रियः मंत्री अनुराग ठाकुर समेत सभी मंत्रियों ने पाकिस्तान को कोसा और जब तक अपने संबंधों पर विचार करने की बात कही तब तक पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद नहीं करता पुरे देश में पहलगाम की घटना को लेकर उबाल था और होने भी चाहिए जो हमारे बे गुनाह नागरिकों हत्या करेगा या उस में सहयोग करेगा उस से कैसे संबंध? इतना सब कुछ होने पर भी भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला गया। जिस में भारत को विजय मिली, जो संवेदनशील भारतीयों की भावनाओं को आहत करने वाला था भारतीय क्रिकेटर सुनील गवास्कर के अनुसार यह मैच केंद्र सरकार की अनुमति से खेला गया जबकि इस पर सरकार को कड़ा कदम उठाते हुए इस मैच का बहिष्कार करना था देश को मूर्ख बनाने का तर्क दिया जा रहा है कि हमारे कप्तान सूर्य कुमार यादव ने पाक कप्तान सलमान अली आगा से पुरस्कार वितरण समारोह में हाथ नहीं मिलाया और जीत को भारतीय सेना को समर्पित किया।यह कौन सी खेल भावना थी ? भद्र जनों के नाम से क्रिकेट को जाना जाता है यह क्रिया तो और भी खेल भावना के विपरीत है?



फिर तो इस मैच से प्राप्त सारा धन भारतीय सेना को दिया जाना चाहिय या फिर पहलगाम के छब्बीस शहीदों के परिजनों को दिया जाय, जिन की लाशों को रौंदा गया, जबकि सुरेश रैना ने कहा था कि मैच फिक्स करने से पहले सभी खिलाड़ियों से राय ली जानी चाहिए थी ,उत्तर प्रदेश के उप मुख्य मंत्री केशव प्रसाद ,सांसद असद उद्दीन अवैसी आदि नेताओं ने स्पष्ट कहा था कि यह मैच नहीं होना चाहिए परंतु सुनील गावस्कर ने न केवल मैच का समर्थन बल्कि कमेंट्री में भी सक्रियता से भाग लिया उनके अनुसार यह सब सरकार की इच्छा और अनुमति से हो रहा था, मैच के दौरान आई सी सी अध्यक्ष जय शाह पाक क्रिकेटर शाहिद आफ़रीदी से स्टेडियम में हंस हंस कर बतिया रहे थे? यह कौन सी खेल भावना थी कौन सा विरोध का तरीक़ा था? पाकिस्तान एक लंबे समय से हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में अशांति फैलाने , आतंकियों को शरण देने के साथ साथ हर स्तर पर भारत का विरोध करते हुए कश्मीर मुद्दे को भुनाता रहता है यह अलग बात कि उसको विश्व स्तर पर इतना समर्थन नहीं मिलता लेकिन इस के बाद भी वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बन जाता है तब हमारी विदेश नीति , कूट नीति कहाँ चली जाती है ? तब तो भारत को चाहिए कि वह पाकिस्तानी क्रिकिटरों को भारत में आई पी एल खेलने की भी अनुमति दे? क्योंकि खेल भावना अलग है देश की सुरक्षा सम्मान अलग? अब इस से परहेज कैसा ?

आश्चर्य जनक तो यह है कि भारत का अधिकांश मीडिया बीसीसी आई के अध्यक्ष रोज़र बिन्नी के त्याग पत्र के बाद उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला,राहुल द्राविड, सौरभ गांगुली ,सचिन तेन्दुलकर आदि खिलाड़ियों से मैच पर सवाल कर रहा है लेकिन प्रधान मंत्री या खेल मंत्री से सवाल नहीं किया? इस दर्जे की मीडिया की गिरावट कितना अपना उपहास उड़ायगी? क्या शुभम् द्विवेदी की विधवा अशन्या द्विवेदी की सूनी माँग किसी को दिखाई नहीं दी? क्या यह छब्बीस शहीदों के परिजनों के लिए यह मैच पीड़ादायक सिद्ध नहीं हुआ? करोड़ों रुपए के लाभ के लिए पूरे देश की भावनाओं को आहत करना किस प्रकार से खेल भावना की श्रेणी में रखा जा सकता है? इस मैच से उठे सवालों के बीच अब पाकिस्तान एशिया कप 2025 के आने वाले मैच नहीं खेलेगा उस ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ मैच खेलने से मना कर दिया साथ ही पूरे टूर्नामेण्ट का भी बायकाट कर दिया गया है। जिस से संयुक्त अरब अमीरात की टीम ने सुपर -4 में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत - पाक मैच से उन सभी विज्ञापन दाताओं और मीडिया के विभिन्न प्रसार माध्यमों को राहत अवश्य मिली जिन्होंने इस मैच के आयोजन के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रखा था। इस में संदेह नहीं कि इस मैच से भारत वासियों को जीत के बाद भी कोई ख़ुशी नहीं हुई जो जीत पर जश्न मनाते थे पटाके फोड़ कर मिठाई बाँट कर अपनी ख़ुशी का इज़हार करते थे।जीत का जश्न सन्नाटे में गम हो गया ,भारत सरकार को इस संबंध में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करना चाहिए ताकि भविष्य में देशवासियों को निराशा न हो ढुलमुल नीति से समाज में भ्रम फैलता है जो हमारे लिए किसी भी रूप में उचित नहीं है।या तो पाकिस्तान को पूर्ण रूप से बहिष्कार करो उस का हर स्तर पर विरोध करों उस के काले कारनामों पर विश्व के हर पटल पर उसके खिलाफ आवाज उठाओ या फिर ढंग से पड़ोसी धर्म का पालन करो।

# बीटैक की छात्रा के खुदकुशी मामले में जांच में हुआ खुलासा

अवधनामा संवाददाता

- शिवम नामक छात्र द्वारा किया जा रहा था उत्पीड़न
- ब्लैकमेल और पैसे की मांग से तंग आकर उठाया कदम मोबाइल चैट से खुला राज

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय की बीटेक छात्रा की विद्यालय के समीप राधा रानी गर्ल्स हॉस्टल में जलने से हुई मौत के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। छात्रा ने साथ में पढ़ने वाले छात्र की ब्लैकमेलिंग और धमकियों से आहत होकर खुद को आग लगाकर खुदकुशी की थी। छात्रा के मोबाइल की जांच करने पर कई चैट पुलिस को मिलीं। पुलिस ने छात्रा के सहपाठी को गिरफ्तार करके पूछताछ के बाद जेल भेजा। मृतका के पिता ने छात्र के खिलाफ वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे मांगने व धमकाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।

थाना जैंत क्षेत्र में बुधवार को निजी गर्ल्स हॉस्टल के कमरे में हाथरस के सहपऊ के बुर्ज नौजी निवासी छात्रा मुस्कान जली हुई हालत में मिली थी। छात्रा के पिता ने थाना जैंत में पड़ोसी गांव थरौरा निवासी शिवम कुमार पुत्र महेशचंद्र के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पिता ने आरोप लगाया कि शिवम उनकी बेटी के साथ ही पढ़ता था। आरोपी मुस्कान का कथित वीडियो अपने पास होने की बात कहता था। वह कॉलेज आते जाते समय उसे ब्लैकमेल व टॉर्चर करता था। उससे पैसे की मांग कर करता था। पैसे न देने पर वीडियो वायरल करने व जान से मारने की धमकी देता था, जिससे आहत होकर उनकी बेटी ने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस जांच अनुसार मुस्कान और शिवम साथ में पढ़ते थे। शिवम की पहले छात्रा से दोस्ती थी। बाद में दोनों के बीच विवाद हो गया। घटना वाले दिन सुबह भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। वह उत्पीड़न कर रहा था। इसी तनाव के चलते छात्रा ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या कर ली। सीओ सदर संदीप कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी शिवम को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया गया है।

हाथरस क्षेत्र के गांव बुजनौजी निवासी दिनेश चौधरी की पुत्री मुस्कान (19) का शव मथुरा पुलिस ने बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया। मुस्कान की मथुरा के एक निजी हॉस्टल के कमरे में बुधवार को संदिग्ध हालात में जलने से मौत हो गई थी। मुस्कान का शव गांव में आते ही परिवार में कोहराम मच गया। पूरा गांव शोक में डूब गया। ग्रामीणों का कहना था कि मुस्कान होनहार छात्रा थी।

## मथुरा पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा 25 हजार का इनामी बदमाश

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे के पास सुरीर पुलिस की 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में बदमाश बन्टू उर्फ बलराम के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाश के पास से एक तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। बृहस्पतिवार रात सुरीर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तेहरा अंडरपास के पास एक इनामी बदमाश मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की। खुद को घिरा देखकर बदमाश ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पूछताछ में बदमाश की पहचान राजस्थान के भरतपुर जिले के बासी खुर्द गांव निवासी बन्टू उर्फ बलराम पुत्र जयशिव के रूप में हुई है। यह बदमाश भरतपुर के नदवई थाने में दर्ज एक मामले में वांछित था।

# 109 करोड़ रुपये से स्मार्ट होगी कृष्ण की नगरी, मिलेंगी ये सुविधाएं

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** धर्म की नगरी को स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत नगर निगम ने 109 करोड़ के प्रस्ताव शासन को भेजे हैं। इनमें मुख्य रूप से सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, मल्टीलेवल पार्किंग, मलिन बस्ती का समग्र विकास, रिलीजियस बस सेवा एवं मथुरा व वृंदावन के प्रमुख मार्ग पर हरित पट्टिका का सुंदरीकरण समेत सात कार्य कराए जाएंगे। शासन से स्वीकृति मिलने के साथ कार्य कराए जाएंगे।

कान्हा की नगरी को स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत मथुरा व वृंदावन जोन में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। नगर निगम ने इस योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए 109 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजी है।

इसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए केयर सेंटर शामिल किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों का चिकित्सीय परीक्षण समय-समय पर कराया जाएगा, साथ ही एक ही छत के नीचे रहने, भोजन एवं मनोरंजन के साधन होंगे। इसी तरह श्रीकृष्ण जन्मभूमि के निकट विकास नगर व मल्लपुरा मलिन बस्ती का समग्र विकास कराया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं का आवागमन इस बस्ती की गलियों से होता है। श्रद्धालुओं को सुखद अहसास हो, इसके लिए इस बस्ती का 25 करोड़ रुपये से समग्र विकास कराया जाएगा। मथुरा व वृंदावन में श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए विशेष बस सेवा शुरू की जाएगी। इसका नाम रिलीजियस बस सेवा रखा गया है। वृंदावन के हजारीमल सोमानी इंटर कालेज भवन की मरम्मत, चहारदीवारी व शौचालय का निर्माण होगा। इस कार्य पर पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे नगर निगम के कालेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सुविधाएं मिलेंगी। मथुरा बांगर में नगर निगम की भूमि पर मिनी स्टेडियम बनाया जाएगा, इस पर 12 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अहसास दिलाने के लिए मथुरा-वृंदावन मार्ग एवं पानीगांव मार्ग पर हरित पट्टी का विकास व सुंदरीकरण कार्य कराया जाएगा। ये कार्य 10 करोड़ रुपये से होंगे। वहीं कृष्णा नगर में श्रीकृष्ण जन्मभूमि जाने वाले मार्ग पर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कार प्लाजा व मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जाएगी। नगर निगम ने प्रस्ताव शासन को भेज दिए हैं। शासन से काम की मंजूरी मिलने के साथ-साथ टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य कराए जाएंगे। इसकी तैयारी अभी से नगर निगम ने शुरू कर दी है। कुछ कार्य के लिए भूमि का चिह्नांकन किया जा रहा है।

**पूरा ब्लू प्रिंट**

"स्मार्ट सिटी योजना के तहत कराए जाने वाले कार्यों के प्रस्ताव शासन को भेज दिए गए हैं। मंजूरी मिलने के बाद कार्य कराए जाएंगे। इस योजना से श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं विकसित होंगी। -**विनोद अग्रवाल**, महापौर

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ऑफीसरों को बाटें दायित्व

**ललितपुर।** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उप निर्वाचन में विभिन्न व्यवस्थाओं को समयानुसार पूर्ण करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने सम्बधित प्रभारी अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी, रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसरों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी प्रभारियों को निर्देश दिये कि उप निर्वाचन हेतु बनाये गए मतदान केन्द्रों पर विद्युत, पेयजल, छायादार स्थान, प्रकाश, खिडकी दरवाजे आदि सभी व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जायें, इसके लिए 5-5 लेखपालों को लगाकर सत्यापन कराया जाए और निर्धारित प्रारुप पर सत्यापन रिपोर्ट ली जाये। जिन केन्द्रों पर विद्युत संयोजन नहीं हैं, वहा विद्युत विभाग द्वारा तत्काल संयोजन की व्यवस्था करायी जाए। इसके अलावा सभी आरओ/एआरओ पूरी गंभीरता के साथ आरओ बुक का अध्ययन कर लें, ताकि बाद में कोई समस्या न हो।

## नमामी गंगे परिचर्चा से विद्यालय में शुरू हुआ स्वच्छता ही सेवा पर्व



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में नमामी गंगे परिचर्चा और जनजागरण कार्यक्रम के साथ स्वच्छता ही सेवा पर्व का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्रशासन द्वारा गंगा समिति के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र-छात्राओं ने नमामी गंगे मिशन के उद्देश्यों पर एक संगोष्ठी में हिस्सा लिया, जिसमें गंगा और उसकी सहायक नदियों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व पर चर्चा की गई। इसके बाद छात्राओं ने रंगोली और पोस्टर बनाने के साथ भाषण में सहभागिता की। छात्रों द्वारा गंगा स्वच्छता का संकल्प लिया गया और एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम उपरांत विद्यालय परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजना वर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को गंगा और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाना है। स्वच्छता ही सेवा की भावना को हम उनके मन में बचपन से ही स्थापित करना चाहते हैं। परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने बताया की राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता शपथ, प्रभात फेरी आयोजित किए जाएंगे।

## डीआरएम के आगमन पर हुआ मेगा कैम्प का आयोजन

**ललितपुर।** मण्डल रेल प्रबन्धक झांसी अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के दिशा-निर्देश पर ललितपुर रेलवे स्टेशन पर मेगा कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे सैलरी पैकेज के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें एसबीआई बैंक की तरफ से क्षेत्रीय प्रबंधक सर्वेश त्रिपाठी, मुख्य प्रबंधक हिमांशु कुमार उपस्थित हुये सभी कर्मचारियों को एसबीआई के लाभ के बारे में बताया गया। कैम्प में लगभग 65 कर्मचारी शामिल हुए, जिसमें से करीब 05 कर्मचारियों ने एसबीआई में अकाउंट खोलने हेतु आवेदन किया और 11 कर्मचारियों ने वेतन खाता को एसबीआई में परिवर्तित करने हेतु आवेदन किया। साथ ही उपस्थित 65 कर्मचारियों को कर्मचारी कल्याण निरीक्षक द्वारा यूपीएस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

## प्रदेश सरकार के सपनों पर पलीता लगा रहे अधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जहां समय-समय पर कार्रवाई करके यह संदेश देने का काम किया जा रहा है कि किसी भी अधिकारी द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही सुबे के मुख्यमंत्री को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं है वही ऊर्जा मंत्री एके शर्मा द्वारा भी लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई करने में देर नहीं की जा रही है उसके पश्चात भी भगवान श्री कृष्ण की जन्म भूमि मथुरा में यहां विद्युत विभाग में कुछ चंद जमे अधिकारी व कर्मचारियों को को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री के कार्रवाई का मानो किसी प्रकार का कोई भय ही ना हो ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया था कि विद्युत विभागके डिवीजन गोवर्धन के अधिशासी अभियंता को उपभोक्ता द्वारा कई बार सरकारी नम्बर पर फोन किए जाने पर उनका फोन नहीं उठना है वही अधिशासी अभियंता को फोन करने से पहले उपभोक्ता द्वारा जेई अडिंग के सरकारी नंबर पर कॉल किया गया आपको बता दें कि जेई अडिंग के सरकारी नंबर को कार्यवाहक जेई संदीप शर्मा (नोडल अधिकारी) देख रहे थे उन्होंने भी कई बार फोन करने के पश्चात उपभोक्ता का फोन नहीं उठाया और ना ही उपभोक्ता को कोई वापस कॉल किया इसी को लेकर कई दैनिक प्रमुख समाचारों में समाचार प्रकाशित हुआ समाचार प्रकाशित होने के पश्चात पत्रकारों द्वारा मुख्य अभियंता राजीव गर्ग के कार्यालय में जाकर अधीक्षण अभियंता विजय मोहन खेड़ा से पूछा कि एक समाचार प्रकाशित हुआ है जिसमें सरकारी नंबर को ना ही जेई उठाते हैं।

## घटवार में हत्या के मामले में दो आरोपी और पकड़े

**ललितपुर।** विगत दिनों घटवार में हुयी मजदूर की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो और अभियुक्तों को पकडऩे में सफलता हांसिल की है। बताया गया है कि एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने पंजीकृत मु.अ.सं. 1054/2025 धारा 352, 131, 103(1) बीएनएस के वांछित घटवार निवासी नत्थू उर्फ नथूराम पुत्र महादेव एवं बलराम पुत्र सन्तराम को हिरासत में लिया है। इस घटना को लेकर बताया गया है कि तत्समय घटना की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा मृतक का पंचायतनामा भरकर पोस्ट मार्टम की कार्यवाही करायी गयी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### विदाई समारोह का आयोजन



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार द्वारा पुलिस लाइन बहजोई स्थित सभागार में जनपद सम्भल से अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जनपद फिरोजाबाद में स्थानान्तरित होने पर अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी चन्दौसी महोदय श्री अनुज कुमार चौधरी को माल्यार्पण करते हुए स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया एवं बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गयी तथा जनपद में नियुक्ति के दौरान उनके द्वारा किये गये कार्यों की भूरि-भूरि सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) महोदया, अनुकृति शर्मा, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना/शाखा प्रभारी आदि अधिकारीगण मौजूद रहें।

### राजपूत कॉलोनी में शोक सभा सम्पन्न

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** आज दिनांक 18 सितम्बर को राजपूत कॉलोनी में एक शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें राजपूत कॉलोनी निवासी मनीष सहाय सक्सेना (प्रभारी प्रधानाध्यापक) पूर्व माध्यमिक विद्यालय खडोबरा (जखौरा) की माता जी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उनकी शोकसभा में राहुल तिवारी, राजेश बबेले,कृष्णकांत रावत ,मनोज सक्सेना, गोविंद नारायण श्रीवास्तव ,अवधेश शुक्ला ,रामसहाय खरे, रजनीश पुरोहित, हरिशंकर पटेरिया ,रामदास निरंजन, चंचल पुरोहित, विवेक सक्सेना जय प्रकाश गुप्ता, स्वदेश भूषण वर्मा , प्रयाग सिंह राजपूत, मनीष खरे ,कपिल शर्मा ,भरत नारायण श्रीवास्तव ,अमित जैन ,श्री कृष्ण पटेरिया ,लाल सिंह, प्रमोद सैनी,जितेंद्र जैन,दिवाकर शुक्ला ,जाहर सिंह पटेल, ओम स्वरूप सक्सेना, महेंद्र यादव, मृदुल श्रीवास्तव,सुधीर निरंजन, दीपक सक्सेना सौरभ श्रीवास्तव आदि कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

### लेखपाल संघ चुनाव, इंद्रपाल अध्यक्ष, अभिषेक मंत्री निर्वाचित



**बिलग्राम(अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की बिलग्राम तहसील इकाई का शुक्रवार को चुनाव हुआ। जिसमें मंत्री पद के लिए वोट पड़े। बाकी सभी पदाधिकारी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

जानकारी देते हुए चुनाव प्रेछक राहुल सिंह और चुनाव पर्यवेक्षक वीरेश राजपूत ने बताया इंद्रपाल कनौजिया को अध्यक्ष ,अजय कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, धीरज पांडे को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, विदित पाठक को उपमंत्री ,कंचन वर्मा को कोषाध्यक्ष और पूजा देवी को लेखापरीक्षक के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। मंत्री पद के लिए अभिषेक यादव और अंकित सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। जिसके लिए मत डाले गए। कुल 62 मत पड़े जिनमें से 34 मत अभिषेक यादव को प्राप्त हुए और 28 मत अंकित सिंह को प्राप्त हुए।

### जिलाधिकारी ने की स्टार सन्दर्भों की समीक्षा

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में 1 अगस्त से 10 सितम्बर तक के स्टार संदर्भों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्वयं आख्या का अवलोकन किया और शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता परखी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। जाँचकर्ता अधिकारी मौके पर अवश्य जाए तथा शिकायतकर्ता से संपर्क करे। स्टार सन्दर्भों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाये। भूमि विवाद के निस्तारण के लिए धारा 116 के मामलों को तेजी से निपटाया जाये।

## एक संत, योद्धा और समाज सुधारक थे महंत अवैद्यनाथ : डॉ इंद्रदेव सिंह

अवधनामा ब्यूरो



- महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि पर साप्ताहिक श्रद्धांजलि सभा हुआ आयोजन

**गाजीपुर।** नगर के शाहिपुरा मोहल्ला स्थित निजी मैरिज हॉल में विश्व हिंदू महासंघ (गांधीपुरी) के तत्वाधान में राष्ट्र संघ ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ जी महाराज की 11वीं पुण्यतिथि पर साप्ताहिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अतिथि गढ़ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर मंहत अवैद्यनाथ जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह ने कहा कि महंत अवैद्यनाथ-एक संत, एक योद्धा और एक समाज सुधारक थे। जिन्होंने राम मंदिर के लिए बिगुल फूँका और योगी आदित्यनाथ जैसे व्यक्तित्व को निखारा था। सन 1919 में एक साधारण परिवार में जन्मे महंत अवैद्यनाथ को पहले 'कृपाल सिंह बिष्ट' के नाम से जाना जाता था। समय के साथ वह गोरखनाथ मठ के महंत बने।अपने गुरु महंत दिग्विजयनाथ से विरासत में मिले बड़े कर्तव्यों को सफलतापूर्वक निभाया। महंत अवैद्यनाथ का जीवन केवल आध्यात्मिकता और समाज सेवा तक ही सीमित नहीं रहा।राजनीति में भी कदम रखा। अपने धार्मिक आदर्शों को बेहद मजबूती के साथ लागू किया, जिसे आज एक आदर्श के रूप में माना जाता है। उन्होंने कहा कि वे उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे। गोरखपुर से सांसद भी सदस्य बने। सन 1962 में उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में इन्होंने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के मनीराम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से हिन्दू महासभा की ओर से चुनाव में भाग लिया था। सन 1969 में जब वे मठ का महंत बनकर उसका कार्यभार सँभाला था। मुख्य वक्ता क्षेत्रीय महामंत्री श्री दिनेश चंद्र पांडे ने कहा कि महंत अवैद्यनाथ के नेतृत्व में 21 जुलाई 1984 को अयोध्या के वाल्मीकि भवन में श्रीराम जन्मभूमि यज्ञ समिति का गठन किया गया। 1 नवंबर 1985 को द्वितीय धर्म संसद में समिति ने सरकार को अल्टीमेटम दिया गया। 8 मार्च 1986 तक राम मंदिर के ताले खुलवा दे नहीं तो सरकार लाखों संतों के क्रोध का सामना करने को तैयार रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, झोला-छाप डॉक्टरों का बोलबाला

**बिलग्राम।** क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल पूरी तरह खुल चुकी है। हालात यह हैं कि नगर हो या गाँव, हर जगह झोला-छाप डॉक्टर खुलेआम लोगों का इलाज कर रहे हैं। कई जगह तो घरों में ही कथित अस्पताल चलाए जा रहे हैं, जहाँ न सुविधा है न सुरक्षा, लेकिन मजबूरी में गरीब जनता अपनी जान जोखिम में डालकर इन्हीं के भरोसे इलाज करा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध काम पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। कार्रवाई के नाम पर केवल कागज़ी खानापूरी होती है और झोला-छाप डॉक्टर दिन-दहाड़े मरीज़ों की जेबें काट रहे हैं। बिलग्राम के सरकारी अस्पतालों की हालत भी चिंताजनक है। मरीजों को अंदर मुफ्त दवाएँ नहीं मिलतीं, उल्टा बाहर की महँगी दवाएँ लिखी जाती हैं। कई बार डॉक्टर समय पर अस्पताल में नहीं मिलते, जिससे जनता की नाराज़गी लगातार बढ़ रही है।

## लोहामंडी में हुई बैठक, भव्य आयोजन की रूपरेखा तय



अवधनामा ब्यूरो

**आगरा।** प्राचीन दशहरा शोभायात्रा समिति की नई कार्यकारिणी की घोषणा लोहामंडी स्थित महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में आयोजित बैठक के दौरान की गई। बैठक में अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और आगामी दो अक्टूबर को निकलने वाली श्रीराम दशहरा शोभायात्रा को भव्य व ऐतिहासिक बनाने की शपथ दिलाई। शोभायात्रा संयोजक हेमन्त प्रजापति और कार्यकारी अध्यक्ष तरुन सिंह ने बताया कि इस बार की यात्रा नए कलेवर और अधिक आकर्षक स्वरूप में निकाली जाएगी। शोभायात्रा श्रीरामचंद्र मंदिर, जटपुरा-खातीपाड़ा से प्रारंभ होकर न्यूराजामंडी, तोता का ताल, लोहामंडी, राजामंडी बाजार होते हुए सेंट जोंस चौराहा पहुंचेगी, जहां रावण दहन किया जाएगा। इस अवसर पर महामंत्री राजपाल यादव, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, महेंद्र खंडेलवाल, रामदास कटारा सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। शोभायात्रा के अंतर्गत 4 अक्टूबर को अयोध्या नगरी राजगद्दी समारोह प्रेम वाटिका, अवधपुरी में आयोजित किया जाएगा।

## रेलवे अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** शुक्रवार को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत मंडल रेलवे अस्पताल में शुक्रवार को 10 बजे एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर प्रसाद के निर्देशन में आयोजित इस शिविर को जिला अस्पताल आगरा के ब्लड बैंक का सहयोग प्राप्त हुआ।

रेलवे कर्मचारियों, स्काउट्स एवं गाइड्स, यूनियन पदाधिकारियों और उनके परिजनों ने इस शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 27 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव चुग एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सनत जैन ने भी स्वयं रक्तदान कर इस मुहिम को बल दिया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण को प्राथमिकता देना है। क्योंकि एक स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और समृद्ध राष्ट्र की नींव है। यह राष्ट्रव्यापी अभियान 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है। जिसका समापन गांधी जयंती पर होगा।

## राम मंदिर का सपना हुआ साकार, देश की अर्थव्यवस्था हुई मजबूत

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फरह स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला में प्रतिभाग करने पहुंच गए हैं। वे हेलिकॉप्टर से दीनदयाल धाम के हेलिपैड पर उतरे। परिसर में आयोजित विराट युवा सम्मेलन को संबोधित किया। विराट युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज का युवा नौकरी देना वाला बन रहा है। भारत एक नई अर्थव्यवस्था के साथ उभर रहा है। पीएम मोदी ने कश्मीर को स्वर्ग बनाने का काम किया है। लोग कहते थे कि राम मंदिर कभी नहीं बनेगा, लेकिन डबल इंजन की सरकार ने यह कर दिखाया। सीएम योगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का स्वदेशी मॉडल अपनाने का सपना था। यह भी सपना पीएम मोदी ने साकार किया। विदेशी हुकूमतों ने देश की अर्थव्यवस्था की जड़ों को खोखला कर दिया था। लेकिन पीएम मोदी के आने बाद देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है।

## रिफाइनरी ने करवाई संविदा कर्मियों और सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच

अवधनामा संवाददाता



- स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मथुरा।** कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख श्री मुकुल अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं अपने संविदा कर्मियों के लिए सदैव सजग रिफाइनरी प्रबंधन के मार्गदर्शन के अंतर्गत आज मथुरा रिफाइनरी के प्राथमिक उपचार केंद्र में सफाई मित्रों एवं संविदा कर्मियों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ हुई, जिसमें स्वच्छता और सामूहिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई।

शिविर के दौरान प्रतिभागियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य सहायता कोष तथा मिशन इंद्रधनुष जैसी विभिन्न महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। ये योजनाएँ प्रत्येक नागरिक, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए, सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

स्वास्थ्य नीतियों के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ प्रतिभागियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। बड़ी संख्या में संविदा कर्मियों ने इस शिविर में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई तथा निवारक एवं उपचारात्मक उपायों के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस पहल का उद्देश्य कर्मियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। यह स्वास्थ्य शिविर इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इसने न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य की अहमियत को रेखांकित किया बल्कि इसे स्वच्छता, स्वच्छ जीवनशैली और सतत् जीवन के व्यापक संदेश से भी जोड़ा। स्वास्थ्य जागरूकता और समय पर स्वास्थ्य परीक्षण बेहतर उत्पादकता, जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि और सामुदायिक देखभाल की मजबूत भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## गिरवी सोना को बेचने वाले बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ वारंट जारी

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** सम्भल निवासी नबी हसन ने अपने व्यापार को चलाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक संभल में सोना गिरवी रखकर ऋण लिया था अनुबंध स्माफती से पूर्व ही बैंक ने उसका गिरवी रखा सोना बेचकर ऋण खाता बन्द कर दिया इसका पता उसे जब चला जब उसे सोने के आभूषण की जरूरत पड़ी तो वह बैंक गया और अपने गिरवी रखे सोने की मांग बैंक से की तो शाखा प्रबंधक द्वारा उसे बताया गया कि आपका गिरवी रखा सोना बेचकर ऋण खाता बन्द कर दिया गया है तब नबी हसन ने कहा कि अभी अनुबंध समाफ्त नहीं हुआ है तो मेरा सोना अपने कैसे बेच दिया उसकी किसी भी बात का जवाब न मिलने पर उसने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय से संपर्क किया और आप बीती बताइ तब उसकी ओर से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दाखिल किया गया जहां उपभोक्ता आयोग द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के उपरांतआयोग ने बैंक शाखा प्रबंधक को उसके गिरवी रखे सोने जिसका वजन 49.800ग्राम या उसका बाजार मूल्य 78100 प्रति 10 ग्राम के हिसाब से 388938 रुपए उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 9त्र वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करें। आभूषणों की कीमत में से परिवादी द्वारा अपने ऋण खाते में पूर्व में जमा धनराशि समायोजित कर शेष धनराशि परिवादी को अदा करे। इसके अलावा परिवादी को 25000रु मानसिक कस्ट एवं आर्थिक हानि की मद में तथा 5000 बाद व्यय की मद में अदा करे।

# प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से बंद करें नागरिक: मोहसिन

■ तालग्राम नगर पंचायत प्रशासन ने चलाया प्लास्टिक उन्मूलन अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत तालग्राम एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त प्रयास से कस्वे में प्लास्टिक उन्मूलन अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाजार क्षेत्र और प्रमुख मार्गों पर भ्रमण कर दुकानदारों व आमजन को जागरूक किया।

शुक्रवार को तालग्राम नगर पंचायत प्रशासन द्वारा सब्जी/बाजार शिवाजीनागर (कटरा) क्षेत्र में प्लास्टिक उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें समस्त दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने एवं उसके स्थान पर कपड़े या जूट के थैले को प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही आने वाले ग्राहकों से कपड़े/जूट के थैले को लेकर आने के लिए आग्रह करने को कहा गया जिससे पर्यावरण संरक्षण में सहयोग किया जा सके। वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता ने स्पष्ट कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव डालता है। उन्होंनें दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि प्लास्टिक का उपयोग करने पर चालान काटा जाएगा और जुर्माना भी लगाया जाएगा। उधर दूरभाष पर नगर पंचायत चेयरमैन मोहसिन खॉन जानू ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए प्लास्टिक उन्मूलन जरूरी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से बंद करें और वैकल्पिक सामग्री अपनाएं। इस मौके पर अनुज कुमार, नितेश सिंह, गोकरन सिंह, आमिर अंसारी, नरसिंह, रोहित पटेल, सर्वेश वर्मा, कार्यवाहक सफाई नायक संतराम आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्व सपा विधायक ने फीता काटकर किया जिम का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में स्वास्थ्य जागरूकता और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व सपा विधायक अरबिन्द सिंह यादव ने एक अत्याधुनिक जिम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिट रहना बेहद जरूरी हो गया है। युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए।

शुक्रवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर में पालिका चेयरमैन पूर्व प्रत्याशी/क्षत्रिय नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर के साथ टाइटेनियम यूनिसेक्स जिम का उद्घाटन करनें के उपरान्त पूर्व विद्यायक अरबिन्द सिंह यादव ने कहा कि कहा शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए जिम जरूरी है। जब हमारी सरकार बनेगी तब हम बच्चों के लिए बहुत बड़ा जिम हाउस खोलेंगे। राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर ने कहा कि जिम खुलने से क्षेत्र के युवाओं और नागरिकों को फिटनेस की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही नशे से दूर रहकर शरीर को स्वस्थ और तंदुरुस्त बनाने का यह उत्तम साधन है। युवा सपा नेता अजीम सिददीकी ने युवाओं से अपील की कि वे नियमित रूप से व्यायाम कर अपने स्वास्थ्य को संवारें और समाज को भी स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करें। इससे पूर्व जिम संचालक दिलशाद मंसूरी ने पूर्व विधायक का स्वागत करते हुए बताया कि जिम में आधुनिक मशीनें, प्रशिक्षक और डाइट चार्ट की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि मो. हारून अहमद सिददीकी, गुड्डू मंसूरी, अमीर मंसूरी, इरशाद मंसूरी, तस्लीम वारसी, अमन खान, विकास गुप्ता, अर्पित शुक्ला, मुकीम खॉन, सलीम खान मौजूद रहे।

# स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के तहत नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर में चलाया सफाई अभियान

■ कैरीबैग व डस्टबीन बांट पालीथीन का प्रयोग न करने की अपील

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) से लेकर महात्मा गांधी जयंती (02 अक्टूबर) तक चल रहे स्वच्छतोत्सव स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत आज नगर पालिका परिषद् द्वारा एक प्रेरणादायक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर के भरत मिलाप मैदान से प्रधानमंत्री के जन्मदिवस स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अध्यक्षा श्वेता मिश्रा के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में व्यापक सफाई एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पालिका की टीम और जनप्रतिनिधियों ने स्वयं सफाई अभियान में हिस्सा लिया। मैदान और आसपास की गलियों की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके बाद दुकानदारों और क्षेत्रवासियों को कपड़े के थैले, झोले और डस्टबिन वितरित किए गए। लोगों को प्लास्टिक के कम से कम उपयोग और कचरे को अलग-अलग करने की आदत अपनाने का आग्रह किया गया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्र ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान भर नहीं, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने देश को स्वच्छ भारत का सपना दिया है, जिसे हमें अपने घर, मोहल्ले और शहर को साफ-सुथरा रखकर साकार करना है। मैं नगरवासियों से अपील करती हूं कि प्लास्टिक का प्रयोग कम करें और कचरे को अलग-अलग करके ही डस्टबिन में डालें। भाजपा नेता एवं पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण भानू मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प को धरातल पर उतारना हम सबकी जिम्मेदारी है। नगर पालिका परिषद द्वारा लगातार सफाई और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा ताकि उन्नाव शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। नगर पालिका परिषद् द्वारा नगरवासियों को स्वच्छ रखने के लिए एक जागरूकता स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली मे शहर के रोडवेज बस स्टैंड पर नगर पालिका अध्यक्षा ने झाड़ू लगा साफ सफाई का सन्देश देते हुए शहर के आईबीपी चौराहे होते हुए हरदोई पुल के नीचे स्थित सब्ज़ी मंडी तक निकली रैली मे नगरपालिका अध्यक्ष व नगरपालिका के कर्मियों, कचरा डस्टबिन में डालने तथा नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की अपील की।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के तहत वॉकथॉन और साइकिल रैली का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**नई दिल्ली।** 'स्वच्छता ही सेवा-2025' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जन-जन को जागरूक करने तथा स्वच्छता का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से आज दिनांक 19.09.2025 को अंबाला मण्डल, दिल्ली मण्डल, जम्मू मण्डल व मुरादाबाद मण्डल में वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस वॉकथॉन में मंडल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

वॉकथॉन का मुख्य उद्देश्य सफाई के साथ-साथ लोगों को सेहत के प्रति जागरूक करना और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना है। इस दौरान आम लोगों से स्वच्छता को अपनाने और पर्यावरण को बेहतर बनाने का आग्रह किया गया। इसके अतिरिक्त फिरोजपुर मण्डल में एक साइकिल रैली व मुरादाबाद मण्डल में साइक्लोथॉन का भी आयोजन किया गया। इस रैली में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने शामिल होकर स्वच्छता के महत्व का संदेश आमजन तक पहुंचाया।

स्वच्छता ही सेवा-2025' अभियान के तहत सभी स्टेशनों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लुधियाना, अमृतसर, जलंधर छावनी, चंडीगढ़ स्टेशनों पर गहन सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा-2025' अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना है, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वच्छता के महत्व को समझें और स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित हों जिससे सभी एक नए भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।

# जिला उपाध्यक्ष बनें अजीत वर्मा, तो रचित गुप्ता बनें नगर अध्यक्ष

■ उ. प्र. उद्योग व्यापार संगठन के नव मनोनीत पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन कन्नौज कार्यकारिणी द्वारा नए पदाधिकारियों की घोषणा करते हुये अजीत वर्मा को जिला उपाध्यक्ष तथा रचित गुप्ता को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर व्यापारियों ने दोनों नव नियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया।

शुक्रवार को नगर के राममार्केट स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर आयोजित बैठक में व्यापारी नेताओं द्वारा सर्व सम्मति से अजीत वर्मा को जिला उपाध्यक्ष तथा रचित गुप्ता को नगर अध्यक्ष नियुक्त कर पत्र सौंपनें के उपरान्त जिलाध्यक्ष आनन्द गुप्ता एवं जिला महामंत्री आशीष वर्मा नें कहा कि संगठन व्यापारियों की आवाज को बुलंद करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।

नई टीम के जुड़ने से संगठन और अधिक मजबूत होगा। जिला उपाध्यक्ष अजीत वर्मा ने विश्वास दिलाया कि वे व्यापारियों की हर समस्या को लेकर प्रशासन से संवाद स्थापित करेंगे और उनके समाधान के लिए संघर्षरत रहेंगे। वहीं नगर अध्यक्ष बने रचित गुप्ता ने कहा कि वे नगर स्तर पर व्यापारी वर्ग की एकजुटता और हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में मौजूद व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि नए पदाधिकारी संगठन को नई दिशा देंगे और व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने का कार्य करेंगे।

इस दौरान जिला मंत्री सुशील गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मानव गुप्ता सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## त्योहारों पर अराजकता फैलानें बालों पर होगी कार्रवाई-निरीक्षक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दुर्गा पूजा एवं दशहरा त्योहार से पूर्व कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे के नेतृत्व एवं निरीक्षक चन्द्र प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होनें त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द साथ मनाने की अपील करते हुए नागरिकों से त्योहार पर आनें बाली समस्याओं की जानकारी ली। शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए निरीक्षक चन्द्र प्रकाश तिवारी ने कहा कि त्योहारों पर अराजकता फैलाने वाले लोगों के विरुद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। वही कुछ लोगों द्वारा समस्यायें व्यक्त की गई। जिसपर निरीक्षक ने सभी समस्याओं के तत्काल निस्तारण के लिये अधीनस्थों को निर्देशित किया। इस दौरान कस्बा प्रभारी दीपक सिंह, उप निरीक्षक देवी चरण साहू, राजेन्द्र सिंह, दीपक कुमार सिंह, हेड मोहर्रिर पवन शर्मा, राघवेंद्र सिंह सहित युवा समाजसेवी उत्कर्ष गुप्ता, नीरज मिश्रा, राकेश गुप्ता सबलू, व्यापारी नेता परवेज अहमद चंदन, शुभम दुबे, लल्ला जोशी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नवागत पुलिस अधीक्षक उन्नाव ने की परिचय बैठक

**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)।** नवागत पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात पुलिस लाइन सभागार में समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, थाना प्रभारियों और शाखा प्रभारियों के साथ परिचय बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और अपने अनुभवों को साझा किया। तत्पश्चात पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने जिले में लॉ एण्ड ऑर्डर कायम रखने की बात कही। श्री सिंह 1993 बैच के डिप्टी एसपी हैं जो 2013 बैच में आईपीएस पर प्रोन्नत हुए। जनपद इटावा के बाद बतौर एसएसपी/एसपी यह उनका दूसरा जनपद है। सीतापुर में वह बतौर एएसपी कार्यरत रहे। श्री सिंह जनपद सुल्तानपुर के मूल निवासी हैं तथा इलाहाबाद यूनीवर्सिटी से शिक्षा ग्रहण की है। इससे पूर्व निवर्तमान पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को समारोह पूर्वक विदाई दी गयी।

## निर्माण कार्यों में मैनपावर और मशीनरी लगाकर तेजी लाने के निर्देश

**उरई (जालौन)(अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज निर्माणाधीन तहसील उरई, आवासीय तहसील भवन चौरसी मोड़ तथा राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में बन रहे 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराज़गी जताई और संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि समय की बर्बादी न हो और निर्धारित समय-सीमा के भीतर परियोजनाएं पूरी की जा सकें। उन्होंने कहा कि यह सभी निर्माण कार्य जनहित से जुड़े हैं, किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी दी कि निर्माण की गुणवत्ता पूर्ण और प्रत्येक कार्य मानकों के अनुरूप ही किये जायें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य पूरे होने पर आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

# सेवा पखवाड़ा अभियान के दूसरे दिन शिविर में दो दर्जन कार्यकर्ताओ ने किया रक्तदान

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोदी जी के जन्मदिवस 17 सिंतबर से 2 अक्तूबर तक भाजपा संगठन द्वारा चलाये जा रहे 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के अन्तर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर के दूसरे दिन युवा मोर्चा के 2 दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता की उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी द्वारा रक्तदान कर हुआ। तदोपरांत युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रीतेश चौहान, नगर महामंत्री अमन गुप्ता, अनिल सिंह कुरील, सौरभ भदौरिया, प्रियम तिवारी, उद्देश्य कुमार, अमित द्विवेदी, दीपक गुप्ता, शालू श्रीवास्तव, चन्दन वर्मा एवं अमित ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सम्मानित किया। सदर विधायक ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल सम्मान ही नहीं बल्कि समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना भी है। रक्तदान महादान है और ऐसे कार्य समाज को सशक्त एवं जीवंत बनाते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने स्वयं रक्तदान कर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और सेवाभाव का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका यह कदम हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जिसने यह संदेश दिया कि संगठन में सभी कार्यकर्ता एक समान हैं और समाज की सेवा ही हमारा सबसे बड़ा दायित्व है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री/युवा मोर्चा प्रभारी प्रवीण सिंह नूतन, श्रमिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक/रक्तदान अभियान प्रभारी नवीन सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता, जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह एवं अंकित यादव, जिला उपाध्यक्ष रीतेश चौहान एवं धीरज सिंह, अखिल गुप्ता, नगर महामंत्री भाजपा अमन गुप्ता ,संतोष पाल, प्रत्यय गुप्ता, पंकज अवस्थी उपस्थित रहे।

# दिल्ली से माल लाकर स्लीपर बसों द्वारा हो रही है राजस्व चोरी

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई(जालौन)।** लंबे समय से दिल्ली से आने वाली स्लीपर बसों में यात्रियों के साथ माल ढुलाई कर राजस्व चोरी की जा रही है। सुबह जीएसटी विभाग ने इस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन स्लीपर बसों को पकड़ लिया। यह सभी बसें दिल्ली से माल लेकर जालौन पहुंची थीं। टीम ने बसों को गल्ला मंडी में खड़ा कराया और माल की गिनती शुरू की। कार्रवाई के दौरान यह साफ हुआ कि यात्रियों के साथ भारी मात्रा में व्यापारिक सामान बसों से ढोया जा रहा था, जबकि इनकी आड़ में कर चोरी की जा रही थी। अभियान का नेतृत्व असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी एच शेखर और राज्य कर अधिकारी रामानंद ने किया। उनकी टीम ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर बसों को रोका। बताया जा रहा है कि नगर से होकर प्रतिदिन करीब आधा दर्जन स्लीपर बसों का संचालन दिल्ली के लिए होता है। आमतौर पर इन बसों में यात्री तो होते ही हैं, लेकिन दुकानदार भी माल भिजवाने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं। इस तरीके से बड़ी मात्रा में सामान बिना वैध बिल और दस्तावेज के एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया जाता है, जिससे शासन को राजस्व का नुकसान होता है। कार्रवाई में तीन स्लीपर बसों को पकड़ा गया है। यात्रियों को उतारकर इन बसों को गल्ला मंडी में खड़ा कराया गया है। कार्रवाई के बाद बसों को गल्ला मंडी में खड़ा कर माल की गिनती की जा रही है। जीएसटी टीम अब इन मालों के बिल और संबंधित कागजात की जांच कर रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यदि व्यापारी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अचानक हुई इस कार्रवाई से अन्य स्लीपर बस संचालकों और व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। फिलहाल माल की गिनती की जा रही है। गिनती होने के बाद आगे की कार्रवाई

# नवरात्रि व विजयदशमी को लेकर जालौन में पीस कमेटी की बैठक संपन्न



■ सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का लिया संकल्प, जिलाधिकारी सम्बंधित अधिकरियों को दिए निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में आगामी नवरात्रि और विजयदशमी पर्व के दृष्टिगत विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और मार्गों की मरम्मत जैसी व्यवस्थाएं प्राथमिकता से पूरी की जाएं। साथ ही मूर्ति विसर्जन मार्गों पर बैरिकेडिंग, एम्बुलेंस तैनाती सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हैं, इसलिए सभी का दायित्व है कि शांति व सद्भाव बनाए रखें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और सीसीटीवी व ड्रोन से सतर्क निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि मूर्ति विसर्जन निर्धारित मार्ग और अनुमति शर्तों के अनुसार ही निकाले जाएं तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग शासनादेशों के अनुरूप किया जाए। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि नवरात्रि और विजयदशमी का पर्व परंपरागत ढंग से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु और व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक कर जनपद की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दो माह के भीतर जनपद की हर सड़क दुरुस्त होनी चाहिए और इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के सभी खंड , मंडी परिषद, जिला पंचायत,क्षेत्र पंचायत,नगर पालिका एवं नगर पंचायत,सिंचाई विभाग, विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि नगर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों के गड्ढामुक्ति समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करें। इसी प्रकार खंड विकास अधिकारियों को आदेशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को मनरेगा के तहत गड्ढा मुक्त कराया जाए। साथ ही लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को भी जिम्मेदारी दी गई कि प्रमुख मार्गों, संपर्क मार्गों और पंचायत क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत तत्काल प्रभाव से शुरू की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी विभाग सड़क किनारे की झाड़ियों की कटान और सफाई का विशेष ध्यान रखें, ताकि यातायात सुचारू हो और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो।

# रामलीला भवन पर गणेश पूजन के साथ रामलीला का 173 वें वर्ष का मंचन प्रारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**जालौन।** नगर के ऐतिहासिक रामलीला भवन में 173वें श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ देर शाम वेदमंत्रोच्चारण और गणेश पूजन के साथ हुआ। गणेश पूजन आचार्य महेश अवस्थी द्वारा संपन्न कराया गया, जबकि समिति अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी ने भगवान गणेश की स्थापना कर पूजा-अर्चना की और रामलीला के सफल मंचन के लिए भगवान हनुमान से आशीर्वाद की प्रार्थना की। इस बार में नगर में रामलीला का 173वां मंचन है। रामलीला का आयोजन समिति के मंत्री पवन चतुर्वेदी ने बताया कि इस बार रामलीला मंचन में उत्तर भारत के प्रसिद्ध कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। 22 सितंबर को धनुष यज्ञ की लीला आकर्षण का केंद्र होगी, जिसमें परशुराम-लक्ष्मण संवाद विशेष रूप से मंचित किया जाएगा। 23 सितंबर को दिन में राम कलेवा का आयोजन रामलीला भवन में होगा। 25 सितंबर को नगर के ऐतिहासिक मुरली मनोहर तालाब पर श्रीराम-केवट संवाद और श्रीराम-भरत मिलाप की लीला का मंचन होगा। 28 सितंबर को सीता की खोज और लंका दहन की लीला का मंचन होगा। 30 सितंबर को लक्ष्मण शक्ति और कालनेमि की माया का मंचन होगा। वहीं दो अक्टूबर को शाम पांच बजे से दशहरा मेला और रावण वध की भव्य लीला श्रीबाराहीं देवी मेला ग्राउंड पर आयोजित होगा। रामलीला मंचन में राम की भूमिका में मनोज तिवारी, सीता की भूमिका बृजेश शर्मा, सीपू पाराशर व सत्यव्रत तिवारी लक्ष्मण की भूमिका में होंगे। हनुमान की भूमिका संतोष गुसाई, परशुराम की भूमिका संदीप मिश्रा एवं रावण की भूमिका में उमेश होगें। मंचन का निर्देशन पंडित प्रयाग गुरु उरगांव करेंगे, जबकि संचालन राजकुमार मिझौना के जिम्मे रहेगा। अन्य भूमिकाओं में रमेशचंद्र दुबे, राजकुमार आचार्यजी, श्याम जादौन, उमेश दुबे, भानु शर्मा आदि रहेंगे। हास्य कलाकार टिल्लू मस्ताना दर्शकों को गुदगुदाएंगे और स्त्री पात्रों की भूमिकाओं में तितली रानी व योगेंद्र बाबू, छोटू रहेंगे। नगर में रामलीला महोत्सव की शुरुआत के साथ ही भक्तिमय और सांस्कृतिक माहौल बन गया है।

# डीएम ने विद्युत विभाग की समीक्षा कर सुधार की दी चेतावनी

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** जिलधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा विकास भवन सभागार में की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने रिवैम्प्ड योजना, स्मार्ट मीटरिंग, कृषि फीडर अलग, 1912 पर प्राप्त शिकायतें, विद्युत उपभोक्ताओं की सहायता हेतु जारी विभिन्न सेवाएं, विजनेस प्लान सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत हेल्पलाइन में उपभोक्ताओं संबंधी जो शिकायतें आ रही हैं उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें शिकायतकर्ता की संतुष्टि होनी चाहिए। पोर्टल पर अपलोड की जाने वाली आख्या गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही प्राथमिकता के साथ की जाये। अधिक से अधिक टीम लगाकर स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रगति में सुधार किया जाए। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने बताया कि आरडीएस योजना में 10 नग कृषि फीडरों के अतिरिक्त अति आवश्यक 07 नग अन्य चयनित फीडरों का सेग्रीगेशन कर अलग से कृषि फीडर का निर्माण कराया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि फीडरों के संबंध में प्राथमिकता के साथ आवश्यक कार्रवाई किया जाए।

# पार्टी में पाएं रॉयल और क्लासी लुक, ब्रोकेड पैंट्स स्टाइल करने के खास टिप्स



अगर आप भी ब्रोकेड पैंट्स स्टाइल करने का मन बना रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ही स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो ब्रोकेड पैंट्स स्टाइल करने के समय बहुत काम आएंगे।

ब्रोकेड पैंट्स का अपना एक खास लुक होता है। जब आप पार्टी के लिए कुछ वेस्टर्न या फिर इंडो वेस्टर्न कैरी करना चाहती हैं, तो ऐसे में ब्रोकेट पैंट्स को स्टाइल एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। ब्रोकेट पैंट का लुक, टेक्सचर और डिजाइन और एलिगेंट और क्लासी लुक देने में मदद करता है। इसलिए हर महिला और लड़की को इसको अपने वार्डरोब में जरूर शामिल करना चाहिए। हालांकि महिलाएं एक स्टाइल स्टेटमेंट क्रिएट करने के लिए एक्सेसरीज का भी सहारा लेती हैं। लेकिन ब्रोकेट पैंट्स खुद में ऐसा स्टाइल स्टेटमेंट है, तो आपको एक्सेसरीज या फिर अन्य चीजों को लेकर ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं होती है। इन पैंट्स की एक खासियत यह भी होती है कि आप इसको वेस्टर्न वियर के साथ भी पेयर कर सकती हैं। तो वहीं दूसरी तरफ यह इंडियन वियर के साथ भी काफी ज्यादा स्टनिंग लगते हैं। इसके लिए बस आपको सही तरह से इसे स्टाइल करने की जरूरत होती है। हालांकि ब्रोकेड पैंट्स को स्टाइल करने के दौरान हम अपने लुक को ओवर कर देते हैं, जिस वजह से पूरा लुक खराब हो जाता है। ऐसे में अगर आप भी ब्रोकेड पैंट्स स्टाइल करने का मन बना रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ही स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो ब्रोकेड पैंट्स स्टाइल करने के समय बहुत काम आएंगे।

**टेक्सचर के साथ करें एक्सपेरिमेंट**

ब्रोकेड पैंट्स में एक रॉयल के साथ एलिगेंट और क्लासी लुक पाने के लिए अपने टेक्सचर के साथ थोड़ा प्ले करें। ब्रोकेड पैंट्स काफी रिच लुक देने का काम करती है। क्योंकि ये टेक्सचर्ड व थोड़ी शाइनी होती हैं। इसलिए अगर आपका अपर वियर का फैब्रिक ज्यादा हैवी या शाइनी है, तो इसमें आपका लुक थोड़ा अजीब लग सकता है। कोशिश करें कि आप अपर वियर के लिए साटन, सिल्क या शिफॉन जैसे फैब्रिक चुनें। अगर आप रॉयल लुक पाना चाहती हैं, तो आप ब्रोकेड में मोनोक्रोम लुक भी कैरी कर सकती हैं।

**कलर्स का ध्यान रखें**

आप भी भी ब्रोकेड पैंट्स को पहनती हैं तो आपको ओवर ऑल लुक में कलर को बैलेंस्ड तरीके से कैरी करना चाहिए। इसके लिए आपके वियर का कलर ऐसा होना चाहिए, जो आपकी पैंट्स में भी शामिल हो। अगर आपकी ब्रोकेड पैंट्स में रेड, गोल्ड या डीप ज्वैल टोन है, तो आप को-ऑर्डिनेट लुक के लिए भी ऐसी ही कलर को अपर वियर के लिए चुनें। वहीं न्यूट्रल शेड्स में क्रीम, ब्लैक, बेज या ऑफ व्हाइट भी आपके लुक को खास बनाने का काम करेगा।

**फिटिंग में ना हो गड़बड़**

हम अक्सर ब्रोकेड पैंट्स में फ्लेयर्ड, स्ट्रेट या वाइड लेग को चुनते हैं। वहीं शार्प और क्लासी लुक पाने के लिए आपको हमेशा फिटेड टॉप को अपने लुक का हिस्सा बनाना चाहिए। इससे आपको फिनिश्ड लुक मिलेगा और अगर आप हाई-वेस्ट ब्रोकेड पैंट पहन रही हैं, तो ऐसी सिचुएशन में टॉप को अंदर की तरफ टक करना न भूलें।

## दुपट्टे से बनाएं डांडिया नाइट्स के लिए नए कपड़े आउटफिट देखकर सब करेंगे तारीफें



नवरात्रि का त्योहार आने में अब ज्यादा दिन बचें नहीं। ऐसे में महिलाओं को डांडिया नाइट्स में जाने आउटफिट को लेकर काफी चिंता हो रही है। न्यू आउटफिट खरीदें या फिर पुराना ही कुछ पहन लें। लड़कियों अब आपको टेंशन लेने की कोई जरुरत नहीं है, अगर आपके पास न्यू चानिया-चोली या घाघरा के लिए बजट नहीं हैं, तो आप दुपट्टे के जरिए डांडिया नाइट्स के लिए आउटफिट बना सकते हैं। शारदीय नवरात्रि शुरु होने में अब ज्यादा नहीं है। कुछ ही दिनों में नवरात्र के दौरान हर जगह मां दुर्गा का पंडाल नजर आएंगे। चारों-तरफ मां दुर्गा की पूजा की धूम देखने को मिलेगी। इस दौरान डांडिया और गरबा भी खूब खेले जाते हैं। डांडिया नाइट्स में सजधज के जाने में काफी मजा आता है। इस दौरान डांडिया नाइट्स में खूब क्रेज होता है। महिलाएं अपने दोस्तों के साथ के जाती है। इसको लेकर अभी काफी टेंशन बढ़ गई होगी कि नए कपड़े खरीदने की। अब हर साल इसके लिए नए कपड़े खरीदना भी मुश्किल होता है। अगर आपके बजट में नहीं है कपड़े खरीदना, तो आप कपड़ों सस्टेनेबल तरीके से कपड़ों को रीयूज कर सकते हैं। आप पुराने बांधनी प्रिंट, मिरर वर्क या कलरफुल दुपट्टे से डांडिया नाइट्स के लिए कपड़ा रेडी कर सकते हैं। आइए आपको इन टिप्स के बारे में बताते हैं।

**बना सकते हैं रैप स्कर्ट**

गरबा नाइट्स के लिए आप स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो आप स्कर्ट को किसी भी शेप वियर वाले पेटीकोट के ऊपर स्कर्ट की तरह रैप कर सकती हैं। बेल्ट की मदद से ऊपर से इसे सिक्योर कर सकते हैं।

**दुप्पटे से बना सकते हैं जैकेट**

यदि आपके पास मिरर वर्क वाला दुपट्टा है तो इसकी मदद से लांग या शॉर्ट जैकेट स्टिच करवा सकती हैं। ये जैकेट आपके कुर्ते और स्कर्ट दोनों पर सुंदर नजर आएगी। इसके साथ ही आप पलाजो और क्रॉप टॉप के साथ भी पेयर कर सकते हैं।

**दुपट्टे को करें ड्रैप**

आप लांग स्कर्ट और टॉप के साथ मिरर वर्क वाले या कलरफुल दुपट्टे को वन शोल्डर पर पिनअप करके दूसरी साइड तक ड्रेप करें। इससे दुपट्टे का पूरा लुक आएगा। इसके साथ ही आप एक्सेसरीज कैरी करें।

**कफ्तान पहन सकते हैं**

आप चाहें तो कलरफुल दुपट्टे से कफ्तान स्टिच करा सकती हैं। स्लीव को हटके बनाने के लिए निचले किनारों पर पॉम पॉम या मिरर वाली लैस भी लगवा सकते हैं। इसके साथ आप ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी और ईयरिंग्स पहन सकते हैं।

# हेयर फॉल से परेशान? 4 आसान स्टेप्स से पाएं छुटकारा, बाल होंगे मजबूत

खराब लाइफस्टाइल से हो रहे हेयर फॉल की समस्या पर जावेद हबीब ने 4 आसान प्री-कंडीशनिंग स्टेप्स बताए हैं। फेमस हेयर एक्सपर्ट के अनुसार, शैंपू से पहले इन दैनिक तरीकों को अपनाने से बालों का झड़ना रुकेगा और वे घने, मुलायम व मजबूत बनेंगे। यह जावेद हबीब हेयर केयर रूटीन बालों की देखभाल का नया तरीका सुझाता है।

खराब लाइफस्टाइल और खानपान के कारण आजकल हेयर फॉल की समस्या बढ़ती जा रही है। अगर आप कई चीजों में बदलाव लेकर आओगे तभी बाल झड़ने की समस्या खत्म हो सकती है। इन दिनों तदाद से ज्यादा बाल झड़ रहे हैं इस समस्या से हम सभी परेशान हैं। फेमस हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब ने काफी सिंपल तरीके से 4 आसान स्टेप बताएं जिनसे हेयर फॉल को रोका जा सकता है। इन स्टेप को फॉलो करने से बाल झड़ने

**समस्या**

**खराब लाइफस्टाइल और खानपान के कारण आजकल हेयर फॉल की समस्या बढ़ती जा रही है।**

बंद हो जाएंगे। सोलश मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो वायरल हो रही है। इस पॉडकास्ट में हबीब हेयर केयर रूटीन के बारे में बता रहे हैं। इन स्टेप के फॉलो करने से घने, मुलायम और मजबूत बाल बन जाएंगे।

**कैसे रोकें हेयर फॉल**

बालों को हेल्दी रखना बेहद जरुरी है। हेयर फॉल को रोकने के लिए आप जावेद हबीब ने शैंपू से पहले 4 जरुरी स्टेप बताएं हैं, जिन्हे आप जरुर अजमाएं। ऐसा



करने से आपके बाल घने, सॉफ्ट मुलायम और मजबूत बनें रहेंगे और बालों का झड़ना भी बंद हो जाएगा।

**हेयर्स को रोज साफ जरुर करें**

यदि आप बालों को झड़ना रोकना चाहती हैं, तो रोज साफ करना जरुरी है। हालांकि बालों में रोज शैंपू की वजह से बाल खराब होने लगते हैं। इसलिए रोजाना बालों को शैंपू से साफ करने से पहले इन 4 प्री कंडिशनिंग रूटीन को फॉलो करें। इन 4 स्टेप के बाद रोजाना रोजाना बालों में शैंपू ना सिर्फ बालों का क्लीन रखेगा और आपका हेयर फॉल भी रुक जाएगा।

**ये हैं 4 प्री कंडीशनिंग मेथड**

- इसके लिए सबसे पहले आप बालों को गीला करें और फिर उसमे तेल अप्लाइ करें।
- बालों में तेल लगाएं और उस पर मसाज ना करें।
- यदि आपके हेयर्स लंबे है तो आप तेल लगाएं और बालों में कंघी चलाएं। इसके बाद करीब 5 मिनट छोड़ दीजिए और इसके बाद बाल को धों सकते हैं।
- अब बालों में शैंपू या सोप से धो सकते हैं। आप चाहे तो आयुर्वेदिक हर्ब शिकाकाई से धोएं।

**आखिर रोजाना करने से क्या होगा**

हेयर एक्सर्ट ने बताया है कि बालों में इस मेथड को रोजाना फॉलो करने और फिर शैंपू से बाल धोने से आपके हेयर्स मजबूत बनेंगे और हेयर फॉल शैंपू के कारण कभी नहीं होगा।

## डांडिया और गरबा नाइट्स के लिए घर बैठे पाएं ट्रेंडी लहंगा-चोली



आगामी शारदीय नवरात्रि 2025 के लिए डांडिया और गरबा नाइट्स की शानदार तैयारी हेतु, यह लेख अमेजन पर उपलब्ध लहंगा-चोली के बेहतरीन विकल्पों पर प्रकाश डालता है। पटोला और बंधनी प्रिंट के साथ सिल्क व तुसर सिल्क फैब्रिक में डिजाइनर चनिया चोली के संग्रह से आप अपना रॉयल और आकर्षक लुक पा सकती हैं। दुर्गा पूजा के लिए भी ये आउटफिट्स उपयुक्त हैं।

लंबे समय से लोग नवरात्रि फेस्टिवल का इंतजार करते हैं। इस दौरान पूरे भारत में जगह-जगह पर मां दुर्गा के पंडाल लगे होते हैं और इसके साथ ही लोग डांडिया और गरबा खेलने के लिए भी एक्साइटेड रहते हैं। गरबा और डांडिया के लिए ट्रेडिशनल आउटफिट जरुर चाहिए होती है। लहंगा-चोली पहनकर महिलाएं मूव्स और भी शानदार करती है। अगर आप भी डांडिया नाइट्स की तैयारी में जुटी है और रॉयल लुक वाले लहंगा-चोली की तलाश कर रही हैं, तो यह लेख आपके लिए है। अमेजन एप से इन चनिया चोली को जरुर खरीदें।

**सिल्क लंहगा चोली सेट**

डांडिया नाइट्स में जलवा बिखरने के लिए आप ऑनलाइन शॉपिंग एप अमेजन से सिल्क फैब्रिक वाला लहंगा-चोली ले सकते हैं। पटोला प्रिंट और फॉइल वर्क इसको शानदार बना दिया है। यह डिजाइनर लंहगा चोली सेट बहुत ही खूबसूरता है। इसे आप जल्द ही खरीद लें।

**यहां से खरीदें**

अमेजन पर यह लहंगा बेहद ही खूबसूरत और आकर्षक लग रहा है। पटोला प्रिंट के साथ सिल्क फैबिक्र से बना लहंगा चोली और दुपट्टा डांडिया नाइट और गरबा के लिए एकदम परफेक्ट है। इसे चाहे आप दुर्गा पूजा में भी पहन सकते हैं।

**बंधनी प्रिंट लहंगा चोली सेट**

अगर आप भी गरबा और डांडिया नाइट्स में जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आप अमेजन से बंधनी प्रिंट वाला लहंगा चोली को खरीद सकते हैं। यह लहंगा एकदम ट्रेंडी है जो तुसर सिल्क फोइल प्रिंट और बंधनी प्रिंट लहंगा चोली हैं, जिसे पहनकर आप काफी खूबसूरत नजर आएगी।

# आपकी सिंपल कुर्ती में चार चांद लगाएंगी लेटेस्ट सलवार डिज़ाइन

अगर आप भी सिंपल कुर्ती में अपने लुक को कंफर्टेबल और स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो आज हम आपको कुछ डिफरेंट स्टाइल वाली सलवार दिखाने जा रहे हैं, जिनको कैरी करके आप अपने लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

हर लड़की को सलवार-सूट पहनना काफी ज्यादा पसंद होता है। सलवार सूट कैरी करने के बाद आपकी लुक ट्रेडिशनल नजर आता है। वैसे तो मार्केट में कई तरह के डिफरेंट सूट मिल रहे हैं। जिनको आप अपनी पसंद के हिसाब से पहन सकती हैं। यह एक ऐसा पहनावा है, जिसको आप कॉलेज, ऑफिस या वेडिंग फंक्शन कहीं भी पहनकर जा सकती हैं। आजकल महिलाएं भी साड़ी की जगह सूट पहनना अधिक पसंद करती हैं। कुर्ती के संग बॉटम में कोई लैगी तो कुछ पटियाला सलवार तो कोई नॉर्मल सलवार पहनता है।

आजकल मार्केट में कई तरह की डिजाइनर सलवार मिलती हैं। जिनको आप अपनी सिंपल कुर्ती के साथ पहनकर अपने लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। आप

**ट्रेडिशनल**

**हर लड़की को सलवार-सूट पहनना काफी ज्यादा पसंद होता है। सलवार सूट कैरी करने के बाद आपकी लुक ट्रेडिशनल नजर आता है।**

ऑनलाइन या ऑफलाइन रेडीमेड यह सलवार खरीद सकती हैं। इसमें आपको फ्री साइज मिलता है। यह सलवार हर बॉडी टाइप पर फिट बैठती है। ऐसे में अगर आप भी सिंपल कुर्ती में अपने लुक को कंफर्टेबल और स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ डिफरेंट स्टाइल वाली सलवार दिखाने जा रहे हैं, जिनको कैरी करके आप अपने लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

**पोंचू सलवार**



आजकल पोंचू सलवार पैटर्न काफी ज्यादा ट्रेंड में है। इस सलवार का बॉटम नीचे से कम फैला होता है। आप इसको आसानी से पहनकर चल सकती हैं। पोंचू सलवार कैरी करने में भी काफी आरामदायक होती है। हालांकि इस सलवार का पूरा लुक प्लेन होता है और नीचे की तरफ कोई लेस का बॉर्डर लगवा सकती हैं। इस तरह से आपका लुक काफी ज्यादा स्टाइलिश नजर आता है। इस सलवार को आप ऑफलाइन या ऑनलाइन दोनों जगहों से खरीद सकती हैं। पोंचू सलवार आपको 250 से 400 रुपए की कीमत में आसानी से मिल जाएगी। इसके साथ आप मोजड़ी जूती कैरी कर सकती हैं।

**चुन्नटदार एम्ब्रॉयडरी सलवार**

अगर आपको प्लेन कुर्ती के साथ अपने लुक को गॉर्जियस बनाना है, तो इसके लिए आप चुन्नटदार एम्ब्रॉडरी वाली सलवार जरूर खरीदें। आजकल यह सलवार काफी ज्यादा डिमांड में है। इस सलवार का नीचे का हिस्सा काफी ज्यादा संकरा होता है। अगर आप इस सलवार को शॉर्ट कुर्ती के साथ कैरी करती हैं, तो इससे आपका लुक क्लासी नजर आता है। इस तरह की चुन्नटदार एम्ब्रॉयडरी सलवार यंग गर्ल्स के लिए पहली पसंद होती है। ऑनलाइन में यह सलवार आपको 300 से 500 रुपए के बीच में मिल जाएगी। इसके साथ आप हाई हील्स फुटवियर कैरी कर सकती हैं।

**थ्रेड वर्क सलवार**

अगर आपको अपना लुक एलिगेंट रखना है, आप किसी भी सिंपल कुर्ती को कंट्रास्ट कलर की थ्रेड वर्क सलवार संग कैरी कर सकती हैं। यह सलवार आपको ब्यूटीफुल लुक देती है। इस सलवार का घेर एकदम नॉर्मल होता है और यह अधिकतर आपको कॉटन फैब्रिक में मिलती है। इस पर थ्रेड के साथ मिरर का भी वर्क होता है। ऐसे में इस सलवार का लुक काफी ज्यादा प्यारा लगता है। ऑनलाइन में यह सलवार 200 से 450 रुपए की कीमत में मिल जाएगा। आप इसके साथ राजस्थानी बीड्स वाली फ्लैट फुटवियर कैरी कर सकती हैं।

# महंगे इलाज को कहें ना! इन आदतों से पाएं एक्ने फ्री त्वचा

पिंपल्स की समस्या से आजकल हर कोई परेशान है। चाहे कितनी भी स्किन केयर कर लों और मेडिकल ट्रीटमेंट ले लो, लेकिन फिर भी पिंपल्स निकाल ही आते हैं। कई बार खान-पान के कारण से भी मुंहासे परेशान करते हैं। चेहरे को बेदाग बनाने के लिए केवल क्रीम या सप्लीमेंट्स जरुरी नहीं है इसके लिए आदतों को बदलना भी जरुरी है।

अक्सर चेहरे पर पिंपल्स बनें रहने से चेहरे की खूबसूरती को तो खराब होती ही है। बल्कि कॉन्फिडेंस भी कम हो जाता है। खराब जीवनशैली और गलत खानपान के कारण भी पिंपल्स की समस्या बढ़ जाती है। कई बार तो लोग डॉक्टर से महंगे-महंगे ट्रीटमेंट करवाते हैं, लेकिन फिर भी पिंपल्स पीछा नहीं छोड़ते बाद में मुंहासे चेहरे पर आ ही जाते हैं। अब आप महंगे स्किनकेयर प्रोडक्ट ना लें इसकी बजाय अपनी रोजमर्रा की आदतों में बदलाव करें।

**खान-पान पर विशेष ध्यान दें**

अगर आपका गलत खानपान करते हैं और कुछ भी पेट भर के

**खान-पान**

**चाहे कितनी भी स्किन केयर कर लों और मेडिकल ट्रीटमेंट ले लो, लेकिन फिर भी पिंपल्स निकाल ही आते हैं। कई बार खान-पान के कारण से भी मुंहासे परेशान करते हैं।**

खा लेते हैं, तो यह बंद कर दें। क्योंकि आपकी डाइट स्किन पर नजर आती है। अत्यधिक शुगर, डेयरी प्रोडक्ट्स (दूध, पनीर, आदि), ऑयली और मसालेदार खाना एक्ने को बढ़ाते हैं। शरीर में चीनी सूजन को बढ़ाकर ऑयल प्रोडक्शन तेज करती है। जिससे दाने निकल आते हैं। इसके अलावा, आप डेयरी प्रोडक्ट जैसे कि दूध और मक्खन कुछ समय के लिए बंद कर सकते हैं। हालांकि, दही खाना सेहत के लिए



अच्छा होता है।

**नींद पूरी लें**

यदि आप देर रात तक जागते हैं, फोन चलाकर रील्स देखते हैं, तो यह आदत बंद कर दें। देर रात जागने से पिंपल्स की समस्या बढ़ जाती है। रात को कम से कम 7-8 घंटे सोना चाहिए। सही नींद से शरीर की हीलिंग पावर बढ़ती है और स्किन भी रिपेयर होती है।

**सही मॉइस्चराइजर यूज करें**

कई लोग लगता है कि ऑयली या पिंपल्स वाली स्किन पर मॉइस्चराइजर नहीं लगाना चाहिए। यह एक फिजूल बात है, आप ऑयल फ्री और नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉइस्चराइजर लगा सकते हैं, जो पिपंल्स को भगा दें और स्किन को रिपेयर करें।

**सनस्क्रीन जरुर लगाएं**

धूप के कारण से स्किन पर पिंपल्स की समस्या और भी बढ़ जाती है। इसलिए एक्ने से बचने के लिए आप सनस्क्रीन जरुर लगाएं। ऑयल फ्री सनस्क्रीन जरुर लगाएं।

**एक्सरसाइज जरुर करें**

अगर आप रोजाना वर्कआउट करते हैं या एक्सरसाइज करते हैं, तो आपका शरीर फिट रहता है और चेहरे पर ग्लो लाता है। आप योगा, वॉक कर सकते है या फिर जॉगिंग कर सकते हैं। अगर आप जिम जाते हैं तो भी अच्छा है। क्योंकि पसीना निकलने से टॉक्सिंस बाहर निकल जाते हैं।

**हाइजीन का ध्यान रखें**

बार-बार गंदे हाथों से चेहरा को छुए नहीं है। हफ्ते में दो बार तकिए का कवर को बदलें या धोएं। क्योंकि तकिया का इस्तेमाल करने से बैक्टीरिया और धूल आपके चेहरे तक पहुंच सकते हैं।

**हेल्दी स्कैल्प होना जरुरी**

एक्ने निकलने का सबसे बड़ा कारण ड्राई स्कैल्प हो सकता है। डैंड्रफ या फंगल इंफेक्शन से माथे और चेहरे पर छोटे-छोटे दाने निकल आते हैं। यदि आपके सिर में खुजली और रुसी है तो एंटी डैंड्रफ शैंपू का यूज करें।

# साधारण साड़ी में जलवे बिखरने हैं, तो इन धांसू हैक्स को फॉलो करें

ज्यादातर महिलाएं कॉटन साड़ी को डेलीवियर के तौर पर पहन लेते हैं। लेकिन इसे आप अगर पार्टी के लिए वियर करना चाहती हैं, तो कुछ जरुरी टिप्स को जरुर फॉलो करें। सब आपके साड़ी स्टाइल देखकर दीवाने हो जाएंगे। इन आसान हैक्स को अजमाएं और अपनी सिंपल साड़ी को बनाएं एकदम रॉयल। भारतीय नारी सिर्फ साड़ी में ही सुंदर दिखती हैं। जब केजुअल्स की बात आती है तो कंफर्टेबल और स्टनिंग भी लगना है, तो हम सभी के मन में कॉटन साड़ी पहनने का ख्याल आता है। कॉटन की सिंपल साड़ी हमेशा से खूबसूरत लगती है। लेकिन कुछ महिलाएं कॉटन साड़ी को सिर्फ डेलीवियर के तौर पर पहनती है। अब अपनी सिंपल साड़ी को बना सकते हैं शानदार। किसी भी पार्टी या फंक्शन में इन साड़ियों को आप जरुर पहन सकते हैं। कई बार होता है कि लड़कियां पार्टी या फंक्शन के लिए कॉटन की साड़ी नहीं पहनती क्योंकि वो कम ग्लैमरस लगती है। अगर आप सिंपल कॉटन साड़ी को



स्मार्ट तरीके से पहनेंगे तो आप भी पार्टी रेडी बन सकती हैं। आइए आपको कुछ अमेजिंग हैक्स बताने जा रहे हैं। सिंपल सी साड़ी को आप पार्टी रेडी बना सकते हैं। आप अपने ब्लाउज के डिजाइन के साथ कुछ एक्सपेरिमेंटल जरुर करें। ब्लाउज के फैबिक से लेकर नेकलाइन व स्टाइल का खास बनाया जा सकता है। कॉटन साड़ी के साथ आप रेशम, ब्रोकेड, सीक्वेंस या एंब्रायडिड ब्लाउज को पहन सकते हैं। ब्लाउज के नेकलाइन में आप डीप बैक से लेकर बोट नेक, केप स्लीव्स डिजाइन को स्टाइल करें।

सिंपल सी कॉटन साड़ी के साथ आप स्टेटमेंट ज्वैलरी जरुर पहनें। स्टेटमेंट ज्वैलरी आपके स्टाइलिंग को जबरदस्त बना देगी। कॉटन की साड़ी के साथ सबसे ज्यादा ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी बेहद प्यारी लगती है। जरा हटके लुक चाहते हैं, तो आप कुंदन और पोल्की ज्वैलरी को पहन सकते हैं। अगर साड़ी लुक को धांसू बनाना है तो आप ड्रेपिंग पर भी ध्यान दें। सिंपल कॉटन साड़ी को ड्रेप बेहतर ढंग से कर सकते हैं। यूनिक स्टाइल से ड्रेप करना आपके स्टाइल को चेंज कर सकता है। आप कॉटन साड़ी के साथ बेल्ट स्टाइल कर सकते हैं। इसके अलावा, आप पल्लू को करीने से प्लीट करके पिन करती हैं तो इससे आपको एक सलीकेदार लुक मिलता है।

# वोडाफोन-आइडिया की याचिका पर 26 सितंबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वोडाफोन-आइडिया की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 26 सितंबर को सुनवाई करेगा। वोडाफोन-आइडिया ने साल 2016-17 तक के अतिरिक्त एजीआर को रद्द करने की मांग और इस संबंध में याचिका दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने दूरसंचार कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर करने के बाद याचिका पर विचार के लिए अगले शुक्रवार की तारीख तय की। कंपनी ने 8 सितंबर को एक नई याचिका दायर कर दूरसंचार विभाग को 3 फरवरी, 2020 के कटौती सत्यापन दिशानिर्देशों के अनुसार वित्त वर्ष 2016-17 तक की अवधि के सभी ्त्रक्र बकाया का व्यापक पुनर्मूल्यांकन और समाधान करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। इस साल की शुरुआत में, भारती एयरटेल और वोडाफ़ोन आइडिया सहित दूरसंचार कंपनियों को झटका देते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने अपने 2021 के आदेश की समीक्षा करने से इनकार कर दिया था, जिसमें उनके द्वारा देय ्त्रक्र बकाया की गणना में कथित गलतियों को सुधारने की उनकी याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता और कवि पी. वरवर राव की उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने जमानत की शर्तों में संशोधन की मांग की थी। राव 2018 के भीमा-कोरेगांव हिंसा मामले में आरोपी हैं। राव ने उस शर्त को हटाने की गुहार लगाई थी, जिसके तहत उन्हें ग्रेटर मुंबई क्षेत्र से बाहर जाने के लिए ट्रायल कोर्ट से पूर्व अनुमति लेनी पड़ती है।

न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय विश्नोई की पीठ ने इस याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए मामला खारिज कर दिया। अदालत ने टिप्पणी की, सरकार उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखेगी या फिर वही अदालत जाए।

# बानू मुश्ताक ही करेंगी मैसूरु दशहरा उत्सव का उद्घाटन, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**खारिज**

**शुक्रवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने संक्षिप्त सुनवाई के बाद मामले को खारिज कर दिया।**



**3नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी, जिसमें मैसूर के दशहरा उत्सव के उद्घाटन समारोह में बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के राज्य सरकार के फैसले को मंजूरी दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस साल मैसूरु दशहरा उत्सव के उद्घाटन के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को कर्नाटक द्वारा आमंत्रित किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी और पूछा कि राज्य क, ख और ग में अंतर कैसे कर सकता है। इस मामले में याचिकाकर्ताओं का कहना था कि गैर-हिंदू को परंपरागत पूजा-अर्चना का अधिकार देना अनुचित है। बता दें कि कर्नाटक हाईकोर्ट ने पहले ही इस मामले को खारिज कर दिया था। सप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में याचिकाकर्ताओं ने कहा था कि दशहरा 22 सितंबर से शुरू हो रहा है, इसलिए मामले की तुरंत सुनवाई जरूरी है। उनका तर्क है कि एक गैर-हिंदू द्वारा अग्रेश्वरी पूजा करना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। जिसके बाद मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की थी। शुक्रवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने संक्षिप्त सुनवाई के बाद मामले को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता एचएस गौरव के वकील ने कार्यक्रम के उद्घाटन पर कोई विवाद नहीं जताया और उसे एक धर्मनिरपेक्ष गतिविधि बताया, लेकिन उन्होंने पीठ का ध्यान मंदिर परिसर के अंदर हो रही गतिविधि की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष गतिविधि नहीं है। यह एक आध्यात्मिक या धार्मिक कृत्य का रूप ले लेती है। हालांकि पीठ ने इसे राज्य का कार्यक्रम बताया और उनसे पूछा, यह कोई निजी कार्यक्रम नहीं है। राज्य इसका आयोजन कर रहा है। राज्य क, ख और ग में कैसे अंतर कर सकता है?

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस आदेश का हवाला दिया जिसमें उल्लेख था कि हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वालों में से एक ने 2017 में आयोजित उत्सव के उद्घाटन समारोह में डॉ. निस्सार अहमद के साथ मंच साझा किया था। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा, क्या यह सही है या नहीं? वकील ने कहा कि कार्यक्रम के दो पहलू हैं...एक उद्घाटन और दूसरा पूजा।

# मीरवाइज की अवामी एक्शन कमेटी सहित दो संगठनों पर जारी रहेगा प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के दो अधिकरणों ने मीरवाइज उमर फारूक और मसरूर अब्बास अंसारी के संगठनों पर लगे प्रतिबंध को बरकरार रखा है। अदालत ने पेश किए गए सबूतों के आधार पर दोनों संगठनों को यूएपीए के तहत गैरकानूनी घोषित करने के केंद्र सरकार के फैसले को उचित माना। गृह मंत्रालय के मुताबिक, ये संगठन देशविरोधी गतिविधियों और आतंकी फंडिंग में शामिल रहे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के दो अलग-अलग अधिकरणों (ट्रिब्यूनल) ने केंद्र सरकार की ओर जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों पर लगाए गए प्रतिबंध को बरकरार रखा है। इन दोनों अधिकरणों की अध्यक्षता एक ही जज जस्टिस सचिन दत्ता ने की। उन्होंने कहा कि उनके सामने पेश किए गए दस्तावेजों और सबूतों से स्पष्ट है कि इन दोनों संगठनों को यूएपीए, 1968 के तहत गैरकानूनी घोषित करने का पूरा आधार मौजूद है। दोनों अधिकरणों ने समान आदेश में कहा, इस अधिकरण ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और उसके नियमों के तहत तय प्रक्रिया का पालन करते हुए सामने रखे गए दस्तावेजों और सूबतों का स्वतंत्र व निष्पक्ष मूल्यांकन किया है और यह स्पष्ट रूप से माना है कि इन संगठनों को यूएपीए की धारा 3 (1) के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित करने का पर्याप्त कारण है। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने 11 मार्च को कश्मीर के अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक के संगठन अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) और शिया नेता मसरूर अब्बास अंसारी के संगठन जम्मू-कश्मीर इत्तेहादुल मुस्लिमीन (जेकेआईएम) को प्रतिबंधित कियाथा। उस समय मंत्रालय ने कहाथा कि एएसी और जेकेआईएम ऐसी गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल हैं, जो देश की अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं। गृह मंत्रालय ने यह भी कहा था कि इन दोनों संगठनों के नेता और सदस्य गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धन जुटाने, अलगाववादी और आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने जैसे कामों में शामिल रहे हैं, खासकर जम्मू-कश्मीर में।

# एआईएफएफ के संविधान मसौदे को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** एशियन फुटबॉल फेडरेशन और फीफा ने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन को पत्र लिखकर 30 अक्तूबर तक अपना संविधान तैयार करने का आदेश दिया था, वरना एआईएफएफ को निलंबित करने की धमकी दी गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ संशोधनों के साथ एआईएफएफ (ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन) के संविधान के मसौदे को मंजूरी दे दी है। साथ ही फुटबॉल संस्था को इसे चार हफ्तों के भीतर आम सभा में अपनाने का निर्देश भी दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कल्याण चौबे की अध्यक्षता वाले एआईएफएफ के मौजूदा पदाधिकारियों के चुनाव को भी मान्यता दी है। सुप्रीम कोर्ट ने नए चुनाव की संभावना को खारिज कर दिया है क्योंकि मौजूदा पदाधिकारियों का कार्यकाल का सिर्फ एक साल बाकी है।

# भारत अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों के मामले में भाग्यशाली नहीं रहा: रक्षा मंत्री राजनाथ



**नई दिल्ली।** 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के जांबाजों के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों के मामले में भाग्यशाली नहीं रहा है... लेकिन हमने इसे नियति नहीं माना है। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान देश की अर्थव्यवस्था में जवानों और किसानों की भूमिका की भी चर्चा की। रक्षा मंत्री आगे क्या कहा, आइए विस्तार से जानें। देश की सुरक्षा केवल सीमा पर लड़े गए युद्ध से तय नहीं होती, बल्कि यह पूरे देश के लोगों के संकल्प और एकजुटता से तय होती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1965 के युद्ध के दिग्गजों से बातचीत में यह बात कही। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के जांबाजों के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ÷भारत अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों के मामले में भाग्यशाली नहीं रहा है... लेकिन हमने इसे नियति नहीं माना है। हमने अपनी नियति स्वयं तय की है... इसका एक उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर है।÷ अपने संबोधन के दौरान रक्षा मंत्री ने देश के विकास में जवानों और किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी बात की।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हम पहलगाम की भयावह घटनाओं को नहीं भूले हैं और जब भी हम उन्हें याद करते हैं, हमारा दिल भारी हो जाता है और मन क्रोध से भर जाता है। वहां जो हुआ उसने हम सभी को झकझोर दिया। लेकिन वह घटना हमारे मनोबल को नहीं तोड़ पाई।

राजनाथ सिंह ने कहा, ÷हमारे प्रधानमंत्री ने आतंकवादियों को ऐसा सबक सिखाने का संकल्प लिया जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। हमने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और अपने दुश्मनों को दिखाया कि हमारा प्रतिरोध कितना मजबूत और शक्तिशाली है। हमारी पूरी टीम की ओर से दिखाए गए समन्वय और करिश्मे ने साबित कर दिया कि जीत अब कोई अपवाद नहीं है। जीत एक आदत बन गई है और हमें इस आदत को हमेशा बनाए रखना चाहिए। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कहते हैं, कोई भी युद्ध केवल युद्ध के मैदान में नहीं लड़ा जाता, बल्कि युद्ध में प्राप्त विजय पूरे राष्ट्र के सामूहिक संकल्प का परिणाम होती है। 1965 के उस कठिन समय में, जब चारों ओर अनिश्चितता और चुनौतियाँ थीं, देश ने लाल बहादुर शास्त्री के दृढ़ नेतृत्व में उन चुनौतियों का सामना किया। शास्त्री जी ने उस दौर में न केवल निर्णायक राजनीतिक नेतृत्व प्रदान किया, बल्कि पूरे देश का मनोबल भी ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने एक नारा दिया जो आज भी हमारे दिलों में गूंजता है, जय जवान, जय किसान। इस एक नारे में हमारे वीर जवानों के सम्मान के साथ-साथ हमारे अन्नदाताओं का गौरव भी समाहित था. उन्होंने कहा, ''हमारे प्रधानमंत्री ने यह संकल्प लिया है कि इस बार आतंकवादियों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।'' पहलगाम आतंकवादी हमले, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, के जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इसके तहत पाकिस्तान की ओर से नियंत्रित क्षेत्रों में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया।

इन हमलों के कारण चार दिनों तक भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुईं। सिंह ने यह भी कहा कि एक राष्ट्र के रूप में भारत स्वतंत्रता के बाद से अपने पड़ोसियों के मामले में बहुत भाग्यशाली नहीं रहा है।

# रैली से संपत्ति को नुकसान हुआ तो करनी होगी भरपाई

## अदालत ने सरकार को नियम बनाने के दिए निर्देश

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने कहा कि राजनीतिक दलों को रैली या सभा करने से पहले सुरक्षा राशि जमा करनी चाहिए, जिससे सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान होने पर उसकी भरपाई की जा सके। कोर्ट ने राज्य सरकार को 24 सितंबर तक इस पर स्पष्ट दिशानिर्देश पेश करने को कहा है। यह फैसला अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया गया। मद्रास हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह राजनीतिक दलों की जमा सुरक्षा राशि वसूलने के लिए दिशानिर्देश बनाए, जब भी वे सार्वजनिक सभाएं या इस तरह के आयोजन करना चाहते हैं। इस राशि का उपयोग पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सार्वजनिक व निजी संपत्तियों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए किया जाएगा। जस्टिस एन. सतीश कुमार ने अतिरिक्त लोक अभियोजक ई. राज तिलक ने कहा कि वह 24 सितंबर तक ऐसे दिशानिर्देशों की रिपोर्ट पेश करें, जो उन सभी राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों/संघों पर लागू हों, जो सार्वजनिक बैठकें, रैली आदि आयोजित करना चाहते हैं। कोर्ट ने यह निर्देश उन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जारी किया, जिनमें राजनीतिक दलों के बड़े जमावड़ों के दौरान सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। साथ ही इस तथ्य को भी ध्यान में रखा गया कि प्रभावित लोगों को अक्सर हुए नुकसान की भरपाई नहीं मिल पाती। हालांकि, जज ने कहा कि तमिलनाडु संपत्ति (क्षति और हानि निवारण) अधिनियम, 1992 मुख्य रूप से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान से बचाने के लिए था, लेकिन इसे 1994 में संशोधित कर निजी संपत्तियों को भी इसके दायरे में लाया गया।

# ट्रंप से हार बर्दाश्त नहीं कर पाईं थीं कमला हैरिस अपनी किताब में किए कई चौंकाने वाले खुलासे

**क्षमता**

**कमला हैरिस ने बताया कि उन्हें जो बाइडन की क्षमता पर कोई शक नहीं था, लेकिन 81 साल की उम्र में बाइडन थक गए थे।**



**वॉशिंगटन।** कमला हैरिस ने बाइडन के साथ अपनी साझेदारी के बारे में अच्छी बातें लिखीं, लेकिन ऐसे भी पल आए, जब दोनों के बीच चीजें सही नहीं हुईं। जब बाइडन को राष्ट्रपति पद की रेस से हटाने की बात चल रही थी तो कमला हैरिस ने बताया कि उस वक्त जो बाइडन की पत्नी ने उनसे पूछा था कि क्या वे हमारे साथ हैं? इन दिनों कमला हैरिस की लिखी किताब की खूब चर्चा है, जिसमें राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार के दौरान और कमला हैरिस के निजी जीवन को लेकर कई अहम खुलासे किए गए हैं। कमला हैरिस ने अपनी किताब 107 डेज में बताया है कि जब राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें ट्रंप के सामने अपनी हार के बारे में पता चला तो उन्हें इस पर यकीन नहीं हुआ और लगा कि जैसे सब कुछ खत्म हो गया। कमला हैरिस ने किताब में लिखा है, मैं मुश्किल से सांस ले पा रही थी। हैरिस ने लिखा मैं मन ही मन पूछती रही, हे भगवान, हे भगवान, हमारे देश का क्या होगा जो बाइडन के राष्ट्रपति चुनाव की रेस से हटने के बाद कमला हैरिस ने कमान संभाली और इसी मुद्दे पर यह किताब लिखी गई है। कमला हैरिस ने बताया कि उन्हें जो बाइडन की क्षमता पर कोई शक नहीं था, लेकिन 81 साल की उम्र में बाइडन थक गए थे। बाइडन के बोलने में लड़खड़ाहट से यह पता चलता था। जब ट्रंप और बाइडन के बीच बहस हुई और उस बहस में बाइडन जिस तरह से थके हुए लग रहे थे, मैं तभी समझ गई थी कि बाइडन ठीक नहीं थे।कमला हैरिस ने बाइडन के साथ अपनी साझेदारी के बारे में अच्छी बातें लिखीं, लेकिन ऐसे भी पल आए, जब दोनों के बीच चीजें सही नहीं हुईं। जब बाइडन को राष्ट्रपति पद की रेस से हटाने की बात चल रही थी तो कमला हैरिस ने बताया कि उस वक्त जो बाइडन की पत्नी ने उनसे पूछा था कि क्या वे हमारे साथ हैं? कमला हैरिस ने कहा कि वे शायद पूछना चाहती थीं कि क्या हम वफादार हैं कमला हैरिस ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जब वे द व्यू टॉक शो में शामिल हुईं थी तो वह उनकी गलती थी। कमला हैरिस ने कहा कि इंटरव्यू के दौरान मेजबान ने उनसे सवाल किया कि पिछले चार वर्षों में उन्होंने बाइडन से अलग क्या करतीं तो हैरिस निशब्द हो गईं और उन्हें कोई जवाब नहीं सूझा। हैरिस ने लिखा कि वह पल था, जिससे हमें लगा कि हमने ट्रंप के चुनाव अभियान टीम को हमें घेरने का मौका दे दिया है। हैरिस ने लिखा कि उस इंटरव्यू में मुझे बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि मैंने हथगोले का पिन खींच लिया था। कमला हैरिस ने ये भी दावा किया कि जो बाइडन

# कनाडा और मैक्सिको ने की अमेरिका की घेराबंदी, टैरिफ धमकियों के बीच संबंधों को मजबूत करने का किया एलान

**मैक्सिको सिटी।** कनाडा और मैक्सिको ने अमेरिकी राष्ट्रपति की व्यापारिक धमकियों के बीच आपसी व्यापार को मजबूत करने और मुक्त व्यापार समझौते (यूएसएमसीए) को बनाए रखने का संकल्प लिया। दोनों देशों ने समुद्री रास्तों से व्यापार बढ़ाने और अमेरिका पर निर्भरता घटाने की बात कही।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ से जुड़ी धमकियों के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने गुरुवार को घोषणा की कि वे आपसी व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करेंगे। उन्होंने पश्चिमी गोलार्ध के सबसे अहम मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जीवित रखने की बात कही। इस एफटीए की अगले साल समीक्षा होनी है। पश्चिमी गोलार्ध में उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको और कुछ पश्चिमी अफ्रीकी हिस्से आते हैं।

**मुलाकात**

**कनाडा के प्रधानमंत्री बनने के बाद कार्नी का यह पहला मैक्सिको दौरा है। दोनों नेताओं की मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब क्षेत्र आर्थिक तनातनी से गुजर रहा है।**

कनाडा के प्रधानमंत्री बनने के बाद कार्नी का यह पहला मैक्सिको दौरा है। दोनों नेताओं की मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब क्षेत्र आर्थिक तनातनी से गुजर रहा है। मैक्सिको के राष्ट्रपति भवन में कार्नी




और शीनबाम ने हाथ मिलाया और फिर एकसाथ बैठक के लिए प्रवेश किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप वहां मौजूद नहीं थे। लेकिन उनकी व्यापार नीति और अनिश्चितता इस मुलाकात के दौरान चर्चा का केंद्र बनी। बैठक के बाद कार्नी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, उत्तरी अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह सबसे प्रतिस्पर्धी आर्थिक क्षेत्र माना जाता है और इसका एक बड़ा कारण कनाडा और मैक्सिको के बीच सहयोग है। हम अमेरिका के साथ मिलकर काम करते हैं, जिससे वह और भी मजबूत बनता है। हस सभी मिलकर और भी मजबूत बनते हैं। कार्नी और शीनबाम की बैठक का मुख्य विषय अमेरिका-मैक्सिको-कनाडा मुक्त व्यापार समझौता यानी यूएसएमसीए था, जिसकी 2026 में समीक्षा होनी है। यह एफटीए तीनों देशों के बीच दशकों से चला आ रहा है।

# ब्रिटिश खुफिया प्रमुख का यूक्रेन युद्ध को लेकर दावा- पुतिन शांति वार्ता के इच्छुक नहीं, बहका रहे हैं

**सर्विस**

**वे हमें सिर्फ बहका रहे हैं। सीक्रेट इंटेलिजेंस सर्विस के प्रमुख सर रिचर्ड मूर ने कहा कि पुतिन हमें अपने जाल में फंसा रहे हैं।**



**इस्तांबुल।** ब्रिटेन की विदेशी खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन को लेकर शांति वार्ता करना चाहते हैं। ब्रिटेन की गुप्तचर एजेंसी एमआई6 के प्रमुख सर रिचर्ड मूर ने शुक्रवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए बातचीत करना चाहते हैं, ऐसा कोई सबूत उन्हें नहीं मिला है। सर रिचर्ड मूर पिछले पांच वर्षों से एमआई6 के प्रमुख हैं और सितंबर के अंत में वह अपना पद छोड़ रहे हैं।

इस्तांबुल स्थित ब्रिटिश वाणिज्य दूतावास में सीक्रेट इंटेलिजेंस सर्विस के प्रमुख सर रिचर्ड मूर ने अपने विदाई भाषण के दौरान कहा, इस बात का बिल्कुल भी कोई प्रमाण नहीं है कि पुतिन शांति वार्ता करना चाहते हैं। वे हमें सिर्फ बहका रहे हैं। सीक्रेट इंटेलिजेंस सर्विस के प्रमुख सर रिचर्ड मूर ने कहा कि पुतिन हमें अपने जाल में फंसा रहे हैं। वह अपनी शाही इच्छा को हरसंभव तरीके से थोपना चाहते हैं। लेकिन वह इसमें कामयाब नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, स्पष्ट रूप से कहें तो पुतिन ने अपनी क्षमता से ज़्यादा का बोझ उठा लिया है। उन्हें लगा कि उन्हें आसान जीत मिल जाएगी। लेकिन उन्होंने और कई अन्य लोगों ने यूक्रेनियों को कम करके आंका। मूर ने कहा कि इस आक्रमण ने यूक्रेन की राष्ट्रीय पहचान को मजबूत हुई है और इसके पश्चिम की ओर बढ़ने की गति को तेज किया है साथ ही स्वीडन और फिनलैंड को नाटो में शामिल होने के लिए प्रेरित किया है। मूर ने पुतिन दुनिया को यह विश्वास दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि रूस की जीत तय है। लेकिन वह झूठ बोलते हैं। वह दुनिया से झूठ बोलते हैं। वह अपने लोगों से झूठ बोलते हैं। शायद वह खुद से भी झूठ बोलते हैं। मूर ने आगे कहा, रूस से कहीं बड़ी ताकतें भी यूक्रेन से कमजोर देशों को अधीन करने में विफल रही हैं।

# जैश के बाद अब लश्कर के आतंकी ने खोली पाकिस्तान की पोल, ऑपरेशन सिंदूर में हुई तबाही को कबूला

**दावा**

**पाकिस्तान की सरकार ने दावा किया था कि जिस इमारत को नष्ट किया गया, वह अब आतंकियों के लिए इस्तेमाल नहीं होती थी।**



**इस्लामाबाद।** लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर कासिम ने कबूल किया है कि पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना के अभियान ऑपरेशन सिंदूर के तहत मुरिदके में लश्कर का मरकज तबाह हुआ था। इस ठिकाने में आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया जाता था। उसने यह भी कहा कि वह लश्कर के इस मुख्यालय का दोबारा निर्माण कर रहा है। जैश के बाद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर कासिम ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है। लश्कर कमांडर कासिम ने माना कि सात मई सुबह किए गए हमले में मुरिदके स्थित लश्कर मरकज को तबाह कर दिया गया था। उसने यह भी कहा कि इस आतंकी शिविर का पुनर्निर्माण हो रहा है। हालांकि पाकिस्तान भारतीय सेना की कार्रवाई में हुए नुकसान को नकारता रहा है। कासिम ने कैमरे के सामने खड़े होकर इस सच को कबूल किया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लश्कर कमांडर कासिम कहता नजर आ रहा है कि मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जो भारतीय हमले में नष्ट हो गया था। इसके पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। यह मस्जिद पहले से भी बड़ी बनाई जाएगी। वायरल हो रहे वीडियो में कासिम एक निर्माणाधीन जगह के पास खड़ा दिखाई दे रहा है। जिसमें वह कह रहा है, मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जो हमले में नष्ट हो गया था। इसके पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। कासिम आगे यह भी कबूल करता है कि इस मस्जिद में कई मुजाहिदीन और तलबाने प्रशिक्षण हासिल किया और विजय हासिल की। मुरिदके, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शेखूपुरा जिले में स्थित एक शहर है। वीडियो में कासिम एक अधूरे निर्माण स्थल के सामने खड़ा दिख रहा है और कहता दिख रहा है, मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जिसे (भारत के) हमले में नष्ट कर दिया गया था। अब इसका फिर से निर्माण हो रहा है। अल्लाह की रहमत से यह मस्जिद पहले से बड़ी बनेगी। कासिम ने यह भी कबूला कि इस नष्ट की गई मरकज तैयबा मस्जिद में कई आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था, जिनमें मुजाहिद और तलबा (छात्र) शामिल थे और वे यहां से फतह (जीत) के लिए निकले। पाकिस्तान की सरकार ने दावा किया था कि जिस इमारत को नष्ट किया गया, वह अब आतंकियों के लिए इस्तेमाल नहीं होती थी। एक और वीडियो में लश्कर के इस आतंकी ने पाकिस्तान के युवाओं से अपील की कि वे मुरिदके में मरकज तैयबा में होने वाले %दौरा-ए-सुफ्फा% नाम के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हों। दौरा-ए-सुफ्फा एक आतंकी प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसमें धार्मिक सोच के साथ-साथ बुनियादी आतंकवादी प्रशिक्षण दिया जाता है। इसे जिहादी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी कहा जाता है। लश्कर का यह मुरिदके वाला शिविर उन नौ आतंकी ठिकानों में शामिल था, जिन्हें भारतीय सेना ने सात मई की रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में की गई एक बड़ी कार्रवाई में तबाह कर दिया था।

# उपमुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कारागार का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक के जनपद आगमन पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चन्द्र यादव, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंशू, विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र, शाहगंज रमेश सिंह, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया सहित अन्य द्वारा पुलिस लाइन हेलीपैड पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात् उप मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस लाइन स्थित ट्रांजिट हॉस्टल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री के द्वारा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। उन्होंने उपयोग की गयी विद्युत सामग्री और लिफ्ट आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने टाइल्स की फिनिशिंग का कार्य ठीक कराने के निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए। उप मुख्यमंत्री के द्वारा मतापुर मलिन बस्ती का भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से वार्ता की गयी और बच्चों में चॉकलेट भी वितरित किया गया। उन्होने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि सबसे अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्ति को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करते हुए उनके जीवन स्तर को सुधारने का कार्य किया जाए, जिसके लिए शासन प्रयासरत है। उप मुख्यमंत्री द्वारा जिला अस्पताल में जाकर इमरजेंसी वार्ड, महिला वार्ड, दवा वितरण कक्ष सहित अन्य वार्डो का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अस्पताल में इलाज कराने आए लोगों से संवाद करते हुए अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और सीएमएस को निर्देशित किया कि मरीजों से अच्छा व्यवहार करते हुए उनका समुचित इलाज किया जाए। दवा वितरण कक्ष में जाकर दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गयी और निर्देशित किया गया कि सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि रोस्टर के अनुसार नियमित बेडशीट बदली जाए। इसके साथ ही अभिलेख का रखरखाव ठीक से किया जाए। निर्माणाधीन कारागार के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागार के मॉडल का अवलोकन करते हुए कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर से श्रमिकों की संख्या, प्रयोग की जा रही सामग्री, कार्य की प्रगति आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण करें। इस दौरान उपमुख्यमंत्री द्वारा चंदन का पौधा लगाया गया तथा तथा श्रमिकों से संवाद करते हुए उनमें फल वितरित किया गया। उप मुख्यमंत्री द्वारा रसीला देवी, स्व0 अशोक और उर्मिला देवी को कन्या सहायता योजना के तहत रु0 55000 की धनराशि का चेक और राजदेई को निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना के तहत रु0 225000 को चेक और अन्य श्रमिकों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरण किया गया। उन्होंने निर्देश दिए श्रमिकों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि श्रमिकों के लिए 01 सप्ताह में शौचालय का निर्माण कराते हुए अवगत कराये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, सहायक श्रमायुक्त देवव्रत यादव, चिकित्सा अधीक्षक, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा को लेकर थाना बक्शा में शांति समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर,(बक्शा)** दुर्गा पूजा पर्व के लिए थाना बक्शा परिसर में शांति समिति की बैठक हुई।थानाध्यक्ष विक्रम लक्षण ने पूजा समितियों को निर्देश दिए कि पंडालों में उचित व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाए।दुर्गा पूजा पर्व को लेकर थाना बक्शा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष विक्रम लक्षण ने की। उन्होंने पूजा समितियों के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों को आवश्यक निर्देश दिए। थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में उचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे बजाने का समय सुबह 7 से 10 बजे रात्रि रहेगा। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे तथा पंडाल के अंदर होने वाले कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी आयोजक समिति की होगी। पूजा कमिटी अपने सभी सदस्यों को पहचान पत्र निर्गत करेगी और 24 घंटे पूजा स्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करेगी।थानाध्यक्ष ने निर्देश दिया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। पुरुष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग कतार की व्यवस्था रहे। पंडाल के पास बाल्टी में बालू तथा फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर पैनी निगरानी रखी जाएगी और शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अभिनय सिंह, उ0नि0 रविन्द्र नाथ हे0का0 अमित सिंह, सूर्य प्रकाश यादव, मुंशी अखिलेश यादव, मुखिया संतोष कुमार उमर वैश्व , अंकीत जायसवाल, देव सोनी , मलू मोदनवाल, नीरज जायसवाल, अरविन्द सिंह, अंशू मोदनवाल, आशीष जायसवाल व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील साह, शशि प्रकाश, उमेश कुमार सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं पूजा समितियों के सदस्य उपस्थित थे।

# रेलवे अंडरपास व ओवरब्रिज की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार कर रहे हैं नौनिहाल**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** बादशाहपुर रेलवे स्टेशन के समीप पकड़ी गांव पूर्वी केबिन के पास वाराणसी, प्रतापगढ़, लखनऊ रेल लाइन पर अंडरपास या ओवरब्रिज की मांग को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस रेल लाइन पर कहीं भी क्रॉसिंग, अंडरपास या ओवर ब्रिज नहीं होने से आठ से दस हजार से अधिक की आबादी प्रभावित हो रही है। लोगों को आवागमन में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों में प्रधान बिंदु कुमार, पूर्व प्रधान जीत लाल विश्वकर्मा, संजय कुमार, बाबूलाल पाल, सनी गौड़, दिनेश तिवारी, गंगा प्रसाद पटेल, रमेश चंद, सुनील कुमार, प्यारे लाल यादव, कलेक्टर सिंह, मुनव्वर अली, रमेश चंद, सुनील, पवन कुमार, पतिराम, अजय कुमार, शिवकुमार व मोहनलाल आदि ने बताया कि रेलवे ट्रैक के सटा हुआ मंडी समिति होने के कारण पकड़ी, कमालपुर, रामपुर, शिवपुर, नारायनडीह, सुजनीडीह, कोदहू, सोहांसा, सुभाष नगर व तरहठी गांवों के हजारों किसानों का आवागमन सदैव बना रहता है।लोगों को रेलवे लाइन पार करने के लिए तरहठी रोड से प्रयागराज मार्ग से होते हुए लगभग 4 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। जबकि अंडरपास अथवा ओवरब्रिज बनने से यह दूरी 500 मीटर में सीमट कर रह जाएगी। स्कूली बच्चे, मोटरसाइकिल व साइकिल रेलवे ट्रैक पार करते समय अक्सर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। बीते दो-तीन वर्षों में कई कई बार उच्च अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को पत्र देकर गुहार लगाई गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे विभाग द्वारा गांव के सामने से अंडरपास बना दिया जाए तो ग्रामीणों को आवाजाही में काफी राहत मिलेगी।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हमारी मांग पूरी नहीं होगी तो हम आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिम्मेदार अधिकारियों की होगी। स्कूली बच्चे अपनी जान जोखिम में डाल रेलवे ट्रैक पार कर स्कूल जाने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि रेलवे विभाग उनकी मांगों पर ध्यान दे और जल्द से जल्द अंडरपास या ओवरब्रिज का निर्माण करवाए।

## पूर्वांचल के लोक कलाकार अरविंद चित्रांश का हुआ बिहार में सम्मान

**आजमगढ़।** भारतीय लोक परंपरा के इतिहास में जिउतिया महोत्सव-2025 दाउदनगर, औरंगाबाद बिहार में नगर पालिका एवं जिला प्रशासन के सौजन्य से सदियों से चली आ रही तीन दिवसीय पारंपरिक जिउतिया महोत्सव दाउदनगर (औरंगाबाद) बिहार में अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी संगम भारत के संयोजक एवं भारतीय लोक संस्कृति एवं लोक कला संरक्षक अरविंद चित्रांश का विधिवत सम्मान किया गया, प्रमुख वक्ता के रूप में जीवनोदय शिक्षा समिति गाजीपुर के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध साहित्यकार प्रोफेसर रामनारायण तिवारी स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र से सम्मानित होते हुए कहा कि दाउदनगर, औरंगाबाद बिहार का जिउतिया लोकोत्सव वास्तव में सांस्कृतिक विरासत है,जो सदियों से चली आ रही है जिसे पीढ़ियों ने आरंभ किया और लगातार संवर्धन के साथ इसे समृद्ध करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है, साथ में प्रसिद्ध कहानीकार कृष्ण कुमार और संगीतकार पवन बाबू एवं लोक कलाकार अरविंद चित्रांश सम्मानित होते हुए कहे की यह सांस्कृतिक विरासत लोक संस्कृति के पुरोधाओं को आकर एक बार निश्चित रूप से देखना चाहिए।

# शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**अभिज्ञ राय को मिला प्रथम पुरस्कार**

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजन के क्रम में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा के कैंपस में सुबह 10ः00 से आयोजित की गई. जिसका उदघाटन दिनेश सिंह,तेज प्रताप यादव और विद्यालय के प्रबंधक रमाकांत वर्मा ने संयुक्त रूप से किया.जिसमें तीन टीमों ने प्रतिभाग किया. अंडर 14 वर्ष के आयु में बालक वर्ग से किसान मजदूर इंटर कॉलेज ओरा से अरमान प्रथम, कंपोजिट विद्यालय हरैया से मोहम्मद मसूद द्वितीय, प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा आजमगढ़ से आदर्श तिवारी तृतीया स्थान पर रहे. इसी आयु वर्ग में बालिका वर्ग से प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा आजमगढ़ से अभिज्ञ राय प्रथम, इसी विद्यालय से अफीफा ने द्वितीय और तृतीय स्थान इसी विद्यालय से अदिति सिंह ने प्राप्त किया. इसी क्रम में अंडर 17 वर्ष की कम आयु में बालक वर्ग से किसान मजदूर इंटर कॉलेज ओरा आजमगढ़ से विश्वजीत प्रजापति प्रथम, इसी विद्यालय से अहरार अहमद द्वितीय स्थान पर एवं प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा आजमगढ़ से आदित्य वर्मा तृतीय स्थान पर रहे. इसी आयु वर्ग में बालिका वर्ग से प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा आजमगढ़ की दिशा गुप्ता प्रथम स्थान पर रही.अंडर 19 आयु वर्ग में प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा आजमगढ़ से आयुष मौर्य प्रथम, आदित्य गुप्ता द्वितीय एवं सौरव यादव तृतीय स्थान पर रहे. जज के रूप में तेज प्रताप यादव और दिनेश सिंह ने संयुक्त रूप से अपना निर्णय दिया.इस प्रतियोगिता के समाप्ति पर विद्यालय के प्रबंधक श्री रमाकांत वर्मा ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए उनको हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि द खेल का भी जीवन में बहुत महत्व है।

# संक्षिप्त समाचार

## राज्यपाल ने रेनू गौड़ का कार्यकाल बढ़ाने की दी स्वीकृति

**मैनपुरी (अवधनपामा संवाददाता)।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग अधिनियम-2004 यथा संशोधित की धारा-03 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये श्री राज्यपाल अधिसूचना के द्वारा उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड का कार्यकाल एतद्द्वारा उनके कार्यकाल समाप्ति की तिथि से आगामी 01 वर्ष की अवधि के लिए अथवा राज्य सरकार के प्रसाद पर्यन्त तक बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।

## पर्यटन मंत्री 20 व 22 सितम्बर को मैनपुरी दौरे पर

**मैनपुरी (अवधनपामा संवाददाता)।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 20, 22 सितम्बर को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, दि. 20 सितम्बर को मंत्री जी प्रातः 09.15 बजे से पुलिस लाइन के सामने ट्राजिस्ट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनेंगे, दि. 22 सितम्बर को प्रातः 09.45 बजे मैन रोड घिरोर पर महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात प्रातः 10 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सभी तहसीलों में होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

**मैनपुरी (अवधनपामा संवाददाता)।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस दि. 20 सितम्बर को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह तहसील घिरोर में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील घिरोर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील सदर में एवं अपर जिलाधिकारी तहसील कुरावली में जन-समस्याएं सुनेंगी।

## अक्टूबर से संचारी रोग व दस्तक अभियान

**मैनपुरी (अवधनपामा संवाददाता)।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.सी. गुप्ता ने बताया कि आगामी माह अक्टूबर से (संचारी रोग नियंत्रण अभियान दि. 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तथा दस्तक अभियान दि. 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर) को आयोजित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु विभिन्न विभागों के कार्य एवं दायित्व निर्धारण कर उनके सहयोग से गतिविधियों का संचालन किया जायेगा, अभियान के सफल संचालन के लिए प्रथम जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में दि. 20 सितम्बर को अपरान्ह 04 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में होगी। उन्होने सम्बन्धित से बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

## मत्स्य विभाग ने वेंडर्स से ऑनलाइन आवेदन मांगे

**मैनपुरी (अवधनपामा संवाददाता)।**सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित निषादराज वोट सब्सिडी योजनान्तर्गत बुडेन फिशिंग बोट अथवा फाईबर रिइनफोर्स्ड लास्टिक बोट (एफ.आर.पी. बोट) जाल, लाइफ जैकेट एवं आइस बॉक्स की आपूर्ति हेतु अच्छी छवि की एजेंसी, वेंडर्स के इनपैनलमेंट हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये हैं, इस हेतु इच्छुक एजेंसी, वेडर्स विभागीय बेवसाइट पर दि. 29 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख आदि का विस्तृत विवरण विभागीय बेवसाइट पर देखा जा सकता है, इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन स्थित सहायक निदेशक मत्स्य के कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## छेड़खानी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जौनपुर।** महिला सुरक्षा को लेकर सरपतहाँ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छेड़खानी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना सरपतहाँ पुलिस को क्षेत्र से छेड़खानी की शिकायत मिली थी। इस पर प्र0नि0 सरपतहाँ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की घेराबंदी की और उन्हें धर-दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अब्दुल अहद पुत्र क्युम तथा अबुतलहा पुत्र गुलसेर, दोनों निवासी उसरौली थाना सरपतहाँ, जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। दोनों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया, जहाँ इनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस त्वरित गिरफ्तारी से क्षेत्र में पुलिस की सख्ती का संदेश गया है।

# धर्म परिवर्तन का आरोप लगने पर बजरंग दल ने किया हंगामा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** फूलपुर क्षेत्र में पिछले दिनों ही एक दलित लड़की के धर्मांतरण का मामला सामने आया था अब एक बार फिर धर्म के नाम पर लोगों को बहकाने का आरोप लगा है। मामला फूलपुर के बौड़ाई के कटौता गांव का है । बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि गाँव में अवैध रूप से चर्च बनाकर ग़रीब दलित लोगों को लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग़रीब लोगों को पैसों का लालच देकर कार्यक्रम में बुलाया जाता है और उनका धर्मपरिवर्तन किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि चर्च चंगाई सभा एग्रीकल्चर स्कूल से कनेक्ट है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ग़रीब लोगों को बाकायदा सेमिनार करके उन्हें चर्च में बुलाया जाता है और उन्हें हिंदू धर्म के खिलाफ भड़काया जाता है। और फिर बड़े पैमाने पर उनका धर्म परिवर्तन कराया जाता है। हिंदू परिषद के कुछ कार्यकर्ताओं ने उनके कार्यक्रम में चोरी चुपके प्रवेश किया तो वहाँ की वीडियो सामने आई। इस मामले में कार्यकर्ताओं ने वहाँ पहुंचकर हंगामा किया जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को पूछताछ के लिए थाने ले कर आई । कार्यकर्ताओं का आरोप है कि ये लंबे समय से चल रहा है। इसके बाद कार्यकर्ता फूलपुर थाना पहुंचे और थाने में ही धरना देने लगे और जम कर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का कहना है की जब तक इस मामले में आरोपित लोगों की गिरफ्तारी नहीं होती उनका प्रदर्शन चलता रहेगा।

# जेल से बाहर आएगा मुख्तार का छोटा बेटा उमर

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी का छोटा बेटा उमर अंसारी 27 दिन बाद जेल से बाहर आएगा। शुक्रवार को मां के फर्जी साइन मामले में उसे इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। उमर अंसारी इस समय कासगंज जेल में बंद है। उसे 3 अगस्त को पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे गाजीपुर जेल में रखा गया था। 23 अगस्त को पुलिस ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर अचानक उसकी जेल बदल दी। उमर को गाजीपुर से 673 किमी दूर कासगंज भेजा गया था। करीब 11 घंटे बाद वहां पहुंचा। मामला मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में दर्ज मुकदमे से जुड़ा है। इसमें पुलिस ने 10 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी कुर्क की थी, जिसे छुड़ाने के लिए कोर्ट में अपील दाखिल की गई। इस मामले में अफसां अंसारी की तरफ से प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था। कोर्ट ने इस पर शासकीय अधिवक्ता से रिपोर्ट मांगी। शासकीय अधिवक्ता ने 11 जुलाई 2025 को संबंधित दस्तावेजों की जांच की। इसमें पता चला कि याचिका के साथ लगे दस्तावेजों पर अफसां अंसारी के हस्ताक्षर संदिग्ध हैं। मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन की पार्टनरशिप डीड पर मौजूद अफसा के हस्ताक्षर याचिका वाले दस्तावेजों से पूरी तरह अलग पाए गए। शासकीय अधिवक्ता ने रिपोर्ट में बताया कि अफसा वर्तमान में एक लाख की इनामी है। गाजीपुर और मऊ पुलिस ने उस पर 50-50 हजार का इनाम घोषित कर रखा है। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी है। ऐसे में उसके द्वारा सीधे अदालत में याचिका दाखिल करना संदेह से परे नहीं था। मामले की जांच के बाद थाना मुहम्मदाबाद में उमर अंसारी और वकील लियाकत अली के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस ने 3 अगस्त को लखनऊ से उमर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उमर और उसके वकील की जमानत के लिए परिवार ने अलग-अलग याचिका दायर की। 21 अगस्त को कोर्ट ने उमर अंसारी की और 22 अगस्त को वकील लियाकत अली की याचिका खारिज कर दी थी। लियाकत अली अभी गिरफ्तार नहीं हुआ है।

# जनता को गुमराह कर रहे हैं राहुल गांधी : अर्जुन राम



अवधनामा संवाददाता

**संवैधानिक संस्थाओं का गला घोट रहे हैं राहुल गांधी**

**प्रयागराज।** केंद्रीय राज्य मंत्री केंद्रीय कार्य संसदीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का प्रयागराज आगमन पर आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुट्ठीगंज में स्वागत किया। इस बीच पत्रकारों से वार्ता करते हुए केंद्रीय कार्य संसदीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी बार-बार वोट चोरी के नाम पर झूठ बोलकर चुनाव आयोग के ऊपर गलत आरोप लगाकर देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। राहुल एक षड्यंत्र के तहत भारत के अंदर बांग्लादेश और नेपाल की जैसी स्थिति पैदा करना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा जब जनता उन्हें नहीं जिता रही है तो लोकतंत्र की हत्या करके जबरन सत्ता पर काबिज होना चाह रहे हैं है। श्री मेघवाल ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है इसलिए वह हताश और परेशान है। जब राहुल गांधी से उनके द्वारा लगाए गए आरोपी को प्रमाणित करने के लिए कहा जाता है तो वह भाग खड़े होते हैं। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी के अनुसार उन्होंने पत्रकारों से कहा राहुल गांधी एक तरफ संविधान की बात को करते और दूसरी तरफ संवैधानिक संस्थाओं का गला घोट रहे हैं और बदनाम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है अपने फायदे के लिए संविधान की हत्या करना इसका प्रमाण है पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी अपना चुनाव बढ़ाने की खातिर देश के अंदर आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की और संविधान की हत्या की। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, एम एल सी सुरेंद्र चौधरी, प्रवक्ता राजेश केसरवानी, कुमार नारायण, पूर्व पार्षद विजय पुर्शवानी, अतुल खन्ना, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, गौरी शंकर वर्मा पार्षद अजय हेला मनु कक्कड आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चिकित्सक सम्मान समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** ग्रामीण चिकित्सक सामाजिक एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस एवं चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन शहर के हरिऔध कला भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्वांचल के तमाम जिलों से ख्याति प्राप्त एवं रजिस्टर्ड चिकित्सक शामिल होकर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किए। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर अतिथि पहुंचे डॉक्टर मनोज यादव, डॉक्टर सीमा पाण्डेय, समाजसेवी गोविन्द दुबे द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण चिकित्सकों ने मंच के माध्यम से मान सम्मान हक अधिकार के लिए सरकार से रजिस्टर्ड सेंटर या सरकारी डॉक्टरों से प्रशिक्षण दिलाकर सही तरीके से जनता की सेवा करने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष डा0 अजय जैसवारा ने कहा कि जिस दिन ग्रामीण चिकित्सक निचले स्तर पर कार्य करना बन्द कर देंगे, उस दिन सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जायेगी। प्रदेश सचिव डॉक्टर संतोष से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते है। ऐसे लोगों का ईलाज यहीं ग्रामीण चिकित्सक कम पैसे में करते हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष डा0 अनिल सरोज ने कहा कि जिस तरह बिहार सरकार के ग्रामीण चिकित्सकों को अपने प्रदेश में प्रशिक्षण प्राप्त कर प्राथमिक उपचार करने का प्रमाण दिया।

# वीर अब्दुल हमीद की याद में रेड ईगल साइकिलिंग अभियान शुरू

**किमी की यात्रा करेगी 16 सदस्यीय टीम, ब्रिगेडियर ने दिखाई हरी झंडी**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** शहीद वीर अब्दुल हमीद की याद में प्रयागराज से गाजीपुर तक रेड ईगल साइकिलिंग अभियान की शुरुआत शुक्रवार सुबह हुई। 1965 भारत-पाक युद्ध की डायमंड जुबली के अवसर पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ प्रयागराज के पुराना कैंट स्थित वीर अब्दुल हमीद द्वार से किया गया। इस अभियान को ब्रिगेडियर नवाब अली खान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान में शामिल 16 सदस्यीय टीम 231 किलोमीटर की दूरी तय कर 22 सितंबर को गाजीपुर जिले के धनुपुर स्थित वीर अब्दुल हमीद पार्क पहुंचेगी। चार दिनों तक चलने वाली यह यात्रा 19 से 22 सितंबर तक चलेगी। अभियान का उद्देश्य लोगों को 1965 के युद्ध में भारत की जीत और वीर अब्दुल हमीद के बलिदान की गाथा से अवगत कराना है। असल उत्तर की जंग में सीक्यूएमएच अब्दुल हमीद ने दुश्मन के कई टैंक ध्वस्त कर दिए थे और अपने सर्वोच्च बलिदान के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। साइकिलिंग यात्रा के दौरान यह टीम अलग-अलग स्थानों पर रुककर स्थानीय लोगों से बात करेगी और वीर अब्दुल हमीद की बहादुरी की कहानी साझा करेगी। इस यात्रा से नई पीढ़ी में देशभक्ति और बलिदान की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा। प्रतिभागियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य का भी पूरा ख्याल रखा गया है। यात्रा के दौरान टीम के साथ एक एम्बुलेंस लगातार चलेगी, जिसमें चिकित्सक और प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी।

रेड ईगल डिवीजन के इस आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। उन्होंने इसे शहीद की स्मृति को जीवित रखने वाला और समाज को प्रेरणा देने वाला कदम बताया है। 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे यह अभियान गाजीपुर के धनुपुर स्थित वीर अब्दुल हमीद पार्क में विशेष समापन समारोह के साथ समाप्त होगा।

## ववाहिता की हत्या, सिर पर गंभीर चोट

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के कुतुबपट्टी उर्फ अहियापुर गाँव में एक विवाहिता की हत्या हो गई। महिला के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और काफ़ी खून बह रहा था। घटना रात करीब 1 से 2 बजे के बीच की बतायी जा रही है। हालाँकि परिजनों को इसकी जानकारी सुबह हुई है। फ़िलहाल पुलिस ने शव को क़ब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर और गाँव में रहने वाले रहने राजेंद्र विकलांग हैं। कुछ दिनों तक गुजरात में रह कर कमाई करने के बाद वह वापस अपने गाँव आ गए और छोटा मोटा काम करके गुज़ारा करने लगे। उनकी पत्नी सुशीला और चार बेटियां और एक बेटा थे। सुशीला पास के ही लव कुश पब्लिक स्कूल में दाई का काम करती थी और जो कुछ पैसे मिलते थे उससे अपने परिवार का ध्यान रखती थी। सुशीला ने अपनी 2 बेटियों की शादी कर दी है अब घर पर दो बेटियां और इकलौता बेटा रहते हैं।

# म्यूचुअल फंड प्रवाह से भारतीय बाजार में बड़ी गिरावट टली, जेफरीज की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** जेफरीज की रिपोर्ट मेंदावा किया गया है कि भारतीय शेयर बाजार को बड़े पैमाने पर म्यूचुअल फंड निवेशों का सहारा मिल रहा है। यह भारी निकासी के बावजूद बड़ी गिरावट को रोक रहे हैं। जेफरीज के भारत कार्यालय का अनुमान है कि अगले 12 महीनों में बाजार में 50 से 70 अरब डॉलर की सप्लाई आएगी। भारतीय शेयर बाजार को बड़े पैमाने पर म्यूचुअल फंड निवेशों का सहारा मिल रहा है। यह भारी निकासी के बावजूद बड़ी गिरावट को रोक रहे हैं। जेफरीज की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अगर म्यूचुअल फंड से लगातार इनफ्लो न होते, तो मार्केट में आपूर्ति की अधिकता से भारी गिरावट आ सकती थी।

**बाजार में 50 से 70 अरब डॉलर के निवेश की उम्मीद**

रिपोर्ट में कहा गया है कि साल के शेष हिस्से में भारतीय बाजार में स्थिरता बनी रहेगी क्योंकि म्यूचुअल फंड इनफ्लो लगातार इक्विटी सप्लाई को अवशोषित कर रहे हैं। जेफरीज के भारत कार्यालय का अनुमान है कि अगले 12 महीनों में बाजार में 50 से 70 अरब डॉलर की सप्लाई आएगी।



**पिछले पांच महीनों में 21 अरब डॉलर का इनफ्लो हुई दर्ज**

वित्त वर्ष की शुरुआत 1 अप्रैल से पिछले पांच महीनों में म्यूचुअल फंड में कुल 21 अरब डॉलर की इनफ्लो दर्ज की गई है। इसमें लगभग तीन अरब डॉलर हर महीने एसआईपी यानी व्यवस्थित निवेश योजना के जरिए आए हैं।

**एसआईपी से बाजार के लिए मजबूत सुरक्षा कवच**

विशेषज्ञों का कहना है कि ये एसआईपी फ्लो, जिसमें निवेशक हर महीने तय राशि निवेश करते हैं, बाजार में सप्लाई को प्रति माह 6 से 10 अरब डॉलर की दर से अवशोषित करते हुए एक मजबूत सुरक्षा कवच का काम कर रहे हैं। हालांकि निकट भविष्य में इक्विटी की आपूर्ति में कमी आने की संभावना नहीं है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि अगर अचानक गिरावट नहीं आई तो अगले 12 महीनों में बाजार में 50 से 70 अरब डॉलर की नई आपूर्ति देखने को मिल सकती है।

**MSCI इंडिया 22 गुना लाभ पर कर रहा ट्रेड**

रिपोर्ट में कहा गया है कि कॉरपोरेट और प्राइवेट इक्विटी निवेशक अपने हिस्सेदारी बेचते समय मौजूदा आकर्षक वैल्यूएशंस का लाभ उठाने के इच्छुक हैं। रिपोर्ट के अनुसार, MSCI इंडिया अभी भी अगले वर्ष के अनुमानित लाभ पर 22 गुना ट्रेड कर रहा है, और अगर वित्तीय क्षेत्र को अलग किया जाए तो यह मल्टीपल 25 गुना तक बढ़ जाता है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर वर्तमान में बाजार स्थिर ही रहता है, तो नए कैलेंडर वर्ष में रैली की संभावना बनी हुई है। इस संभावित बढ़त के लिए मजबूत आर्थिक वृद्धि के संकेत महत्वपूर्ण होंगे। यह आसान नीतिगत उपायों से शुरू हो सकती है।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने सेफ सेकंड अकाउंट पेश किया

**लखनऊ।** आज डिजिटल भुगतान दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। किराना स्टोर से लेकर शॉपिंग मॉल्स, ओटीटी सब्सक्रिप्शन, ट्रैवल की बुकिंग, यूटिलिटी बिल और ऑनलाईन शॉपिंग आदि सभी का भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया जा रहा है। इससे जहाँ एक तरफ लोगों की सुविधा बढ़ी है, तो दूसरी तरफ ऑनलाईन धोखाधड़ी का जोखिम भी काफी ज्यादा हो गया है, जिसमें फिशिंग, जाली ऐप, सिम स्वैप और अनधिकृत लेन-देन आदि शामिल हैं। इसलिए ग्राहकों को भुगतान करने के साथ मन की शांति प्रदान करने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने सेफ सेकंड अकाउंट पेश किया है। यह भुगतान करने का ज्यादा स्मार्ट और सुरक्षित तरीका है। यह ग्राहकों को अपनी मुख्य बचत सुरक्षित रखने में समर्थ बनाता है। वो रोजमर्रा के भुगतान के लिए अपने सेकंड अकाउंट के रूप में एयरटेल पेमेंट्स बैंक का खुलकर उपयोग कर सकते हैं।प्रत्येक डिजिटल लेनदेन के साथ मूल बचत को जोखिम में डालने के बजाय, ग्राहक दैनिक खर्च के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक के सेफ सेकंड अकाउंट का उपयोग कर सकते हैं। इस तरह, मुख्य बचत खाता धोखाधड़ी से सुरक्षित रहता है। सेफ सेकंड अकाउंट के निम्नलिखित फायदे हैं एयरटेल थैंक्स ऐप द्वारा तुरंत अकाउंट खुल जाता है। पैसे पर 6.5* प्रतिशत तक का ब्याज मिलता है (नियम व शर्तें लागू)जीरो मिनिमम बैलेंस रखने की सहूलियत मिलती है।यूपीआई के साथ सुगम एकीकरण हो जाता है।15,000 रुपये तक के फायदों के साथ ईकोफ्रेंडली डेबिट कार्ड मिलता है। बिल भुगतान और रिचार्ज विकल्पों का पूरा संग्रह प्राप्त होता है।अनुब्रत बिस्वास, एमडी एवं सीईओ, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने कहा, ''डिजिटल पेमेंट्स ने भारत में पैसे का प्रबंधन करने का तरीका बदल दिया है। लेकिन सहूलियत के साथ सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी आती है।

## रीलिज़्म फिल्म्स ने प्रस्तुत की द डर्टी स्काई ओ पी श्रीवास्तव की नई डॉक्यूमेंट्री अंतरिक्ष मलबे के बढ़ते संकट पर सख्त चेतावनी

**लखनऊ।** पुराने हो चुके उपग्रहों से लेके रॉकेट के टुकड़ों एयर अनियंत्रित टकरों तक पृथ्वी की कक्षा तकनीक का कब्रिस्तान बनती जा रही है। यह डाक्यूमेंट्री मेगा कॉन्स्टेलेशन जैसे स्टार लिंक और वनवेब द्वारा उत्पन्न भीड़भाड़ को उजागर करती है । और चेतावनी देती की अगर यह भीड़भाड़ जारी रही तो 'केसलर सिंड्रोम' जैसे भयावह हालात पैदा हो सकते है जहाँ टकराव की शृंखला पृथ्वी की कक्षा को अनुपयोगी बना देगी। यह डॉक्यूमेंटरी विश्व सरकारों, निजी अंतरिक्ष कंपनियों और विश्व नागरिकों से अपील करती है की इस बढ़ते संकट का सामान अभी करें वरना अंतरिक्ष भी धरती जैसी पर्यावरण त्रासदी का शिकार हो जाएगा । निर्देशक ओ पी श्रीवास्तव कहते हैं कि आसमान साफ़ दिख सकता है लेकिन अंतरिक्ष हज़ार दिन गंदा होता जा रहा है दुनिया अंतिम सीमा ( फाइनल फ्रंटियर ) पर क़ब्ज़े की दौड़ में है पर पीछे छोड़े जा रहे कचरे के बारे में कोई नहीं सोच रहा।

## मिंत्रा का बिग फैशन फेस्टिवल लेकर आ रहा है 15,000 से भी ज़्यादा ब्रांड्स

**कानपुर/लखनऊ।** मिंत्रा जो देश के अग्रणी फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल प्लेटफॉर्म्स में से एक है ने अपने प्रमुख आयोजन बिग फैशन फेस्टिवल की घोषणा की है। यह उत्सव फैशन और आत्म-अभिव्यक्ति का एक भव्य जश्न है, जो अब लाइव हो चुका है।बीएफएफ इस साल के संस्करण में 15,000 से अधिक ब्रांड्स की 40 लाख से ज्यादा स्टाइल्स शामिल होंगी, जिनमें अंतराष्ट्रीय, घरेलू, स्थानीय और डी2सी ब्रांड्स शामिल हैं। यह कलेक्शन फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल की विविधता को दर्शाता है, जो देशभर के मेट्रो और नॉन-मेट्रो शहरों के लाखों ग्राहकों को आकर्षित करेगा।पहली बार ग्राहक बीएफएफ के दौरान एम-नाउ के ज़रिए त्योहारी शॉपिंग का आनंद ले सकेंगे। मिंत्रा अन्य शहरों में भी एम-नाउ की क्षमता को बढ़ा रहा है ताकि ग्राहकों को अंतिम समय की खरीदारी में कोई परेशानी न हो। एम-नाउ के तहत 600 से अधिक ब्रांड्स के 90,000 से ज्यादा एसकेयूस उपलब्ध होंगे, जिससे हर मौके के लिए पसंदीदा ब्रांड्स समय पर मिल सकें।

## राजीव आचार्य साहित्यमहोपाध्याय उपाधि से अलंकृत



**नई दिल्ली।** हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज में आयोजित एक समारोह में राजीव आचार्य को साहित्यमहोपाध्य की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति श्री अनीस कुमार गुप्ता रहे। समारोह के मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री अनीस कुमार गुप्ता ने हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हिंदी समाज की भाषा है । हमें हर स्तर पर हिंदी के विकास में योगदान देना चाहिए । इस अवसर पर राजीव आचार्य ने हिंदी के महत्व और उसके उपयोग पर प्रकाश डालते हुए हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज का आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि हिंदी ही एकमात्र ऐसी भाषा है जिसमें सबको समाहित करने की क्षमता है । विश्व के किसी भाषा में वह अनुभूति नहीं है जो हिंदी में है । हिंदी प्रेमियों के लिए स्वामी विवेकानंद जी का धर्म संसद में दिया गया संबोधन एक प्रेरणा है , जिसे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपाई ने भी अद्भुत स्वरूप दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर लालता प्रसाद यादव ने हिंदी को अनिवार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई ।समारोह में हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज के प्रधानमंत्री श्री कुंतक मिश्र , शेषमणि पांडेय , प्रोफेसर लालता यादव, प्रोफेसर सरोज सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह का संचालन हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज के शेषमणि पांडेय ने की।

# बिग बिलियन डेज को भारत का सबसे तेज शॉपिंग फेस्टिवल बना रहा फ्लिपकार्ट मिनट्स

**लखनऊ।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट पर फ्लैगशिप शॉपिंग फेस्टिवल द बिग बिलियन डेज 2025 (टीबीबीडी) के 12वें संस्करण की शुरुआत होने वाली है और ऐसे में इसकी क्विक कॉमर्स सर्विस आधी रात से शुरू करते हुए मात्र 10 मिनट में डिलीवरी करते हुए ग्राहकों के अनुभव को और निखारने के लिए तैयार है। फ्लिपकार्ट मिनट्स के साथ टीबीबीडी विभिन्न क्षेत्रों में लाखों प्रोडक्ट्स, बेस्ट डील्स और सुविधा के साथ देश का सबसे तेज शॉपिंग फेस्टिवल बनने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 19 शहरों और 3,000 पिन कोड पर अपनी उपस्थिति के साथ फ्लिपकार्ट मिनट्स अपने ग्राहकों को मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेली एसेंशियल्स, ब्यूटी, पर्सनल केयर, ग्रॉसरी एवं अन्य कैटेगरी की बड़ी रेंज पर टीबीबीडी की बेहतरीन डील्स एवं ऑफर्स का मौका देगा।

फ्लिपकार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और फ्लिपकार्ट मिनट्स, सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एवं रीकॉमर्स के प्रमुख हेमंत बद्री ने कहा ग्राहक द बिग बिलियन डेज 2025 का जादू देखने के लिए तैयार हैं और ऐसे में फ्लिपकार्ट मिनट्स भारत के इस सबसे बड़े शॉपिंग फेस्टिवल के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करेगा। सालभर के भीतर मिनट्स ने खुद को भारत में सबसे तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स प्लटफॉर्म के रूप में स्थापित किया है। इनोवेशन, वैल्यू एवं सेलेक्शन ही इसकी ताकत हैं। इस त्योहारी सीजन पर हम ब्लॉकबस्टर स्मार्टफोन और इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर स्थानीय मिठाइयों एवं फेस्टिव हैंपर्स तक, सब कुछ मात्र कुछ ही मिनट में ग्राहकों के दरवाजे तक डिलीवर करने जा रहे हैं। हमारी बढ़ती मौजूदगी से सुनिश्चित हो रहा है कि सिर्फ मेट्रो ही नहीं, बल्कि टियर 2 व अन्य उभरते बाजारों के ग्राहकों को भी तुरंत वैल्यू एवं डील्स का फायदा मिले। इस साल यह इवेंट इसलिए और भी खास हो गया है, क्योंकि द बिग बिलियन डेज के वादे को सिर्फ स्केल एवं सेलेक्शन से आगे बढ़ाते हुए स्पीड पर भी फोकस किया गया है, जिससे लाखों परिवारों के लिए बिना किसी समझौते के इस इवेंट का आनंद लेना संभव हुआ है। हम लगातार दृढ़ता और टेक्नोलॉजी आधारित ऐसे इकोसिस्टम पर फोकस कर रहे हैं, जिसमें आसान पहुंच के साथ भरोसे को भी प्राथमिकता दी जाती है। साथ ही भारत के ग्राहकों की विविध जरूरतों को पूरा करने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को मजबूत करने के साथ-साथ क्विक कॉमर्स के भविष्य को भी नया आकार दे रहे हैं।'

फ्लिपकार्ट मिनट्स पर बिग बिलियन डेज सेल की शुरुआत अनूठे फेस्टिव असॉर्टमेंट के साथ होगी, जिसमें पूरे इवेंट के दौरान सभी शहरों में 24 घंटे सर्विस मिलेगी। ग्राहकों को लेटेस्ट प्रोडक्ट्स एवं जरूरी वस्तुओं पर ब्लॉकबस्टर डील मिलेगी और मात्र 10 मिनट में डिलीवरी होगी। टियर 2.बाजारों जैसे अंबाला, गुवाहाटी, जयपुर, लखनऊ, कानपुर और पटना फ्लिपकार्ट मिनट्स पर त्योहारी खरीदारी के प्रमुख केंद्र रहेंगे।

## जेन रिसोर्स रीसाइक्लिंग लिमिटेड का आईपीओ बुधवार, 24 सितंबर को खुलेगा



जेन रिसोर्स रीसाइक्लिंग लिमिटेड बुधवार, 24 सितंबर, 2025 को अपने इक्विटी शेयरों के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए बोली/प्रस्ताव खोलेगी।2 रूपये अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों के इस कुल निर्गम का आकार 1,250 करोड़ रूपये (12,500 मिलियन) है। इसमें 500 करोड़ रूपये (5,000 मिलियन) का नया निर्गम (फ्रेश इश्यू) और 750 करोड़ रूपये (7,500 मिलियन) का बिक्री प्रस्ताव शामिल है। बिक्री प्रस्ताव में प्रमोटर शेयरधारक, कमलेश जैन द्वारा 715 करोड़ रुपये (7,150 मिलियन) और, मयंक पारेख द्वारा 35 करोड़ रुपये (350 मिलियन) तक के शेयर शामिल हैं। इस इश्यू के लिए प्रति इक्विटी शेयर प्राइस बैंड 220 से 232 रूपये तय किया गया है।एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 23 सितंबर, 2025 होगी। बोली/प्रस्ताव शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025 को बंद हो जाएगा। बोली 2 रूपये अंकित मूल्य वाले कम से कम 64 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 64 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।यह इक्विटी शेयर कंपनी के 18 सितंबर, 2025 को रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, तमिलनाडु और अंडमान, चेन्नई के पास दाखिल किए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जा रहे हैं।

## OPPO India के पोर्टफोलियो पर ग्रांड फेस्टिव सेल शुरू हुई



**नई दिल्ली।** OPPO India ने त्योहारों की खुशी बढ़ाते हुए अपनी सबसे बड़ी फेस्टिवल सेल, 'पे 0, वरी 0, विन ?10 लाख' पेश की है। इस सेल के अंतर्गत ग्राहकों को 19 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच OPPO की सभी डिवाईस पर बेहतरीन ऑफर मिलेंगे, जिनमें नई लॉन्च की गई स्न31 सीरीज़ और Reno14 सीरीज़ भी शामिल हैं। ये ऑफर OPPO ई-स्टोर, फ्लिपकार्ट और अमेज़न पर उपलब्ध होंगे। OPPO फेस्टिव सेल में ग्राहकों को कई एक्सक्लुसिव बेनेफिट्स का लाभ मिलेगा, जिनमें जीरो डाउन पेमेंट, इंटरेस्ट-फ्री ईएमआई, इंस्टैंट कैशबैक, आकर्षक एक्सचेंज स्कीम और 10 लाख या 1 लाख रुपये के कैश पुरस्कार के साथ OPPO की लेटेस्ट डिवाईस जीतने का मौका शामिल है।

OPPO ढ्ढठ्ठस्त्रद्बड्डु के हेड-पीआर एंड कम्युनिकेशंस, गोल्डी पटनायक ने इन ऑफरों के बारे में बताया कि, ''OPPO में हम इन त्योहारों को अपने ग्राहकों के लिए खास बनाना चाहते हैं। हम पूरी तरह से अपने ग्राहकों पर केंद्रित रहकर काम करते हैं, और यह ग्रांड फेस्टिव बोनांज़ा हमारे ब्रांड में भरोसा करने के लिए उनके प्रति हमारा हार्दिक अभिनंदन है। फेस्टिव शॉपिंग के दौरान ज्यादा लाभ ज्यादा खुशी प्रदान करता है। इसलिए हमने अपने ऑफर आकर्षक डील, डिस्काउंट और रिवार्ड के साथ पेश किए हैं। हमारी डिवाईस अलग-अलग मूल्यवर्गों में बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी, आधुनिक एआई कैमरा क्षमताएं और बेहतरीन परफॉर्मेंस प्रदान करती हैं। इसलिए वो भिन्न-भिन्न श्रेणी के ग्राहकों की जरूरतें पूरी करने में सक्षम हैं। माई OPPO दीवाली रैफल बेहतरीन रिवाड्र्स के साथ और ज्यादा खुशी देने के लिए डिज़ाईन किया गया है। हमें उम्मीद है कि हमारे ये ऑफर ग्राहकों को त्योहारों का हर क्षण कैप्चर करने, शेयर करने और खुशी से मनाने में समर्थ बनाएंगे।''

ब्रांड की फिलॉसफी, 'मेक योर मूमेंट' के अनुरूप, OPPO क्वालिटी की अपनी प्रतिबद्धता के साथ ऐसे उत्पाद पेश करता है, जो टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन के साथ वास्तविक दुनिया के लिए ड्यूरेबिलिटी भी प्रदान कर सकें। सुविधाजनक अपग्रेड विकल्पों और भरोसेमंद सर्विस के साथ OPPO ग्राहकों को त्योहारों का पूरा आनंद लेने में समर्थ बनाता है।

## एक गाना, जो सुनकर लगता है कि लहर आपको स्पर्श करके चली गई: रुशिल असवाल ने पेश किया पानी की लहर

**नई दिल्ली।** कहने लगा की सफलता के बाद, गायक-गीतलेखक और बहुआयामी कलाकार, रुशिल असवाल ने अपना नया सिंगल, पानी की लहर पेश किया है। यह उनके अगले पाँच गीतों, प्यार, टुकड़ों में... आदि की प्रॉपर्टी में दूसरी रिलीज़ है। इसमें उस प्यार की गहराई में उतरा गया है, जो एक लहर की तरह प्रतीत होता है, शांत लेकिन समा लेने वाला।

अपनी बेहतरीन सिनेमेटिक मेलोडी और ड्रम की जबरदस्त ताल के बीच, पानी की लहर बहुत विशाल और अंतरंग गीत है। इस गीत के बोल बिल्कुल लहर की तरह प्रतीत होते हैं, जिनका स्पर्श पहले तो बहुत कोमल महसूस होता है, फिर यह एक विशाल साउंडस्केप में तब्दील हो जाता है, जिसमें गीत का भावनात्मक वजन प्रतिबिंबित होता है। इसका निर्माण अखिल जोसेफ ने किया है तथा इसके बोल रुशिल असवाल ने लिखे हैं। यह ट्रैक बहुत ही विकसित और गहरा है। मूल में यह गाना नाजुक और अनछुआ है, जो रुशिल की हृदयस्पर्शी आवाज में पेश किया गया है। इसमें ''मैं नदियों में पत्थर, तेरा प्यार है झरना, ये पड़ता जो मुझपर तभी आकार मैं लूँ'' जैसे रूपक निखरकर आए हैं। जिस प्रकार पानी से पत्थर को आकार मिलता है, उसी प्रकार संगीत और शब्द मिलकर हमें एहसास कराते हैं कि प्यार किसा प्रकार हमें वह बना देता है, जो हमें होना चाहिए।

इस गीत के बारे में रुशिल ने कहा, ''पानी की लहर के साथ मैं प्यार की सबसे अधिक अनकही तीव्रता पेश करना चाहता था। यह प्यार केवल सतह पर नहीं रहता है, बल्कि आपको गहराई में तब तक उतारता है, जब तक आप खामोशी में इसका वजन और सुंदरता को महसूस नहीं करने लगते। आप ऐसे शक्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, जो आपसे बहुत बड़ी है। वह शक्ति, तो आपको पूरी तरह से बदल देती है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह गाना ही नहीं, बल्कि यह पूरी कहानी बहुत पसंद आएगा। हमने इसे अपने म्यूज़िक वीडियो द्वारा जीवंत करने की कोशिश की है, ताकि श्रोता इसमें अपनी खुद की भावनाओं को महसूस कर सकें।''

## ZEE5 की आने वाली क्राइम थ्रिलर जनावर द बीस्ट विदइन का प्रचार करने के लिए भुवन अरोड़ा और निर्देशक शचिंद्र वत्स लखनऊ पहुँचे

**लखनऊ।** अभिनेता भुवन अरोड़ा और निर्देशक शचिंद्र वत्स अपनी आने वाली ZEE5 ओरिजिनल सीरीज़ जनावर द बीस्ट विदइन का प्रचार करने के लिए नवाबों के शहर लखनऊ पहुँचे। वहां जाकर सबसे पहले उन्होंने लखनऊ के पुलिस उप आयुक्त शशांक सिंह से मुलाकात की और साथ ही अन्य पुलिस हीरोज़ से मुलाकात कर फोटो खिंचवाई। भुवन अरोड़ा, जो सीरीज़ में एक ईमानदार पुलिस अफसर का किरदार निभा रहे हैं, उन्होंने इस दौरान उनके ऑन-स्क्रीन किरदार और असली ज़िंदगी के पुलिस वालों के बीच समानता के बारे में बताया। इसके बाद दोनों ने शहर के फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया। यहाँ उन्होंने शो से जुड़ी खास बातें बताईं और दर्शकों से मज़ेदार बातचीत की। यह क्राइम थ्रिलर सीरीज़ सिर्फ़ ZEE5 पर 26 सितम्बर 2025 को रिलीज़ होगी।



जनावर द बीस्ट विदइन की कहानी छंद नाम के कस्बे से शुरू होती है। यहाँ हेमंत कुमार (भुवन अरोड़ा), जो एक ईमानदार पुलिस अफसर है, अपराधों के खतरनाक चंगुल में फँस जाता है। कस्बे में एक बिना सिर की लाश, गायब हुआ सोना और लापता आदमी, सब मिलकर वहां का सुकून छीन लेते हैं। हेमंत को न सिर्फ़ इस मुश्किल केस से जूझना पड़ता है, बल्कि समाज की पक्षपात भरी सोच और अपनी निजी परेशानियों से भी लड़ना पड़ता है। जैसे-जैसे राज़ खुलते जाते हैं, ग्राम देवता की विरासत सामने आती है, जो बताती है कि असली पहचान जन्म से नहीं, बल्कि हिम्मत से बनती है। छंद कस्बा अपने अंदर और भी कई राज़ छुपाए हुए है।

अपने लखनऊ आने और प्रीमियर के बारे में भुवन अरोड़ा ने बताया कि, लखनऊ हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है। यहाँ आकर जनावर द बीस्ट विदइन का प्रचार करना इसे और भी खास बना देता है। यहाँ के लोगों का जोश, प्यार और अपनापन बेमिसाल है। यह शो मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि इसमें एक ऐसे इंसान की ताकत और कमजोरियाँ दिखाई गई हैं, जो मुश्किल हालात में सच के लिए लड़ता है। मैं उम्मीद करता हूँ कि यहाँ के साथ-साथ पूरे देश के दर्शक हेमंत की कहानी से वैसे ही जुड़ेंगे, जैसे मैं जुड़ा हूँ।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 99.60 प्रतिशत के दावा निपटान अनुपात के साथ रही उद्योग में अग्रणी

**गोरखपुर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अप्रैल 2025 से जून 2025 की अवधि के लिए 99.60 प्रतिशत के दावा निपटान अनुपात की घोषणा की जो उद्योग में उच्चतम स्तर है। उल्लेखनीय है कि बिना जांच-पड़ताल वाले मृत्यु दावे (डेथ क्लेम) के निपटान का औसत समय केवल 1.1 दिन था।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री अमीश बैंकर ने कहा दावों के निपटानसे ही स्पष्ट होता है कि कंपनी ने जो वादा किया है वह सही है या नहीं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ में, हर दावे को बेहद गंभीरता सेलिया जाता है और प्रक्रिया तेज़ी से पूरी की जाती है। यह वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में उद्योग में सबसे अधिक 99.60 प्रतिशत के दावा निपटान अनुपात से स्पष्ट होता है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में कुल 406.89 करोड़ के मृत्यु दावों का निपटान किया। एआई और मशीन लर्निंग आधारित तकनीकों के साथ डेटा एनालिटिक्स का लाभ उठाकर हम दावों का शीघ्र और कुशलतापूर्वक निपटान कर पा रहे हैं।कंपनी क्लेम फॉर श्योर सेवा पहल के तहत, सभी दस्तावेज़ प्राप्त होने के एक दिन के भीतर सभी पात्र दावों का निपटान करने का वादा करती है। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में, कंपनी ने इस पहल के तहत कुल 74.72 करोड़ के दावों का निपटान किया है।कंपनी की डिजिटल प्रणाली दावेदारों को दावे दर्ज करने और उन्हें आसानी से ट्रैक करने में मदद करती है।

# लघु व्यवसाय ऋण में मजबूत वृद्धि, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय औसत से आगे: क्रिफ-सिडबी लघु व्यवसाय रिपोर्ट

**मुंबई।** क्रिफ हाई मार्क और सिडबी ने पहली बार क्रिफ-सिडबी लघु व्यवसाय रिपोर्ट 2025 का अनावरण किया है। यह अध्ययन भारत के लघु व्यवसाय ऋण पारिस्थितिकी तंत्र का एक अनूठा और समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है—जिसमें न केवल उद्यम बल्कि एकल स्वामित्व वाले व्यवसाय भी शामिल हैं—तथा देशव्यापी विकास के रुझान, क्षेत्रीय एवं सेक्टोरल वितरण, ऋणदान पैटर्न, पोर्टफोलियो गुणवत्ता और उभरते जोखिमों का मानचित्रण करता है।

**मुख्य निष्कर्ष**

मजबूत ऋण वृद्धि- जून 2025 तक, 50 करोड़ तक के ऋण एक्सपोजर के साथ वाणिज्यिक ब्यूरो को रिपोर्ट किए गए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम व्यवसायों का कुल बकाया पोर्टफोलियो 36.8 लाख करोड़ पर पहुंच गया, जो जून 2021 से जून 2025 के बीच 21.8त्न की 'चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर' दर्शाता है।

**खसेगमेंट गतिशीलता-** एकल स्वामित्व वाले व्यवसाय (संस्था पंजीकरण के साथ और बिना) बकाया लघु व्यवसाय ऋण का 75% से अधिक और सक्रिय ऋणों का 85% से अधिक हिस्सा रखते हैं। उद्यमों ने 24.7% वर्ष दर वर्ष की सबसे तेज़ पोर्टफोलियो वृद्धि दर्ज की।

**ऋणदाता परिदृश्य-** निजी बैंकों का उद्यमों को ऋण देने में (मूल्य आधार पर) सबसे बड़ा बाज़ार हिस्सा है (34.4% POS), जबकि एनबीएफसी एकल स्वामित्व वाले व्यवसायों को ऋण देने में अग्रणी हैं (42.4% बकाया मूलधन) और सभी उधारकर्ता श्रेणियों में निरंतर विस्तार कर रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 10 लाख से कम के ऋण में अब भी अग्रणी बने हुए हैं लेकिन उनके समग्र बाज़ार हिस्से में गिरावट आई है।

**एक्सपोज़र आकार और उत्पाद मिश्रण-** 10 लाख तक के एक्सपोज़र बैंड सक्रिय ऋणों का 72.5% हिस्सा बनाते हैं, लेकिन बकाया मूल्य का केवल 17.8%। बिज़नेस लोन और 'संपत्ति के बदले ऋण' मिलकर कुल ऋण का आधा हिस्सा हैं, जिनमें LAP में सबसे मज़बूत वृद्धि दिखी है।


**सेक्टर रुझान-** छोटे उद्यमों में सेवा सेक्टर का एक्सपोज़र हिस्सा जून 2023 के 25.6% से बढ़कर जून 2025 में 27.8% हो गया, जिससे यह विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) सेक्टर से आगे निकल गया, जो 21% वर्ष दर वर्ष की दर से बढ़ा। व्यापार (ट्रेड) सेक्टर के हिस्से में मामूली गिरावट देखी गई।

**पोर्टफोलियो गुणवत्ता-** राष्ट्रीय PAR (जोखिमग्रस्त पोर्टफोलियो) 91-180 जून 2023 के 1.8% से सुधरकर जून 2025 में 1.5% हो गया। अति निम्न जोखिम वाले उधारकर्ताओं का हिस्सा उद्यमों में 46.5% से बढ़कर 54.2% और एकल स्वामित्व वाले व्यवसायों में 34.7% से बढ़कर 40.0% हो गया।

जून 2024 से जून 2025 के बीच लघु व्यवसाय ऋण में शीर्ष 10 राज्यों ने मजबूत वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जिसमें उत्तर प्रदेश 20.7% के साथ अग्रणी रहा, इसके बाद तेलंगाना (19.7%) और राजस्थान (18.6%) का स्थान रहा। महाराष्ट्र 6.0 लाख करोड़ के बकाया ऋण के साथ सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है, जबकि तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक पोर्टफोलियो आकार के आधार पर शीर्ष पांच में शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश का लघु व्यवसाय पोर्टफोलियो 20.7% वर्ष दर वर्ष की वृद्धि के साथ 3.6 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जो राष्ट्रीय औसत से आगे है।

## प्रेस्टीज ने पेश किया नया मल्टी-कुकर PMC 4.0 स्टाइल और सुविधा का बेहतरीन संगम



**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी किचन अप्लायंस ब्रांड टीटीके प्रेस्टीज ने अपना नया प्रेस्टीज मल्टी-कुकर PMC 4.0 पेश किया है। यह स्टाइलिश और स्मार्ट डिवाइस आज के व्यस्त शहरी जीवन के लिए होम कुकिंग का एक तेज़, बहुआयामी और आसान समाधान लेकर आया है।

इस मल्टी-कुकर की क्षमता 1.5 लीटर है और यह मिनटों में सूप, नूडल्स, पास्ता, चावल और अंडे तैयार कर सकता है। आकर्षक कांच का ढक्कन (स्टील किनारों के साथ), सटीक तापमान नियंत्रण और 360 डिग्री घूमने वाला बेस इसे बेहद सुविधाजनक और स्टाइलिश बनाते हैं। यह रोज़ाना के भोजन से लेकर वीकेंड पर किए जाने वाले किचन एक्सपेरिमेंट्स तक, हर ज़रूरत के लिए परफेक्ट है। इसके साथ दिया गया अंडा उबालने वाला रैक स्टीमर के तौर पर भी काम करता है, जिससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग आसानी से पौष्टिक भोजन बना सकते हैं। छोटा और सुविधाजनक प्रेस्टीज मल्टी-कुकर खासतौर पर युवा पेशेवरों, छात्रों और छोटे परिवारों के लिए आदर्श है, जो एक ही डिवाइस में कई काम पूरे करना चाहते हैं। स्टे-कूल हैंडल और छिपा हुआ हीटिंग एलिमेंट इसे रोज़मर्रा के इस्तेमाल के लिए सुरक्षित बनाते हैं। साथ ही, इसका आधुनिक और आकर्षक डिज़ाइन किचन काउंटर को भी खूबसूरत बनाता है। प्रेस्टीज मल्टी-कुकर PMC 4.0 का एमआरपी (बिक्रय मूल्य) 2,995 रुपये है, जबकि यह बाजार में 2,245 रुपये के ऑपरेटिंग मूल्य पर उपलब्ध है। इसके साथ एक साल की वारंटी भी दी जा रही है। ग्राहक इसे प्रमुख रिटेल स्टोर्स, प्रेस्टीज एक्सक्लूसिव आउटलेट्स और सभी ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल्स से खरीद सकते हैं।

# भैंसहां घाट पर बनेगा पक्का पुल, पिपराइच से कप्तानगंज तक सड़क होगा चौड़ीकरण

**दो प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले सांसद कुशीनगर, मिला आश्वासन**

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** नारायणी नदी के उस पार रेता क्षेत्रवासियों के लिए खुशखबरी है। दर्जनों गांवों की समस्या को देखते हुए कुशीनगर के लोकप्रिय सासंद विजय कुमार दुबे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर उनका दर्द सुनाया, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने तत्काल नारायणी नदी के भैंसहां घाट पर पक्का पुल बनाने को हरी झंडी दे दी। इसकी खबर मिलते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे ने मुख्यमंत्री से मिलकर अपने लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया जिसमें खड्डा क्षेत्र के नारायणी नदी उसपार दर्जनों गांवों व महराजगंज जनपद के दर्जनों गांव का आवागमन हेतु सुविधा नहीं है। वाल्मिकीनगर जंगल होकर बिहार के रास्ते 40 किमी तय करके नदी पार आना जाना पड़ता है। बरसात के समय नदी में पानी बढ़ जाने के कारण रास्ता बंद हो जाता है।

पिछले वर्ष बाढ़ के समय खड्डा क्षेत्र में आपके आगमन के समय भैंसहां घाट पर पक्का पुल निर्माण का रेता क्षेत्रवासियों को आश्वाशन मिला था। इसके अलावा गोरखपुर से हो रहे चौड़ीकरण निर्माण पिपराइच तक के निर्माण को भारी ट्रैफिक देखते हुए पिपराइच से कप्तानगंज तक चौड़ीकरण निर्माण को बढ़ाया जाय मांग शामिल है। सांसद के दोनों मांगों पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहे कि गोरखपुर पिपराइच निर्माण को आगे बढ़ने दें, कप्तानगंज तक पूरा करेंगे और पक्के पुल पर भी आश्वासन दिए। सांसद द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष इन दो प्रमुख मांगों के आश्वासन मिलने के बाद लोगों में खुशी का माहौल है।



मुख्यमंत्री से समस्याओं को लेकर वार्ता करते सांसद विजय कुमार दुबे

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**अवधनामा संवाददाता, बढ़नी सिद्धार्थनगर।** पोषण भी पढ़ाई भी भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित एक पहल है, जो बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए पोषण और शिक्षा दोनों पर जोर देती है. इस कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे बच्चों को खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से शिक्षित कर सकें और उनकी पोषण संबंधी आवश्यकताओं का ध्यान रख सकें।

इसका लक्ष्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा प्रदान करना है, जिसमें कुपोषण प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छता और विकास की निगरानी भी शामिल है। जिसके संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विकास खंड बढ़नी सभागार में कार्यशाला आयोजित कर मंगलवार से तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जिसका समापन शुक्रवार को किया गया है।

# टेट की अनिवार्यता की विरोध में हजारों शिक्षकों का प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ देवरिया के नेतृत्व में आज जनपद के सभी विकास खण्डो से भारी संख्या में शिक्षक वी आर सी परिषद देवरिया में एकत्र हुए उसके बाद विशाल जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरकार के निर्णय के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।

सभा की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष प्रदेशीय मंत्री राष्ट्रीय काउंसलर विजय कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज के पथ प्रदर्श क होते हैं वर्षो से शिक्षा की सेवा में अपना जीवन व्यतीत कर चुके हैं शिक्षकों से यह कहना कि वह पुनः एक परीक्षा दे , न केवल उनके अनुभव और समर्पण का अपमान है बल्कि यह शिक्षक सम्मान और गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला क दम है । शिक्षा की गुणवत्ता परीक्षा के अंक पत्र से नहीं बल्कि शिक्षक की लगन एवं कार्यशीलता से तय होती है । हमारा सरकार से साफ कहना हैं कि शिक्षक अब अपने मान सम्मान से कोई समझौता नहीं करेगा यदि यह आदेश वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा ।

मांडलिक मंत्री अनिल भारती ने कहा यह आदेश शिक्षकों की सेवा सुरक्षा पर उठाया गया धब्बा है । जिला मंत्री अवनीश दीक्षित ने कहा कि शिक्षकों की यह लड़ाई उनकेअस्तित्व की लड़ाई है संगठन इस लड़ाई को पूरी ताकत के साथ लड़ेगा और अंतिम विजय तक कदम पीछे नहीं हटाएगा । महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षता अंजलि द्विवेदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिला शिक्षकों का भी इस आंदोलन में हिस्सा है ।शिक्षक समाज का सम्मान किसी कीमत पर गिरने नहीं दिया जाएगा हम सरकार से अपील करते हैं कि वह शिक्षकों की पीड़ा को समझें और निर्णय वापस ले ।जिला उपाध्यक्ष स्वतंत्र तिवारी ने कहा कि शिक्षक के सम्मान स्वाभिमान के साथ कुठाराघात ना किया जाए और उन्हें स्वतंत्र वातावरण में स्वतंत्र शिक्षण करने दिया जाए अगर ऊपर दबाव बनाया जाएगा तो लड़ाई आर पार की होगी ।जिला कोषाध्यक्ष संगीता चौरसिया ने कहा शिक्षक जाग चुका है उसकी आवाज दबाना किसी सरकार की बस की बात नही है जब तक यह अन्यायपूर्ण नियम वापस नहीं लिया जाता आंदोलन निरंतर जारी रहेगा सभा के उपरांत शिक्षकों का जुलूस नारों के साथ कलेक्ट पहुंचा जहां माननीय प्रधानमंत्री के लिए शिक्षा मंत्री को संबोधित करते हुए पत्रक जिला अधिकारी महोदय को सौपा गया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉक्टर नवीन गुप्ता उमेश दीक्षित विंध्याचल यादव धर्मेंद्र तिवारी राजेश यादव अवधेश बिहारी पांडे अजय सिंह रुद्र प्रताप छेदीलाल यादव अजय सिंह राजेश कुमार आशुतोष पति त्रिपाठी बदरे आलम विवेक मिश्रा सिद्धार्थ तिवारी अरविंद तिवारी, संजय शुक्ला आनंदेश्वर सिंह सत्यवान यादव नागेश मलिक अरविंद कुशवाहा राजेश मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।




# पशु तस्करी : लापरवाही में दो इंस्पेक्टर समेत 24 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**एडीजी जोन ने फोरलेन पर थानों व चौकियों के निरीक्षण के बाद यह कार्रवाई की**

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** पशु तस्करों पर कार्रवाई में लापरवाही पाए जाने एडीजी जोन मुथा अशोक जैन के निर्देश पर कुशीनगर जिले के दो प्रभारी निरीक्षकों समेत 24 पुलिस कर्मियों को लाइन जाहिर कर दिया गया है। यह कार्रवाई एडीजी के देर रात फोरलेन के थानों व चौकियों के निरीक्षण के बाद की गई है। एडीजी ने गोरखपुर लौटने के बाद एएसपी को आदेश दिया कि तत्काल इन सभी की पुलिस लाइन में आमद करा दी जाए। भोर तक सभी पुलिसकर्मियों ने पुलिस में आमद कर भी ली।

पशु तस्करों का नेटवर्क ध्वस्त नहीं कर पाने को लेकर कुशीनगर के एसपी संतोष कुमार मिश्र को गुरुवार को हटाकर प्रदेश के पुलिस मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया था। इसके बाद देर शाम को एडीजी जोन मुथा अशोक जैन ने जिले में फोरलेन के सभी थानों व चौकियों का निरीक्षण किया। तैनात पुलिसकर्मियों से उन्होंने पशु तस्करों पर कार्रवाइयों को लेकर पूछताछ भी की।

एडीजी के लौटने के बाद आदेश आया कि कसया थाने के प्रभारी निरीक्षण अमित शर्मा, दरोगा गौरव शुक्ला, हवलदार राजेश कुमार सिंह, सिपाही राहुल कुमार पांडेय, तरया सुजान थाने के दरोगा अनुराग शर्मा, अरविंद कुमार, सिपाही नवनीत कुमार शुक्ल व विशाल सिंह, हाटा कोतवाली के दरोगा मंगेश मिश्र, हवलदार सतीश चंद, सिपाही सुधीर कुमार यादव, डब्लू कुमार, बृजेश यादव व अजय तिवारी, तमकुही राज थाने के प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला, दरोगा अर्सलाम अहमद व सिपाही मोहित कुमार उपाध्याय, चौराखास थाने के हवलदार दिलीप कुमार व सिपाही विकास प्रजापति, खड्डा थाने के सिपाही शशिकेश गोस्वामी, पटहेरवा थाने के दरोगा पवन कुमार सिंह, हवलदार फूलचंद चौधरी, श्याम सिंह यादव व सिपाही अर्जुन खबरवार तथा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल में तैनात हवलदार विनोद कुमार यादव को लाइन हाजिर कर दिया गया है। एडीजी कार्यालय से एएसपी विनेश कटियार को आदेश दिया गया कि शुक्रवार की सुबह होने से पहले सभी पुलिस कर्मियों की पुलिस लाइन में आमद करा लें। इसके बाद सुबह होने से पहले सभी पुलिसकर्मियों ने लाइन में आमद भी कर ली है।

## विधायक ने चौपाल में सुनी लोगों की समस्या, अधिकारियों को निस्तारण का दिया निर्देश



चौपाल लोगों की समस्या सुनते विधायक

**समस्या को तत्काल दुर करने का होता है प्रयास : पीएन पाठक**

**अवधनामा संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** विधायक पीएन पाठक ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव भठही राजा के पंचायत भवन परिसर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने बिजली, सड़क, नाली निर्माण व पानी की टंकी बंद होने से संबंधित समस्याएं रखीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारी को फोन कर समाधान का निर्देश दिया।

दोपहर 3 बजे गांव में लगे चौपाल पहुंचे विधायक ने एक-एक लोगों से बात कर उनकी समस्या पूछी। कहा कि जनसंपर्क के दौरान ग्रामीण गांव में ही समस्या बताकर उसका समाधान करा सकते हैं। उन्हें समाधान दिवस व थाने का चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। गांव वासी आशुतोष कुमार ने बताया कि बिजली आए दिन खराब होती है। लो-वोल्टेज की समस्या रहती है। विधायक ने अधिशासी अभियंता को फोन कर समाधान को कहा। पेशकार गोड ने कहा कि एक साल पहले बना पानी का टैंक पांच महीने से खराब है।

# हाटा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले विधायक

**अवधनामा संवाददाता**

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा विधायक मोहन वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके शासकीय आवास पर मुलाकात किया। विधायक मोहन वर्मा ने क्षेत्रीय समस्याओं को मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रमुखता से रखा तथा पत्र भी सौंपा।

मांगो में हाटा, मझना नाला, पिपराइच के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराए जाने के संबंध में, ग्राम सभा पट्टन विकास खंड मोतीचक में खेल स्टेडियम के निर्माण के संबंध में, नाथ संप्रदाय के प्राचीन मठ करमहॉ मंदिर के भव्य पर्यटन विकास के संबंध में, सिकटिया-बनटोलवा घाट (छोटी गंडक) नदी पर तथा सवांगीपट्टी-केवलही घाट पर दीर्घ सेतु निर्माण कराए जाने के संबंध में, विकास खंड सुकरौली में मॉडल थाना स्थापित कराए जाने के संबंध में भेंट के दौरान सर्वोच्च न्यायालय के चलते प्रदेश के शिक्षक बंधुओं के समक्ष उत्पन्न हुई परिस्थितियों पर भी मुख्यमंत्री से बेहद सकारात्मक चर्चा हुई, हम सभी शिक्षक बंधुओं के साथ खड़े हैं। सर्राफा करोबारियों को धारा 411,412 बीएनएस की धारा 317 के तहत अप्राकृतिक रूप से स्वर्ण व्यपारियों-विक्रेताओं की हो रही गिरफ्तारी के विरूद्ध महाराष्ट्र सरकार के द्वारा हाल ही में नियम में परिवर्तन कर सर्राफा व्यापारियों, विक्रेताओं को संरक्षण दिया गया है। जिसकी चर्चा मैंने मुख्यमंत्री जी से किया। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया महाराष्ट्र सरकार की पहल उत्तर प्रदेश सरकार भी लागू करेगी। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्य नाथ ने विधायक मोहन वर्मा को भरोसा दिलाया कि विकास के लिए धन की कमी नहीं होगी और आपकी मांगों पर सरकार हर संभव पूरा कराने की कोशिश करेगी।



मुख्यमंत्री से मिलते हाटा विधायक मोहन वर्मा

# राष्ट्र प्रेम का प्रतीक है मोदी का जीवन : गिरीश चन्द्र तिवारी




**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से राष्ट्पिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस तक चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित बालिका विद्यालय, टाउनहाल में लगी नमो प्रदर्शनी के दूसरे दिन राजकीय इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चन्द्र तिवारी ने उपस्थित लोगो और छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र के प्रति प्रेम के प्रतीक है, सामान्य परिवार में जन्मे नरेंद्र मोदी बाल्यकाल से ही समाज सेवा में जुट गए,देश के प्रधानमंत्री के रूप में भारत के गांव-गरीब-किसान को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण योजनाओं को चलाकर सशक्त बनाया है।

जिलाअध्यक्ष किसान मोर्चा/ प्रदर्शनी संयोजक पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाकर समाज के सभी वर्गों के हित के लिए विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में प्रदर्शनी के दूसरे दिन राजकीय इंटर कालेज के छात्र-छात्राये प्रदर्शनी में सम्मलित हुई है, मोदी जी के जीवन वृत से प्रेरणा लेकर उपस्थित छात्र-छात्राएं समाज और देश और समाज की सेवा करने के लिए प्रेरणा लेंगे।

# जीएसटी में सुधार सरकार का क्रांतिकारी निर्णय : संतराज

**मोदी के कार्यकाल में हर वर्ग को सहूलियत : डा शलभ मणि**

**कर में सुधार से हर वर्ग को मिलेगा लाभ : भूपेंद्र सिंह**

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान आर्यकम के अंतर्गत शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया । प्रबुद्ध सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने अपने अपने विचार रखे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी व उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष संतराज यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने कर सुधार में ऐतिहासिक सुधार लाने का क्रांतिकारी निर्णय लिया है जिसके अंतर्गत जी एस टी की दरों में ऐतिहासिक कटौती कर देश के आम जनमानस को राहत देने का कार्य किया है । उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा रोजमर्रा के उत्पादों पर शुल्क कम करके लोक कल्याण का कार्य किया है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सनातन संस्कृति के उत्थान के साथ साथ विज्ञान के क्षेत्र में भी भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मजबूत करने का कार्य किया है साथ ही किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाते हुए महिलाओं और नौजवानों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में सेवा कार्यों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि ये हमारे लिए गर्व की बात है कि हमें नरेंद्र मोदी जैसे कर्मठ, ऊर्जावान, और राष्ट्र के प्रति अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर देने वाले प्रधानमंत्री मिले हैं जिन्होंने गरीब, किसान, नौजवान, महिला, दलित, शोषित और वंचितों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में सुधार लाते हुए उनका अधिकार दिलाया साथ ही व्यापारियों और कर्मचारियों को भी सहूलियत और भयमुक्त वातावरण में कार्य करने का अवसर प्रदान किया ।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि देश में जब पहली बार जीएसटी लागू किया गया था तब भी केंद्र की भाजपा सरकार ने कर में सुधार लाने का ऐतिहासिक कार्य किया था । भाजपा की सरकार ने फिर एक बार कर सुधार में बदलाव कर जनता को राहत देने का कार्य किया है, यह बदलाव गरीब एवं आम जनमानस की भावनाओं को समर्पित है । उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न मोर्चो द्वारा रक्तदान, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण, वृक्षारोपण, तथा विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान जैसे तमाम कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं । सेना के रिटायर्ड सैनिक रामचंद्र मणि त्रिपाठी ने सैन्य सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों को बताया तथा शिक्षा प्रकोष्ठ के संजय तिवारी ने मोदी के शिक्षा के क्षेत्र में किए कार्यो का उल्लेख किया और अधिवक्ता अमित अग्रवाल ने भी सरकार के कर सुधारों की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया ।

महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष आराधना पांडे ने महिलाओं के लिए मोदी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। इस दौरान कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, किसान नेता मारकंडे तिवारी मारकंडे शाही, पूर्व विधायक रविंद्र प्रताप मल्ल, व्यापारी नेता अखिलेश जायसवाल ने भी संबोधित किया।



# कोचिंग संस्थानों पर डी आई ओ एस ने कसा शिकंजा

**अवधनामा संवाददाता**

**कालातीत मिलने पर कार्रवाई के निर्देश दिए**

**अमेठी।** जनपद में अवैध रूप से संचालित कोचिंग संस्थानों के विरुद्ध जिला विद्यालय निरीक्षक ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। डी आई ओ एस ने कहा है कि जिन कोचिंग संस्थानों ने नवीनीकरण नहीं कराया है, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि जनपद में बिना पंजीकरण के विधि विरूद्ध ढंग से कोचिंग संचालित हो रही है तथा कुछ पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं द्वारा पंजीकृत छात्र संख्या से अधिक छात्राओं को सम्मलित किया गया है अथवा बिना नवीनीकरण के कोचिंग संचालित की जा रही है। इस क्रम में उन्होंने समस्त कोचिंग संस्थाओं को सूचित किया कि वह एक सप्ताह के अन्दर अवैध कोचिंग का संचालन बन्द कर दें, कालातीत कोचिंग संस्थाओं का नवीनीकरण करवा लें साथ ही पंजीकृत कोचिंग में नामांकित विद्यार्थियों के सापेक्ष पंजीकरण भी करवा लें, अन्यथा सत्यापन के दौरान यदि अपंजीकृत कोचिंग संचालित पायी जाती है तो सम्बन्धित कोचिंग संस्था के संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जनसामान्य को यदि उनके आस-पास कोई अवैध कोचिंग/शिक्षण संस्थान संचालित है तो सम्बन्धित तहसील प्रभारी क्रमशः तहसील गौरीगंज हेतु राजकीय हाईस्कूल अफुइया के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार रविया मो0नं0-7007450377, तहसील तिलोई हेतु राजकीय इण्टर कालेज राजाफत्तेपुर के प्रधानाचार्य विनोद कुमार पाण्डेय मो0नं0-7905625819, तहसील अमेठी हेतु राजकीय बालिका इण्टर कालेज सोनारीकला के प्रधानाचार्य रत्नेश सिंह मो0नं0-8099231073, मुसाफिरखाना हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कालेज धरौली के प्रधानाचार्य सुनील कुमार 95741 21882 को दूरभाष पर सूचना दें।

# राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा मॉक ड्रिल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिलाधिकारी कार्यालय के द्वारा जनपद के समस्त तहसील (गोण्डा सदर- ''एस0सी0पी0एम0 मेडिकल कालेज, हारीपुर लखनऊ रोड, गोण्डा'' तहसील मनकापुर-पुरानी ट्रेजरी कार्यालय, मनकापुर बाजार, करनैलगंज-तहसील कार्यालय, करनैलगंज, तरबगंज-ग्राम रेतादल सिंह तहसील तरबगंज, गोण्डा) में समस्त तहसील के उपजिलाधिकारी/तहसीलदार की उपस्थिति में आग, भूकम्प, रासायनिक, बिल्डिंग गिरने आदि से राहत व बचाव विषयक पर मॉक ड्रिल कराया गया। जनपद मुख्यालय पर नगर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ''एससीपीएम मेडिकल कालेज में मॉक ड्रिल का स्टेजिंग एरिया बनाया गया। जहां पर भूकम्प/अग्नि सुरक्षा केन्द्र, मनुष्य एवं पशु चिकित्सालय/मेडिकल कैम्प के प्रबन्ध के साथ ही पंडाल की समुचित व्यवस्था की गई। इसके साथ ही स्टेजिंग एरिया में आवश्यक समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई। इस मॉकड्रिल का उद्देश्य वास्तविक आपदा की स्थिति में तैयारियों का मूल्यांकन करना एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना है।इसके माध्यम से भवन परिसर में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी, छात्र एवं आमजन को भूकम्प अथवा आग लगने पर त्वरित एवं सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया का प्रशिक्षण।

पूर्व सूचना एवं चेतावनी सायरन/घंटी/लाउडस्पीकर के माध्यम से आपदा की घोषणा। निकासी प्रक्रिया सभी प्रतिभागियों को निर्धारित आपात मार्गो से सुरक्षित स्थान तक ले जाया जाएगा समूह एकत्रीकरण सुरक्षित स्थान पर उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी, जिससे कोई व्यक्ति छूटा न रहे। मॉक ड्रिल के दौरान आग बुझाने एवं भूकम्प से बचाव के नवीनतम उपकरणों का प्रदर्शन। आम जनता को ÷ड्रॉप, कवर एंड होल्ड÷ (भूकम्प के समय बचाव की तकनीक) का अभ्यास। बच्चों एवं कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा जागरूकता शपथ। राज्य आपदा मोचक बल के द्वारा भूकम्प में फसे हुये व्यक्तियों हेतु राहत व बचाव किया गया।

## चाकूबाजी में दो नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**अवधनामा संवाददाता, मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 16 लोहेपार चौराहे पर बीते बुधवार की शाम पान गुटखा को लेकर हुई विवाद में कुछ लोगों द्वारा दुकानदार को चाकू घोंपकर हमला कर दिया गया था। उक्त प्रकरण में पुलिस ने दो नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार दुकानदार तैयब अंसारी की पत्नी मन्ना खातून कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर जिक्र किया है कि लोहेपार चौराहे पर मेरे पति पान गुटखा का दुकान चलाते है। बीते बुधवार की शाम पान गुटखा को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें मेरे पति को चाकू से हमला कर घायल दिया गया था। इसमें धर्मेंद्र सिंह पुत्र दरोगा सिंह निवासी लोहेपार महतो टोला व इसके साला अमित उर्फ हैपी पुत्र जय सिंह निवासी बेलवा सुदामा थाना कोतवाली हाटा व दो अज्ञात लोग शामिल है।

# दस साल में भी नहीं बढ़ी फलों की खरीद राशि, तीन महीने से स्कूलों को नहीं मिली कन्वर्जन कास्ट

**दूध और फलों के दाम बढने से वितीय संकट महसूस कर रहे एम डी एम बनवाने वाले हेडमास्टर और ग्राम प्रधान**

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** परिषदीय विद्यालयों में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना की कन्वर्जन कास्ट कभी समय से नहीं आती है। सोमवार को बच्चों को फल दिया जाता है। फलों की खरीद के लिए निर्धारित धनराशि फल वितरण योजना के आरंभ होने से अब तक चार रू प्रति छात्र ही है।

पिछले दस सालों के भीतर मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की ओर कन्वर्जन कास्ट तीन बार बढ़ाई जा चुकी है, परंतु फलों की खरीद के लिए धनराशि नहीं बढ़ी। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने एक साल पहले कार्यकारिणी की बैठक के माध्यम से सरकार से कन्वर्जन कास्ट और खाद्यान्न का मासिक आवंटन करने की मांग की थी, परंतु सरकार ने इस पर अभी तक कोई विचार नहीं किया।



परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत कई शिक्षकों ने बताया कि कन्वर्जन कास्ट की धनराशि का भुगतान पिछले तीन महीने से नहीं हुआ है। फलों की धनराशि भी नहीं आई है। बारिश के मौसम में फलों के दाम बढ़े हुए हैं, आगे 22सितम्बर से नवरात्र में फलों के दाम और बढ़ने की सम्भावना है। बच्चों को फल देना मुश्किल हो रहा है। बाजार में फलों के दाम बढ़े हुए हैं। पिछले सप्ताह अच्छी क्वालिटी का केला 60रू दर्जन से नीचे नीचे बिका। एक केले का मूल्य पांच रुपए पड़ रहा है। मिलते चार रुपए हैं।और फल और मंहगे है।सेब को बच्चों को काटकर खिलाना सम्भव नहीं है।

परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को भोजन के साथ फल देने की योजना अखिलेश यादव की सरकार ने लागू की थी। योगी सरकार दूसरी बार राज्य की सत्ता में है। योगी -2सरकार ने अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

### लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए चार महीने से नहीं मिली धनराशि

**अमेठी।** आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चे भी स्कूलों में दोपहर का भोजन करते हैं।बाल वाटिका शुरू होने के बाद इन केन्द्रों की निगरानी स्कूलों के जिम्मे है।इन बच्चों को पका पकाया भोजन देने के निर्देश हैं।भोजन के मद में सरकार की ओर से मिलने वाली धनराशि चार महीने से नहीं आई है। जिला समन्वयक अरूण त्रिपाठी ने कहा किकन्वर्जन कास्ट की धनराशि जिले को प्राप्त नहीं हुई है। शीघ्र आने की सम्भावना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि मांग पत्र भेजा गया था। बजट आ गया है। एक दो दिन में धनराशि बैंक खातों में भेज दी जाएगी।

# यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक संहिता गौतम ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में की, जहां पर उन्होंने अवगत कराया गया कि जनपद के प्रमुख चौराहे पर उप निरीक्षक यातायात को सेक्टर प्रभारी नियुक्त कर यह निर्देशित किया गया है कि वह विशेष अभियान चलाकर नाबालिग वाहन चालकों एवं दो पहिया वाहनों की ट्रिपलिंग एवं भारी वाहनों से यात्रा, नशे में वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करें, अपर जिलाधिकारी ने समस्त डीजल एवं पेट्रोल पंपों के आउटलेट्स पर ''नो हेलमेट नो फ्यूल'' संबंधी होर्डिंग जिला पूर्ति अधिकारी को लगवाने तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा प्रचार प्रसार कराए जाने तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाने हेतु, स्कूल कॉलेज और विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु निर्देशित किया, साथ ही साथ अपर जिलाधिकारी को यह भी अवगत कराया गया कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चालकों द्वारा नशे में बसों के संचालक को रोकने हेतु रात में सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक सुरक्षा अधिकारी एवं पेट्रोलिंग पार्टियों द्वारा चेकिंग अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपर जिलाधिकारी महोदया को अवगत कराया गया कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में बेहतर चिकित्सा सुविधा जनपद में उपलब्ध कराई जा रही है, एंबुलेंस सेवा 108 के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद में संचालित है, जनपद में कुल 28 एंबुलेंस सेवा वर्तमान में है, जिन्हें एक लाख की आबादी एवं अधिकतम 15 किलोमीटर की दूरी पर मुख्य-मुख्य स्थान पर चिन्हित कर खड़ा किया गया है, जिनका मानक रिस्पांस टाइम 15 मिनट है, जिला चिकित्सालय फिरोजाबाद, जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद एवं समस्त ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक केंद्रों में 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं दी जा रही है। अंत में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि ओवर स्पीड की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक कैमरे लगवाए जाएं तथा प्रवर्तन की कार्यवाही कराई जाए, टोल प्लाजा पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा आने जाने वाले लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाए, ब्रीथ एनेथाइलजर के माध्यम से शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर प्रवर्तन की कार्यवाही की जाए, ''नो हेलमेट नो फ्यूल' के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाए, एक्सप्रेसवे एवं नेशनल हाईवे पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था कराई जाए, एक्सप्रेस वे व नेशनल हाईवे पर अवैध कटों को बंद किया जाए, एक्सप्रेसवे एवं नेशनल हाईवे पर ब्लैक स्पॉट व अवैध कट को दर्शाने हेतु पर्याप्त मात्रा में साइनेज लगाया जाए, साथ ही साथ प्रत्येक 10 किलोमीटर पर एक एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए, अपर जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों को सुरक्षित करना हम सब की जिम्मेदारी है, जिसका निर्वहन हम सबका उत्तरदायित्व ढंग से करना होगा।

## श्री नव दुर्गा पूजा समिति की बैठक सम्पन्न

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** बल्दीराय क्षेत्र के रैचा ग्राम सभा के भवानीगढ बजार मे शुक्रवार को श्री नव दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई जिसमे मां दुर्गा के पंडाल की सजावट और पूजन व्यवस्था सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

इस बैठक की अध्यक्षता जय प्रकाश पाण्डेय ने की। बैठक में सभी सदस्यो को अलग अलग व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया। बैठक मे समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्रा, कृष्ण कुमार यादव, उपाध्यक्ष राम प्रकाश पाण्डेय कोषाध्यक्ष शनि पाण्डेय, विपिन पाण्डेय, दिलीप यादव, राजेश यादव, कपिलदेव, सिद्धान्त शेखर, शिशु पाण्डेय, आनन्द मिश्रा, नितिन मिश्रा, मनोज पण्डिय, अमन अग्रहरि, अभय, अखिलेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# एसपी रामनयन सिंह ने किया प्रयास, जिलों को मिली 11 पुलिस चौकियां की सौगात

■ ग्रामीणों की दूर होगी समस्या,अपराधियों के पस्त होंगे हौसले

अतहर मेहदी



**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा जिले में शान्ति सुरक्षा कानून व्यवस्था अपराध नियंत्रण तथा जनसुनवाई को अधिक सुगम बनाने हेतु जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ नवीन पुलिस चौकियाँ स्थापित कराई गयी हैं।

इन पुलिस चौकियों की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्र की आम जनता को अपनी फरियाद लेकर थानों से पुलिस कार्यालय तक जाने में होने वाली असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा इसके अलावा थानों में चौकी स्तर पर पुलिस बल की तैनाती से क्षेत्र में गश्त व निगरानी व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी। साथ ही स्थानीय जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण भी सुनिश्चित हो सकेगा। पुलिस चौकी पर प्रभारी अधिकारी सहित पर्याप्त पुलिस बल की नियुक्ति की गई है। चौकी की स्थापना से आस-पास के नागरिकों को थाना स्तर तक जाने की आवश्यकता कम होगी और आमजन को त्वरित न्याय व सहायता प्राप्त होगी। इस नवीन चौकियों में पुलिस चौकी चहलारी घाट, पुलिस चौकी रमपुरवा, पुलिस चौकी मेटुकहा, पुलिस चौकी खैरा बाजार, पुलिस चौकी इमामगंज, पुलिस चौकी मटेरा चौराहा, पुलिस चौकी शंकरपुर, पुलिस चौकी जंगलीनाथ मन्दिर, पुलिस चौकी रायबोझा, पुलिस चौकी गायघाट, पुलिस चौकी कारीकोट आदि पुलिस चौकियों की सौगात जनपदवासियों को मिली है जिसको लेकर आमजन उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह और उनकी टीम द्वारा किए गए इस जनहित के कार्य की सराहना कर रहे हैं।

# नवरात्रि व दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

■ नगर मजिस्ट्रेट की अपील, शांति और सौहार्द बनाए रखें जनपदवासी

अवधनामा संवाददाता





**बहराइच।** जनपद में आगामी त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर व नगर मजिस्ट्रेट द्वारा महासमिति दुर्गा पूजा कमेटी बैठक आयोजित की गयी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। नगर के घंटाघर पर आज अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा द्वारा नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद के साथ जनपद में आगामी त्यौहार नवरात्रि व दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर पुलिस चौकी पर महासमिति दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामों पर चर्चा की गई अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात किया जाएगा । नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की जाती है, किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें । दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं और शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में मूर्ति स्थापना और सजावट का काम चल रहा है, इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि दुर्गा पूजा का त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाया जा सके।इस दौरान सदर एसडीएम पूजा चौधरी क्षेत्राधिकारी नगर पहुप सिंह, नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह देहात कोतवाल दद्दन सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना दरगाह शरीफ रामाज्ञा सिंह एवं अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## गूगल सर्च करे कांग्रेस की पोल पट्टी सामने आ जाएगी : अर्पणा

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अर्पणा यादव शुक्रवार को सुल्तानपुर पहुंचीं। यहां उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्र विरोधियों की नींद खराब कर दी है। उन्होंने कांग्रेस पर वोट चोरी का आरोप भी लगाया। राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम संबंधी बयान पर अर्पणा यादव ने कहा कि वोट चोरी करना एक विषय है और कांग्रेस से ज्यादा वोट चोरी किसने की है। उन्होंने बोफोर्स प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि गूगल सर्च करने पर कांग्रेस की पोल पट्टी सामने आ जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने आतंकवाद फैलाने वालों की नींद उड़ा दी है और राष्ट्र विरोधियों की नींद बिल्कुल खराब कर दी है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि राहुल गांधी अजीब तरीके से बात करते हैं। हो सकता है कि वे प्रधानमंत्री की तारीफ करने के बजाय इस तरह की बातें कर रहे हों। अर्पणा यादव ने राहुल गांधी के सरकारी एजेंसियों के बारे में अनाप-शनाप बोलने पर आपत्ति जताई।

# शाहजहांपुर लोकपाल मनरेगा ने जांच में पकड़ा घोटाला

■ सेक्रेटरी, रोजगार सेवक, प्रधान व तकनीकी सहायक से होगी वसूली

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद में एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर जांच के दौरान लोकपाल मनरेगा ने घोटाले का खुलासा करते हुए दुरुपयोग की गई मनरेगा धनराशि वसूली के आदेश जारी किए हैं पूरा मामला कटरा खुदागंज ब्लॉक से जुड़ा हुआ है जहां की ग्राम पंचायत रामपुर नवदिया में मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 22 -23 में एक ही काम की दो अलग-अलग वर्क -आईडी बनाकर मनरेगा में गड़बड़ी कर फर्जी भुगतान कराया गया था जिसकी शिकायत शाहजहांपुर लोकपाल मनरेगा अरविंद कुमार को मिली थी जिसकी जांच सहायक विकास अधिकारी पंचायत व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी द्वारा की गई और जांच में फर्जीवाड़ा सामने आया ग्राम पंचायत रामपुर नवदिया में वर्ष 2021-22 अकबरी जलालपुर संपर्क मार्ग से मुर्शिद अली के खेत और समीउद्दीन के खेत तक चकरोड मिट्टी कार्य कराया गया था इसी कार्य की दोबारा वर्ष 2022-23 में दूसरी वर्क आईडी बनाकर 163703 फर्जी भुगतान कर लिया गया इसी तरह इसी ग्राम पंचायत में वर्ष 2021-22 में फरीदपुर मार्ग से राजेंद्र पंडित के खेत तक चक रोड मिट्टी कार्य कराया गया था जिसे दूसरी वर्क आईडी जारी कर वर्ष 2022-23 में भी 187715 फर्जी भुगतान कर लिया गया जांच में मामला सामने आने के बाद लोकपाल मनरेगा ने संभाग प्रतिशत के अनुपात में ग्राम विकास अधिकारी अनुराग पाराशरी, तकनीकी सहायक अवनीश कुमार, ग्राम प्रधान उदैत से मनरेगा धनराशि फर्जी भुगतान की धनराशि 260499.00 (दो लाख साठ हजार चार सौ रुपए रिकवरी के आदेश दिए हैं इस दौरान ग्राम प्रधान ने बताया कि इस भुगतान के दौरान कोई रोजगार सेवक नहीं था और यह कार्य पंचायत सचिव और प्रधान द्वारा कराया गया है।

### ग्राम प्रधान सेक्रेटरी की सफाई भी नहीं आई काम

पूरी जांच के दौरान जब जांच अधिकारी और लोकपाल मनरेगा ने संबंधित ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान को स्पष्टीकरण देने का मौका दिया तो ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने स्पष्टीकरण में बताया कि दोनों चक मार्ग बनवाए गए थे जो बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हो गए जिससे लोगों को आवागमन में दिखते हो रही थी इसलिए दोबारा इन चक मार्गों पर कार्य कराया गया लेकिन जांच में इसकी पुष्टि नहीं हो सकी और ग्राम प्रधान पंचायत सचिव की सफाई काम नहीं आई मनरेगा लोकपाल का तर्क था कि कोई भी कार्य अगर किसी विशेष परिस्थितियों में दोबारा कराया जाता है तो उसके लिए उच्च अधिकारियों से अनुमति लेना आवश्यक है जो नहीं ली गई थी और जांच के दौरान बाढ़ से चक मार्ग क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि भी नहीं हुई।

### मनरेगा भ्रष्टाचार के मामले में ग्राम प्रधान और सचिव पर हो मुकदमा दर्ज शिकायतकर्ता

वहीं दूसरी तरफ इस मामले में शिकायतकर्ता रमेश कनौजिया ने कहा कि इस तरह के भ्रष्टाचार के मामले में संबंधित पंचायत सचिव रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए सिर्फ रिकवरी से भ्रष्टाचार रुकने वाला नहीं है शिकायतकर्ता ने कहा इस तरह के भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारियों पर मुकदमे दर्ज नहीं होते हैं इसीलिए लगातार भ्रष्टाचार बढ़ता चला जा रहा है और और पकड़े जाने पर कर्मचारी रिकवरी के लिए हर समय तैयार रहते हैं और भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लग पाती।

## महिला आयोग सदस्या का बढ़ाया गया कार्यकाल



**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)।** जनपद की महिला आयोग की सदस्या रैनू गौड़ का कार्यकाल 1 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है, उन्होंने कहा है कि लगातार वह युद्ध स्तर पर महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करती रहेगी। जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कल शनिवार को तहसील सदर में प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की समस्यायें सुनेंगे और उनका निस्तारण करायेंगे। इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त तहसील सभागार में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

## कृषक कालेज में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा के प्रांगण में क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता बछगांव टूंडला क्षेत्र का आयोजन किया गया। कबड्डी का शुभारंभ कालेज प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय, आरपी सिंह प्रधानाचार्य, बृजेश यादव प्रधानाचार्य ने फीता काटकर किया एवं सभी खिलाड़ियों का परिचय लिया। बालिका वर्ग में अंडर-19 पचोखरा, अंडर 17 बछगांव एवं अंदर 14 में बछगाँव विजेता घोषित किया गया। बालक वर्ग में अंदर-19 में आरपीएस भोड़ेला विजेता, कृषक पचोखरा, उपविजेता अंडर 17 आरआरएम बछगांव विजेता, कृषक पचोखरा उपविजेता अंदर 14 आरआरएम विजेता, कृषक पचोखरा उपविजेता घोषित किया गया। सभी प्रतियोगी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका में महावीर प्रसाद शर्मा, नरेंद्र सिंह, गोकुल चंद्र गौतम एवं अमित उपाध्याय रहे। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार जैन, हरिओम शर्मा, दिनेश राय, प्रवेंद्र मिश्रा, दिनेश कुमार, धर्मवीर सिंह, गौरव यादव, अमर सिंह राठौड़ पारसनाथ एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## वोट चोरी कर भाजपा ने बनाई सरकार: गौतम

**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)।** कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत रुधऊ मुस्तकिल के गांव नगला रामकिशन में हस्ताक्षर अभियान चलाया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. बीएस गौतम ने कहा कि वोट चोरी से भाजपा ने देश में सरकार बनाकर जनता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वोट चोरी का खुलासा करके कांग्रेसियों में जोशभरा है।

## न्यायालय सूचना

मा.सिविल जज जू.डि. 2nd ,शहर सहारनपुर! मूलवाद न.476 सन 2020 पंजाब एंड सिंध बैंक(हेड ऑफिस)21, राजिंद्रा पैलेस,न्यू दिल्ली का शाखा ऑफिस,सिविल लाइन एरिया, सहारनपुर द्वारा शाखा प्रबंधक (प्रार्थी). ... बनाम... 1..अरविंद शर्मा पुत्र श्री हरफूल सिंह 2..श्रीमति ऊषा पत्नी श्री अरविंद शर्मा दोनों नि.सरिता विहार, विनय नगर,पेपर मिल रोड़, सहारनपुर (विपक्षी) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाज़ा आपको हुक्म होता है कि आप असालतन या वकालतन दि.3/10/2025 को दस बजे दिन मेरे न्यायालय में हाज़िर हो कर जवाब देही दावा करें उसी रोज़ जुमला गवाह ,शहादत और सभी दस्तावेज़ जो अपनी ताईद में प्रस्तुत कर चाहें पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे द्वारा दि.19/9/ 25 को जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज (जू.डि.) 2 nd सहारनपुर।**

# केएनआईटी में बिना पीएचडी पदोन्नति के मामले में मुख्यमंत्री से शिकायत

अवधनामा संवाददाता




**सुल्तानपुर।** भारत सरकार के राजपत्र संख्या 182 के विपरीत पीएचडी किए बिना ही कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, सुल्तानपुर के व्याख्याताओं की हो रही कैश के अंतर्गत पदोन्नति। बताते चले केएनआईटी में कार्यरत तीन व्याख्याता की पदोन्नति का प्रस्ताव बिना पीएचडी किए ही प्रशासनिक परिषद (बीओजी) की 56 वीं बैठक में रखा गया था जिस पर आपत्ति के बाद गठित कमेटी गठित ने पदोन्नति के प्रस्ताव पर असहमति जताई। 57वीं प्रशासनिक परिषद (बीओजी) की बैठक में पीएचडी किए बिना तीनों व्याख्याताओं की पदोन्नति के प्रस्ताव को पुनः निरस्त कर दिया। सूत्रों का कहना है कि प्रशासनिक परिषद (बीओजी) 60 वीं बैठक में निदेशक, केएनआईटी ने तथ्यगोपन करते हुए उपरोक्त प्रस्ताव को स्वीकृत करा लिया।

केएनआईटी के निदेशक डॉ राजीव कुमार उपाध्याय द्वारा 2018 के शासनादेश के विपरीत आर के सिंह, वाई के सिंह, प्रो समीर श्रीवास्तव आदि को वेतन वृद्धि देने की संस्तुति की गई है। जबकि ऐसे ही प्रकरण में निदेशक डॉ राजीव कुमार उपाध्याय और कुलसचिव डॉ ए के चौहान के द्वारा जारी पत्र से डॉ अवधेश द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 07 वर्ष के भीतर पीएचडी पूर्ण नहीं कर पाने पर उनकी वेतन वृद्धि रोक दी है। जिसके बारे पूछने पर केएनआईटी के निदेशक डॉ राजीव कुमार उपाध्याय ने कहा कि मैं इन प्रकरणों पर कुछ नहीं कहूंगा। वेतन भुगतान होने के बाद ही कुछ बता पाऊंगा। अधिक जानकारी के लिए कुलसचिव डॉ ए के चौहान से बात कर सकते हैं। कुलसचिव डॉ ए के चौहान ने बताया कि मुझे इन प्रकरणों से संबंधी नियम का ज्यादा ज्ञान नहीं है। क्योंकि प्रशासनिक परिषद (बीओजी) में जो प्रस्ताव रखा जाता है। उसके सचिव केएनआईटी के निदेशक होते है। जो मेरे ऊपर के स्तर के हैं। क्या सही है क्या गलत इस बात को निदेशक ही बता सकते हैं। उपरोक्त प्रकरणों की पत्रावली पर हमारे द्वारा कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त विषय पर और जानकारी लेने के लिए मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ मणि त्रिपाठी से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बात करने से मना करते हुए कहा गया कि इस प्रकरण पर मुझे बोलने की अनुमति नहीं है। आप डायरेक्टर से बात कर सकते हैं। दोनों प्रकरणों पर उत्तर नहीं दे पाए केएनआईटी के निदेशक, कुलसचिव और मीडिया प्रभारी। इसके डीडीओ एडीएम वित्त होते हैं जिनके हस्तक्षेप से निदेशक द्वारा किए तथ्य गोपन का खुल सकता है राज। इन प्रकरणों की शिकायत जनसुनवाई के माध्यम से मुख्यमंत्री से हुई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

अवधनामा संवाददाता

**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** हलियापुर थाना क्षेत्र के कांकर कोला गांव में शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक नव विवाहिता की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अजमेरुल निशा उम्र लगभग बीस वर्ष जिनका मायका कोटवा कोछित जनपद अमेठी है। उसकी शादी बीते जून माह में हलियापुर थाना क्षेत्र के कांकर कोला निवासी इशतिखार पुत्र इलियास के साथ हुई थी पति इशतिखार भाइयों के साथ दिल्ली में रोजगार करता है घर पर अजमेरूल निशा की ननद हिना व बुजुर्ग सास तथा ससुर इलियास रहते हैं। शुक्रवार सुबह ससुर इलियास दवा लेने के लिए लखनऊ गया था घर पर बुजुर्ग सास व ननद हिना तथा मृतका अजमेरुल निशा थी। इसी बीच किसी पारिवारिक विवाद को लेकर अजमेरुल निशा छत पर चली गई जिसके कुछ देर बाद नीचे खाना बना रही ननद हिना जब छत पर पहुंची तो छत के ऊपर बने कमरे में अजमेरूल निशा को टीनशेड की पाइप से दुपट्टे से लटका हुआ देखा उसने शोर मचाया मौके पर परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। सूचना मिलते ही मृतक के ससुर जगदीशपुर से वापस घर पहुंचे तब तक मृतका के मायके वाले भी पहुंच चुके थे सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने विधिक कार्यवाही बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण पटेल ने बताया कि विधिक कार्यवाही बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन के पोस्टर का हुआ विमोचन



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक संस्थान और राष्ट्रीय परिषद के तत्वाधान में आयोजित होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा की कार्यशाला जवाहर ज्योति अनुज पब्लिक स्कूल, सिरसागंज में राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन एवं प्रबंधक संजय शर्मा के संयोजन में सम्पन्न हुई। विद्यार्थी विज्ञान मंथन, वीवीएम के राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस परीक्षा के प्रथम चरण की परीक्षा कक्षा 6 एवं 7 की 28/31 अक्टूबर 2025, कक्षा 8 एवं 9 की परीक्षा 29 अक्टूबर- 01 नवम्बर 2025, कक्षा 11 एवं 12 की परीक्षा 30 अक्टूबर-02 नवम्बर 2025 है एवं परीक्षा का तरीका ऑनलाइन है। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक 90 मिनट का होगा। छात्र केवल एक बार ही लॉग इन कर सकेंगे। इसके परिणाम की घोषणा 7 नवंबर, 2025 एवं द्वितीय चरण का परिणाम 27 नवम्बर 2025 को होगी। इस परीक्षा का शुल्क व्यक्तिगत रूप से या स्कूल के माध्यम से पंजीकरण कराने वाले छात्रों को दो सौ रुपये का शुल्क देना होगा। राज्य स्तरीय शिविर में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 25 रैंकर्स को एक या दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए पहचाना जाएगा। शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर में प्रत्येक कक्षा से शीर्ष दो छात्रों यानी प्रत्येक राज्य से कुल 12 छात्रों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। छात्र अधिक जानकारी https://vvm-org-in पर कर सकते हैं। संजय शर्मा ने सभी शिक्षक साथियों के साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन के ब्रोशर का विमोचन करते हुए सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विज्ञान के कार्यक्रमो में प्रतिभाग कराएं। कार्यशाला का सफल संचालन प्रधानाचार्य मनोज अवस्थी ने किया।

## दो दिवसीय प्रवेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर के निर्देशानुसार आज से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर में 02 दिवसीय प्रवेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम श्री संतोष कुमार-तृतीय एवं अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर विजय कुमार गुप्ता ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर चयनित पैरालीगल वालेन्टियरगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षणदाता सिविल जज (प्र0ख0) एफ0टी0सी0 सुलतानपुर भव्या श्रीवास्तव, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष आर0पी0 शुक्ला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल तारकेश्वर सिंह एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी वी0वी0 वर्मा ने पैरालीगल वालेन्टियरों को विस्तृत जानकारी दी और प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जनसामान्य एवं जरूरतमंदों को त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय एवं विधिक सहायता की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

## कार्यालय ग्राम पंचायत नाद पसियापुर, विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नाद पसियापुर की वित्तीय वर्ष 2024- 25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार केन्द्रीय वित्त/पंचम राज्य वित्त/आर0जी0एस0ए0/एस0एल0डब्ल्यू0एम0/ग्राम निधि VI/मनरेगा/एस0बी0एम0 योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खंडजा निर्माण/मरम्मत, आंगनबाडी केन्द्र निर्माण/मरम्मत/रंगाई पुताई व पेंटिंग, आंगनबाड़ी किट, वेट मशीन, अस्थाई बाउड्री, स्कूल व पंचायत भवन/राजीव गांधी सेवा केंद्र, ऑपरेशन त्रिनेत्र, इंटरलाकिंग निर्माण, मिट्टी कार्य, विद्यालय कायाकल्प, पुस्तकालय निर्माण, बाउन्ड्रीवाल निर्माण/मरम्मत, पशुशेड, अमृत सरोवर, फर्नीचर क्रम, सोलर/स्ट्रीट लाइट क्रय/स्ट्रीट लाइट मरम्मत, हैण्डपम्प रीबोर/मरम्मत, ह्यूम पाइप क्रय, ई-रिक्शा क्रय/ई-रिक्शा मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण, कैमरा क्रय, शोकपिट निर्माण, शौचालय मरम्मत, वृक्षारोपण, गौशाला निर्माण, भूसा-चोकर हरा चारा आदि क्रय, अन्नपूर्णा भवन, सी0एस0सी0 निर्माण व प्रचार प्रसार, एस0आई0डब्ल्यू0एम0 के अन्तर्गत कार्य आदि कराये जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिये जिसमें ईट, रोड़ा, खंजर ईट, मोरंग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, तार, टाइल्स, पाइप इण्टरलाकिंग ईट, ह्यूम पाइप सोलर/स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी साइन बोर्ड पटान हेतु मिट्टी, ई-रिक्शा, गेट/विन्डो, फोगिंग,स्प्रे, एंटी लार्वा, टीन चादर, कैमरा, ढेली क्रय/मरम्मत, सफाई किट, पंचायत कार्यालय हेतु सामग्री व अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु शीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 01 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें एक सप्ताह बाद अपरान्ह 1 बजे खोली जाएगी।

**तबस्सुम बेगम**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नाद पसियापुर,
विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत

**सचिव**
ग्राम पंचायत नाद पसियापुर,
विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत

# हमीरपुर में ज्वार, बाजरा और धान की खरीद 1 अक्टूबर से होगी शुरू

ऑनलाइन पंजीकरण जरूरी



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर किसानों से सीधे अनाज खरीदा जाएगा। इसके लिए 1 अक्टूबर, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक ज्वार और बाजरा की खरीद होगी, जबकि 1 नवंबर, 2025 से 28 फरवरी, 2026 तक धान की खरीद की जाएगी। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल www.fcs.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

**क्या हैं न्यूनतम समर्थन मूल्य-** ज्वार: हाइब्रिड ज्वार के लिए 3699 प्रति क्विंटल और मालदांडी ज्वार के लिए 3749 प्रति क्विंटल। **बाजरा:** 2775 प्रति क्विंटल। **धान:** कॉमन धान के लिए 2369 प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2389 प्रति क्विंटल।

**पंजीकरण कैसे करें:** किसान अपने मोबाइल, जन सुविधा केंद्र या साइबर कैफे के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए आधार नंबर और मोबाइल पर आने वाले OTP का उपयोग होगा। इसलिए, सुनिश्चित करें कि आप अपना वर्तमान मोबाइल नंबर ही दर्ज करें। बैंक खाता और आधार: भुगतान सीधे आधार से लिंक बैंक खाते में क्क्नरूर के माध्यम से किया जाएगा। इसलिए, आधार कार्ड, बैंक खाते और मोबाइल नंबर में दर्ज नाम और वर्तनी (स्पेलिंग) एक जैसी होनी चाहिए। परिवार का सदस्य: यदि किसान खुद खरीद केंद्र पर नहीं जा पाते हैं, तो वे पंजीकरण के समय अपने परिवार के किसी नामित सदस्य (जैसे माता-पिता, पति/पत्नी, पुत्र/पुत्री आदि) का आधार विवरण भर सकते हैं।

**खरीद केंद्र-** ज्वार की खरीद के लिए सुमेरपुर, कुरारा, मौदहा, राठ, मुस्करा, सरीला (उपमंडी) और गोहांड (उपमंडी) में केंद्र बनाए गए हैं। बाजरा के लिए सुमेरपुर, कुरारा और मौदहा में, जबकि धान के लिए सुमेरपुर, कुरारा, मुस्करा और राठ में केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए जल्द से जल्द ऑनलाइन पंजीकरण कराएं।

## रेनुसागर में रामलीला मंचन 22 सितम्बर से

**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के मार्गदर्शन में रामलीला समिति रेनुसागर के तत्वावधान में इस वर्ष भी 22 सितम्बर से भव्य रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर तैयारियाँ जोरों-शोर से चल रही हैं। समिति के सदस्यों, कलाकारों द्वारा लगातार रिहर्सल और आयोजन स्थल की सजावट में सक्रिय भूमिका निभा रहे है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुये रामलीला समिति रेनुसागर के अध्यक्ष नविंद्र पाठक ने बताया कि रामलीला में पारंपरिक झाँकियों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों का भी समावेश किया जाएगा, जिससे दर्शकों को एक अनूठा अनुभव मिलेगा। उन्होंने बताया कि रामलीला का शुभारंभ 22 सितंबर को रावण द्वारा शिव स्तुति,शिव-सती संवाद दशरथ-श्रवण प्रसंग से होगा और समापन 3 अक्टूबर को मर्यादा पुरुषोत्तम राम को राजगद्दी एवं भरत मिलाप के साथ किया जाएगा।वही कोषाध्यक्ष श्याम वियाला के नेतृत्व में रामलीला मंचन में विभिन्न प्रसंगों के अभिनय के लिए रेनुसागर के 110 कलाकारों अपनी-अपनी प्रस्तुति देंगे।

# शारदीय नवरात्रि को लेकर बिवांर थाने में पीस कमेटी की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** आगामी शारदीय नवरात्रि के मद्देनजर, हमीरपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी मौदहा ने आज थाना बिवांर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की।। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराना था।

बैठक में विभिन्न समुदायों के धर्मगुरु, प्रमुख समाजसेवी और संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और CCTV कैमरों से निगरानी की जाएगी।

भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने पर भी विशेष चर्चा हुई, खासकर मंदिरों और जुलूस मार्गों पर। सभी से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें। क्षेत्राधिकारी ने सभी धर्मगुरुओं और समाजसेवियों से अपने-अपने समुदायों में शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने की सलाह दी और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने का अनुरोध किया। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर त्योहारों को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### राम जनम ने प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय ज्ञान प्रणाली के विषय में जानकारी दी



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)।** विकास खण्ड महेवा के ब्लॉक संसाधन केंद्र बकेवर पर चल रहे बुनियादी भाषा और गणित के गतिमान प्रशिक्षण में स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय ज्ञान प्रणाली के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि इंडियन नॉलेज सिस्टम (भारतीय ज्ञान प्रणाली आईकेएस) भारत की प्राचीन ज्ञान, विज्ञान और जीवन दर्शन की एक समग्र प्रणाली है, जो वेदों, उपनिषदों और अन्य शास्त्रीय ग्रंथों पर आधारित है। यह ज्ञान हस्तांतरण की एक व्यवस्थित विधि है, जिसमें शिक्षा, कला, स्वास्थ्य, गणित, खगोल विज्ञान और अन्य क्षेत्रों का समावेश है।। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) इस परंपरा को आधुनिक शिक्षा में एकीकृत करने पर जोर देती है ताकि छात्रों को भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जोड़ा जा सके। संस्था प्रथम की जिला समन्वयक शिवानी सिंह ने कक्षा 4 और 5 की भाषा और गणित की योजना तथा आकलन के टूल्स बताए। इस अवसर पर उपेंद्र कुमार, चंद्रकांत त्रिपाठी , राजबीर सिंह, पूजा चौधरी, शैलेन्द्र कुमार, अविनाश पचौरी, कुंवर पाल, प्रशांत शुक्ला, जयवीर आदि उपस्थित रहे।

### छोटे-छोटे बच्चों ने सुंदर व मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)।** प्राथमिक विद्यालय बिचपुरी खेड़ा में चहक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चहक कार्यक्रम आंगनबाड़ी व कक्षा एक के बच्चों से संबंधित होता है इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने सुंदर और मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार ने दीपक प्रज्वलन के साथ किया।। कार्यक्रम में एसआरजी संजीव चतुर्वेदी और मीनाक्षी पांडे में उपस्थित रही। कार्यक्रम में निपुण बच्चों व शत- प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा बाल वाटिका के बच्चों को स्टेशनरी वितरण किया। अंत में विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्वेता चंदेल ने सभी का आभार प्रस्तुत किया और स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### सर्वजन सुखाय पार्टी की मोटरसाइकिल रैली निकाली गई



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)।** सर्वजन सुखाय पार्टी की विधानसभा द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली गई, जिसका शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव के द्वारा झंडी दिखाकर किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री यादव ने संबोधित करते हुए कहा हमारी पार्टी प्रत्येक विधानसभा में पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए मोटरसाइकिल रैली निकालेगी और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रैली में आए हुए सभी का अभिवादन करते हुए हौसला अफजाई की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, प्रमुख महासचिव रामदास यादव, प्रदेश महासचिव अभिलाख यादव, प्रदेश सचिव सुशील यादव, प्रदेश सचिव राजा यादव, प्रदेश सचिव अजय राठौर, कानपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, इटावा जिला अध्यक्ष विनय यादव, कानपुर मंडल महासचिव मनोज यादव आदि पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### यूरोलॉजिकल कैंसर के रोगियों के लिए यूपीयूएमएस में यूरो-ऑन्कोलॉजी क्लिनिक का शुभारंभ



**सैफई, इटावा (अवधनामा ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (PUMS), सैफई में शुक्रवार को यूरो-ऑन्कोलॉजी क्लिनिक का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर अजय सिंह ने किया। उन्होंने इस अवसर उन्होंने कहा कि यह विशेष क्लिनिक गुर्दे, मूत्राशय, प्रोस्टेट, अंडकोष एवं लिंग के कैंसर जैसे गंभीर यूरोलॉजिकल कैंसर से पीड़ित मरीजों के लिए उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करेगी। क्लिनिक का उद्देश्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि कैंसर की शीघ्र पहचान, समग्र देखभाल, परामर्श और जन-जागरूकता को भी बढ़ावा देना है। यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ एम ए खान ने कहा कि आधुनिक उपकरणों और अनुभवी विशेषज्ञों की टीम से सुसज्जित यह क्लिनिक आसपास के क्षेत्र के लिए यूरो-ऑन्कोलॉजी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। इस नई सुविधा के साथ सैफई एवं आसपास के जिलों के रोगियों को अब कैंसर उपचार के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा और उन्हें एक ही स्थान पर विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ आदेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ एसपी सिंह यूरोलॉजी विभाग के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### जेल में बंदी की हत्या पर अधिवक्ताओं और ब्रह्म समाज का आक्रोश



**मौदहा, हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** मौदहा जिला कारागार में बंदी अनिल द्विवेदी की हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है, जिससे क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल है। इस घटना के बाद, ब्रह्म समाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने हत्या के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। ब्रह्म संस्कार एवं कल्याण समिति ने इस मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि यदि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करके फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा नहीं चलाया गया और उन्हें कड़ी सजा नहीं दी गई, तो समिति एक बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। समिति के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने इस जघन्य अपराध में शामिल सभी अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। यह घटना समाज में व्याप्त असंतोष और न्याय की आवश्यकता को दर्शाती है, और सामाजिक संगठन न्याय सुनिश्चित करने के लिए दबाव बना रहे हैं।

### आगामी त्योहारों को लेकर जलालपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज थाना जलालपुर में एक पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।। यह बैठक उपजिलाधिकारी (SDM) बलराम गुप्ता की अध्यक्षता में हुई, जिसमें क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय भी मौजूद थे। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें ग्राम प्रधान, संभ्रांत नागरिक और विशेष समुदाय के लोग शामिल थे।। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित करने पर सहमति जताई कि त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की अशांति न फैले।धिकारियों ने सभी से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस तरह की बैठकों का उद्देश्य समाज में सौहार्द बनाए रखना और आपसी सहयोग से समस्याओं का समाधान करना है।

### सदर विधायक ने चलाया स्वच्छता अभियान



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को नगर के रामलीला मैदान परिसर में सदर विधायक भूपेश चौबे ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने समूचे परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किया।सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री मोदी समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, उनके नेतृत्व में देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। उनके जन्मदिन सप्ताह पखवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर स्थित रामलीला मैदान परिसर में होने वाले रामलीला के मद्देनजर स्वच्छता अभियान चलाया गया। परिसर के सुंदरीकरण पर चर्चा की गई। कहा कि रामचरित मानस से लोगों में नई ऊर्जा का संचार होता है और हमारे भारतीय संस्कृति के तहत परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। बाद विधायक ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार को ग्राउंड परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को निर्देशित किया। इस मौके पर कृष्ण मुरारी गुप्ता , प्रकाश केशरी, बलराम सोनी, ध्रुवकांत द्विवेदी, राजन गुप्ता, अनूप तिवारी आदि मौजूद रहे।।

### रक्तदान महादानः हिंडाल्को ब्लड सेंटर में रोटरी क्लब रेणुकूट ने कराया रक्तदान



**सोनभद्र/ रेणुकूट (अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश सरकार के आह्वान पर सम्पूर्ण प्रदेश के ब्लड बैंकों में 17 सितम्बर को रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में हिण्डाल्को ब्लड सेंटर में आयोजित शिविर में रोटरी क्लब रेणुकूट ने सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर में बड़ी संख्या में स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रोटरी क्लब द्वारा सभी रक्तदाताओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई तथा रक्तदाताओं का पंजीकरण भी किया गया, ताकि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।इस अवसर को सफल बनाने में हिण्डाल्को ब्लड सेंटर के अयान रॉय और सलाउद्दीन शाहिद के साथ रोटरी क्लब रेनुकूट के रो. मनीष सिंह, रो. हेमंत लोढ़ा रो. संजय रूंथला, रो. विशाल कश्यप सहित अन्य रोटरी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### लगातार बारिश ने किसानों के अरमानों पर फेरा पानी

**मौदहा हमीरपुर।** लौटते मानसून के कारण पिछले चार दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इस साल समय पर आए मानसून से अच्छी फसल की उम्मीद थी, लेकिन लगातार बारिश के कारण किसान खेतों की जुताई और बुआई नहीं कर पाए। अब सितंबर के तीसरे सप्ताह में हो रही बारिश से बुआई और भी पिछड़ रही है।किसानों को यह भी चिंता है कि फरवरी के अंत तक पड़ने वाली तेज गर्मी से फसलें समय से पहले पक सकती हैं, जिससे दाना हल्का हो जाएगा, और पैदावार प्रभावित होगी।

# विद्यालय पर गिरी आकाशीय बिजली, दो बच्चों समेत तीन की मौत

- घटना स्थल पर जांच-पड़ताल करते अधिकारी
- हादसे में गंभीर रूप से झुलसीं दो बच्चियों का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार
- चोपन थाना क्षेत्र के कोटा गांव की घटना, सहमे जनपदवासी



### पहाड़ी इलाकों में तड़ित चालक यंत्र लगाने की मांग

आकाशीय बिजली से प्राइवेट विद्यालय के दो बच्चों के साथ ही तीन लोगों की हुई मौत की घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया।जिला अस्पताल के पीएम हाउस कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे सपा के पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने मृतकों के परिजनों का ढ़ाढस बधाया। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन से पहाड़ी क्षेत्रों में तड़ित चालक यंत्र लगवाने की मांग किया। कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में अक्सर बारिश के मौसम में आकाशीय बिजली से लोगों की मौत की घटनाएं सामने आती रहती हैं। पूर्व में जिला प्रशासन से कई बार उक्त क्षेत्रों में तड़ित चालक यंत्र लगवाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र/ब्यूरो।** चोपन थाना क्षेत्र के कोटा गांव स्थित एक प्राइवेट विद्यालय परिसर में शुक्रवार को तेज गरज-चमक के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो स्कूली बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में गंभीर रूप से झुलसी दो छात्राओं को उपचार के लिए चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार चोपन के कोटा गांव स्थित ब्रह्मदेव पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। दोपहर में हल्की बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से छात्र दीपक उम्र 8 वर्ष पुत्र स्व. शिवकुमार निवासी सोनारदंडी, अरविंद उम्र 13 वर्ष निवासी तेलगुड़वा के साथ ही सर्वजीत उम्र 60 वर्ष की मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में गंभीर रूप से झुलसीं सोनमति उम्र 18 वर्ष पुत्री शिवलाल व रेखा उम्र 15 वर्ष पुत्री पंचम निवासीगण तेलगुड़वा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चोपन से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर घटना की जानकारी होते ही मृतक बच्चों के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर ओबरा एसडीएम के साथ पहुंची चोपन थाना पुलिस ने वस्तु स्थिति का जायजा लेने के बाद शवों को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### म्योरपुर क्षेत्र में भी घट चुकी है घटना

म्योरपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के काचन गांव में गत मंगलवार की रात गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक किशोरी की मौत हो गई थी। इस हादसे में मृतका के माता-पिता सहित परिवार के सात लोग झुलस गए थे। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान अंशिका उम्र 13 वर्ष पुत्री प्रमोद के रूप में की गई थी। घटना के वक्त परिवार के सभी सदस्य घर में खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे। उसी दौरान बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर अंकिशा समेत उसके पिता प्रमोद, मां सोनी, भाई आशीष, बहन आशु के अलावा दो अन्य लोग झुलस गए थे। सभी को उपचार के लिए म्योरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान अंशिका की मौत हो गई थी।

### ई-कचरा प्रबंधन एवं लंबित मामलों के निस्तारण पर ज़ोर

**सोनभद्र/सिंगरौली।**संगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में भारत सरकार के निर्देशानुसार स्पेशल कैम्पेन 5.0 के प्रारम्भिक चरण (प्रिपरेटरी फेज) का आयोजन किया जा रहा है। एनसीएल द्वारा गत 15 सितम्बर, 2025 को इस अभियान के प्रारम्भिक चरण की औपचारिक शुरुआत की गयी है जो 30 सितंबर तक चलेगा। कंपनी की सभी परियोजना एवं इकाइयों में 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025 तक स्पेशल कैम्पेन 5.0 के कार्यान्वयन चरण का आयोजन किया जाएगा। स्पेशल कैम्पेन 5.0 के प्रारंभिक चरण के दौरान एनसीएल मुख्यालय सहित सभी परियोजनाओं और इकाईयों में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान साफ-सफाई के लिए विशेष स्थलों को चिन्हित करना, स्क्रैप प्रबंधन व पुरानी फाइलों के निस्तारीकरण, ई-कचरा प्रबंधन, स्पेस व रिकार्ड मैनेजमेंट, वेस्ट टू वैल्थ जैसी गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में समारोह के दूसरे दिन 'किस्सा दुलारी बाई का' भव्य मंचन



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** समूहन कला संस्थान की दो नाट्य प्रस्तुतियो का समारोह एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित हुई, जिसके दूसरे दिन मणी मधुकर की रचना ''किस्सा दुलारी बाई का'' नाट्य प्रस्तुति का सफल मंचन निर्देशक रोज़ी मिश्रा के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख संदीप नायक ने अपने संबोधन में समूहन कला संस्थान के नाटक को अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रासंगिक बताया और कहा कि, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को निरूपित करते इस नाटक का जनसमान्य पर अत्यंत गहरा प्रभाव पड़ेगा एवं आम जनमानस मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित होंगे÷। परियोजना प्रमुख के साथ अध्यक्षा वनिता समाज प्रज्ञा नायक एवं गणमान्य अधिकारीगण पीयूष श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (रसायन), सी एच किशोर कुमार, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), रश्मिरंजन मोहंती, महाप्रबंधक (परियोजना) ने नाटक का आनंद लिया। डॉ0 ओमप्रकाश, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन-राजभाषा) ने कुशल संचालन करते हुए आगत अतिथियों के प्रति अभिनन्दन ज्ञापित किया। 'किस्सा दुलारी बाई का' एक व्यंग्यपूर्ण लोकनाट्य है, जिसकी कथा गाँव की अत्यधिक कंजूस और लालची स्त्री दुलारी बाई के इर्द-गिर्द घूमती है।। दुलारी बाई के लिए धन और सोने की लालसा ही जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है। इसी स्वभाव के कारण वह विवाह से भी दूर रहती है, क्योंकि विवाह के बाद उसकी संपत्ति पर पति का अधिकार हो जाएगा। कथा में कल्लू भांड नामक एक बहरूपिया का प्रवेश होता है।ह कभी साधु तो कभी राजा का रूप धरकर दुलारी बाई को छलावे में फँसाता है। साधु बनकर वह उसे समझाता है कि उसके जीवन की सारी कठिनाइयों और दुखों का कारण उसके पुराने जूते हैं। यदि वह उन जूतों से छुटकारा पा ले, तभी उसके जीवन में सुख और विवाह का मार्ग प्रशस्त होगा।आखिरकार कथा में मोड़ तब आता है जब दुलारी बाई से कल्लू भांड राजा का वेष धर धोखे से विवाह कर लेता है तो दुलारी दुख से रोने लगती है। ईश्वर उसे रोता देख प्रकट हो एक वरदान माँगने का अवसर देते हैं।

# खो-खो प्रतियोगिता संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वावधान में वि0ख0महेवा की ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता खण्ड शिक्षा अधिकारी, उदय सिंह राज के निर्देश पर पी0एम0श्री कम्पोजिट विद्यालय धर्मपुरा के परिसर में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ बच्चों से हाथ मिलाकर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ समाज सेवी डॉ0 हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अपना दल(एस)विशिष्ट अतिथि पिन्टू सिंह राजपूत, प्रधान धर्मपुरा तथा नरोतम सिंह एसएमसी अध्यक्ष के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के उपरान्त सभी अतिथिगणों के स्वागत/सम्मान के साथ प्रतियोगिता आरम्भ की गई, जिसमें विकास खण्ड के विभिन्न संकुलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। खिलाडियों का परिचय मुख्य अतिथियों एवं अशोक राजपूत इ0प्र0अ0/जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ-इटावा द्वारा सामूहिक रूप सामूहिक रूप से किया गया। जिसमें जूनियर स्तर पर-बालक वर्ग में संकुल लाखी मेहदीपुर विजेता तथा संकुल विधीपुर बसैयाहार उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में संकुल विधीपुर बसैयाहार विजेता तथा संकुल लाखी मेंहदीपुर उपविजेता रहे। वही प्राथमिक स्तर पर बालक एवं वालिका वर्ग में दोनों टीमों संकुल बिरहीपुर , धर्मपुरा ने जीत हासिल कर विजेता बनकर अपना परचम लहराया। जेता खिलाडियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सभी को लंच पैकेट वितरित किये गये। प्रतियोगिता ब्लॉक पी0टी0आई0योगेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुई। निर्णायक मण्डल में प्रदीप यादव एवं ललित कुमार, अजय प्रताप सिंह, नीतेश कुमार, अजय प्रकाश सिंह, चक्रपान, अमिता देवी, सुषमा देवी, मंजू राजपूत ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

### संदिग्ध हालत में मिली महिला का इलाज जारी

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर, कुरारा।** कुरारा थाना क्षेत्र के उमराहट गांव के मजरा भेदन डेरा में यमुना नदी के किनारे एक ग्रामीण को निर्वस्त्र हालत में एक महिला मिली। ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

महिला की पहचान इटावा निवासी शैलेश कुमारी (55) पत्नी दिलीप गोस्वामी के रूप में हुई है। होश में आने पर उसने बताया कि उसका पति शराबी है और उससे नाराज होकर वह 17 सितंबर को अपने मायके उरई आ गई थी। गुरुवार शाम को उसने कालपी में पुल से यमुना नदी में छलांग लगा दी थी ताकि अपनी जान दे सके। बहकर वह भेदन डेरा पहुंच गई, जहां ग्रामीणों ने उसे बचाया। पुलिस ने उसके पति को सूचना दे दी है।

# जो भी फॉर्म भरे जाएंगे उसमें आधार कार्ड एवं अन्य प्रूफ लगाए जाऐगे: डीएम




**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** अर्हता तिथि 01.11. 2025 के आधार पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद आगरा खंड शिक्षक/स्नातक निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं मतदेय स्थलों के निर्धारण के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों एवं शिक्षक बल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जो भी फॉर्म भरे जाएंगे उसमें आधार कार्ड एवं अन्य प्रूफ लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान वाली तिथियों का प्रचार प्रसार कराया जाए एवं शिक्षक द्वारा भागीदारी अवश्य की जाए। मतदान केंद्र पर व्यावहारिक रूप से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उल्लेखित प्रक्रिया एवं दिशा निर्देश के अनुसार तैयार कराई जाएगी आवेदकों के आधार नंबर का रखरखाव करते समय आधार वित्तीय और अन्य प्रसुविधाओं लाभ और सेवाओं का लक्षित परिदान अधिनियम 2016 की धारा 37 के प्रावधानों का पालन किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, शिवाकांत चौधरी महामंत्री बीजेपी, पल्लव दुबे कांग्रेस पार्टी, उदयभान सिंह यादव समाजवादी पार्टी, राकेश कुमार बीएसपी जिला महासचिव, इकरार अहमद आम आदमी पार्टी, आशुतोष दीक्षित राष्ट्रीय कांग्रेस, नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर, समस्त उप जिलाधिकारी सहित समस्त राजनीतिक दल आदि उपस्थित रहे।

# सरकार और मीडिया लोकतंत्र के सहयात्री : केशव मौर्य

■ लोकतन्त्र को मजबूत करने मे मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार और मीडिया लोकतंत्र के सहयात्री हैं। लोकतन्त्र को मजबूत करने मे मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सरकार और जनता के बीच संवाद को सार्थक और सकारात्मक बनाने में मीडिया का योगदान अनुपम है। मीडिया बन्धु अपनी ऊर्जा और सामर्थ्य का उपयोग भारत को और मजबूत, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने में करें। विकसित भारत व विकसित उत्तर प्रदेश बनाने तथा आत्मनिर्भर भारत बनाने मे मीडिया की भूमिका सर्वोपरि रहेग। केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को राजस्थान पत्रिका के संस्थापक कर्पूर चन्द्र कुलिश के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे लखनऊ विश्वविद्यालय मे आयोजित राजस्थान पत्रिका की-नोट भारतीय लोकतन्त्र मे मीडिया की भूमिकाः अवसर और चुनौतियां विषय पर आयोजित सेमिनार को सम्बोधित कर रहे थे।

इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना व उप मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम मे विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना सहित सभी अतिथियों का भव्य व शानदार स्वागत किया गया।अपने ओजस्वी, प्रेरक व सारगर्भित उद्बोधन मे मौर्य ने कहा कि प्रत्येक भारतीय के रोम-रोम मे लोकतंत्र रचा बसा है। उन्होंने भारतीय लोकतन्त्र की खूबियो और लोकतन्त्र को मजबूत बनाये रखने के लिए भारतीय जनमानस के प्रति सम्मान का भाव प्रकट करते हुये कहा कि जब-जब देश के सामने चुनौतियां आयीं, समाज के सभी स्तम्भो, पत्रकारो व मीडिया संस्थानो द्वारा भरपूर सहयोग दिया गया। लोकतंत्र की गरिमा, महिमा व महत्व को हर व्यक्ति समझता है। आपातकाल के दौरान भी मीडिया अपनी भूमिका निभाने मे डिगा नही, बल्कि समाज को जागृत व सचेत करने मे हमेशा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने हेतु सरकारी प्रयासो की जानकारी देते हुये स्वदेशी वस्तुओं के अपनाने पर बल दिया। उन्होंने सेवा पखवाड़ा व विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के बारे मे भी महत्वपूर्ण विचार प्रकट किये।

इस अवसर पर राजस्थान पत्रिका के समूह सम्पादक गुलाब कोठारी, लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 मनुका खन्ना, समाजसेवी रेणुका टण्डन सहित अन्य गणमान्य लोग, मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गौसंरक्षण से लेकर किसान-तक, हर वर्ग की चिंता को प्राथमिकता दे रहे हैं उप मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को पीलीभीत पहंचे। राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, संजय सिंह गंगवार, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष सजीव प्रताप सिंह, विधायकगणों, अन्य जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। उन्होंने 13 मील ग्राम बकैनिया पूरनपुर पहुंचकर साक्षी फाउण्डेशन गुरु आशीष आश्रम में स्वामी प्रेम सुगन्ध महाराज की से भेंट की। तदोपरान्त गांधी सभागार पहुंचकर जनपद स्तरीय समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उप मुख्यमंत्री द्वारा पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, कृषि, वन, शिक्षा, राजस्व, सेतु निगम सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गई। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से गौ आश्रय स्थलों की जानकारी प्राप्त करते हुये विशेष अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश दिये। उन्होंने गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये।

# आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अपील पर मस्जिदों में विशेष दुआएं

■ खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा संविधान देता है धार्मिक आज़ादी की गारंटी

■ वक्फ सम्पत्तियों की सुरक्षा व सुप्रीम कोर्ट मुकदमे की सफलता हेतु अदा की गयीं दुआएं



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अपील पर शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों में यौम-ए-दुआ का आयोजन किया गया। यौम-ए-दुआ में वक्फ सम्पत्तियों की सुरक्षा और वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में चल रहे मुकदमे की कामयाबी की दुआ की गयी। ऐशबाग ईदगाह स्थित जामा मस्जिद में इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने जुमे की नमाज से पहले खुतबे में नमाजियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रसूले इस्लाम, उनके साथियों और दूसरे मुसलमानों ने अपनी जमीनें और सम्पत्तियां खुदा के नाम पर वक्फ की थीं। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि देश का संविधान हमें धार्मिक आजादी की गारण्टी देता है, जो अनुच्छेद 25 और 26 में दर्ज हैं। यह अनुच्छेद धार्मिक संस्थानों, इबादतगाहों को संचालित करने का अधिकार देते हैं। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने संयुक्त संसदीय समिति को विस्तृत ज्ञापन सौंपा था, जिसमें बताया गया कि संशोधन अधिनियम की कई धाराएं संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 और 25 के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि मामला फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है और हाल ही में आए अंतरिम आदेश में कुछ राहत मिली है। मौलाना ने उम्मीद जताई कि अंतिम फैसले में देश की सर्वोच्च अदालत मुस्लिम समुदाय के साथ पूरा इंसाफ करेगी। जुमे की नमाज के बाद प्रदेश सहित देश भर की मस्जिदों में इस मुकदमे की सफलता के लिए विशेष दुआएं की गयीं।

# उत्तर प्रदेश के शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा

■ मदरसा टीचर्स एसोसिएशन मदरस-ए-अरबिया के शिक्षकों ने जताया आभार



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को बड़ा तोहफ़ा देते हुए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा की। इस घोषणा के बाद सभी शिक्षक, विशेषकर मदरसों के शिक्षक एवं कर्मचारी, बेहद उत्साहित और प्रसन्न नज़र आ रहे हैं।

इस सुविधा के अंतर्गत सहायता प्राप्त (एडेड) मदरसों, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ-साथ समाज कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभागों के अंतर्गत कार्यरत शिक्षक और कर्मचारी भी लाभान्वित होंगे। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा परिषद और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। गौरतलब है कि शिक्षकों की विभिन्न संगठन लंबे समय से इस मांग को सरकार के सामने रखते आए थे। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में शिक्षकों के समूह के नेता एवं एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने भी कई बार यह मुद्दा सदन में उठाया था।

शिक्षक दिवस पर इस विशेष घोषणा के बाद मदरसा शिक्षकों और कर्मचारियों में विशेष खुशी और संतोष का माहौल है। इस अवसर पर अरमान अहमद खान (पूर्व सदस्य, उत्तर प्रदेश मदरसा एजुकेशन बोर्ड एवं ज़िला मंत्री, टीचर्स एसोसिएशन मदरस-ए-अरबिया, आज़मगढ़) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा मुख्यमंत्री ने कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर न केवल शिक्षकों की लंबे समय से चली आ रही उचित मांग को पूरा किया है, बल्कि उनके मुद्दों के प्रति अपनी संवेदनशीलता और गंभीरता का प्रमाण भी दिया है। यह घोषणा इस बात का स्पष्ट संकेत है कि सरकार शिक्षकों की गरिमा और सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए ठोस कदम उठा रही है। इससे निश्चित रूप से प्रदेश के लाखों शिक्षकों और कर्मचारियों को राहत मिलेगी।

## भेड़ पालन की योजना हेतु 344.75 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में भेड़ तथा ऊन विकास के तहत भेड़ पालन की योजना के सुनियोजित एवं सुव्यस्थित क्रियान्वयन हेतु 03 करोड़ 44 लाख 75 हजार मात्र रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है।

शासनादेश में निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा एससीएसपी/टीएसपी हेतु निर्धारित मानकों/अनुमोदित कार्ययोजना एवं निर्धारित मदों में योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाये। लाभार्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। योजनान्तर्गत अनुदान की धनराशि लाभार्थी के बैंक/डाकघर खातें में उपलब्ध करायी

# सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम फैसला संतोषजनक नहीं : कल्बे जव्वाद

**वक्फ संशोधन कानून वापस हो, मजलिस उलमा-ए-हिन्द महासचिव कल्बे जव्वाद ने वक्फ कानून की पूर्ण वापसी की माँग की**

■ कल्बे जव्वाद का आरोप- सरकार व न्यायपालिका पर राजनीतिक दबाव, वक्फ सम्पत्तियाँ खतरे में

■ हुसैनाबाद ट्रस्ट पर आरोप कल्बे जव्वाद ने अवैध कब्जों की कड़ी निंदा की

■ वक्फ कानून के खिलाफ व्यापक आंदोलन का एलान संभव



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव इमामे जुमा मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर उच्चतम न्यायालय के अंतरिम फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि फैसला संतोषजनक नहीं है। सरकार ने न्यायाधीशों को डराने-धमकाने और उन पर राजनीतिक दबाव डालने का पूरा प्रयास किया, जिसका असर अंतरिम फैसले पर साफ दिखता है। जब सरकार के मंत्री उच्चतम न्यायालय और मुख्य न्यायाधीश के काम-काज पर सवाल उठाते हैं और उन्हें धमकाते हैं तो चिंता बढ़ जाती है। यही वजह है कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने वक्फ कानून पर कोई फैसला नहीं दिया। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने वक्फ बाई यूजर पर कोई फैसला नहीं दिया, जबकि मुसलमानों का सबसे बड़ा ऐतराज इसे खत्म करने पर था। अदालत ने जिन तीन धाराओं पर अंतरिम रोक लगाई है वह संतोषजनक हैं लेकिन लड़ाई अभी बाकी है। मौलाना ने कहा कि हमारा साफ कहना है कि पूरा कानून वापस होना चाहिए। एक-दो धाराएं हटाने या उनमें संशोधन से कुछ नहीं होने वाला। आखिर मुसलमान 200-400 साल पुराने वक्फ दस्तावेज कहां से लाएंगे। अदालत ने सेंट्रल वक्फ काउंसिल और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर मुस्लिमों के शामिल होने का रास्ता भी खोल दिया। क्या अदालतें और सरकार राम मंदिर ट्रस्ट में मुसलमानों को सदस्यता दे सकती हैं। क्या अन्य धर्मों के ट्रस्टों और धार्मिक सम्पत्तियों में मुसलमानों को सदस्य बनाया जा सकता है। यह कानून मुस्लिम वक्फ सम्पत्तियों को हड़पने के इरादे से लाया गया है। इसलिए इसे पूरी तरह वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो इमारतें पुरातत्व विभाग के तहत हैं वे सब सरकार के कब्जे में चली जाएंगी। इस कानून के खिलाफ पूरी ताकत से आंदोलन चलाना जरूरी है नहीं तो वक्फ सम्पत्तियों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा।

मौलाना ने हुसैनाबाद ट्रस्ट में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा अवैध कब्जों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की सम्पत्तियों पर लगातार हो रहे कब्जों से सरकार की मंशा साफ झलकती है। ट्रस्ट की पूरी सम्पत्ति पर सरकार का कब्जा है, जिसकी आय का कोई हिसाब-किताब नहीं है। फूल मण्डी के सामने हुसैनाबाद की जमीन को सड़क में मिला दिया गया और वहां जो बोर्ड ट्रस्ट की मिल्कियत दर्शाता था उसे तोड़ कर नाले में डाल दिया गया। फूल मण्डी से घण्टाघर की ओर जाने वाली पूरी सड़क वक्फ हुसैनाबाद की है, लेकिन उस पर भी कब्जा कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने वक्फ हुसैनाबाद ट्रस्ट को निजी ट्रस्ट बता कर कहा कि निजी ट्रस्ट सूचना का अधिकार के दायरे में नहीं आते।

# दीवार काटकर लाखों के जेवर-नकद ले उड़े चोर

■ चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाया और घर में घुसकर चोरी को अंजाम दिया



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ मलिहाबाद।** महमूद नगर में चोरों ने दीवर में सेंध लगाकर एक घर में घुसकर लाखों के गहनों और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना बृहस्पतिवार की रात की है, जब सुशील कुमार नाम के व्यक्ति के घर में चोर घुस आए।

पीड़ित सुशील कुमार के मुताबिक चोरों ने घर की दीवार में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किया। घर से 2 जोड़ी झुमकी, 2 मंगलसूत्र, 3 जोड़ी पायल, 1 अंगूठी, 1 टीका, 1 नथनी, 1 गुच्छा, 4 नाक की कीलें और 1 जोड़ी पाजेब चुरा ले गए। इन गहनों के साथ-साथ चोर 1,80,000 रुपए की नकदी भी ले गए। इस चोरी से परिवार को करीब लाखों का नुकसान हुआ है।

परिवार को सुबह उठने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में मलिहाबाद थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है और चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि वे इस मामले में गहनता से कार्रवाई कर रहे हैं और अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच ड्रॉ, देवदत्त पडिक्कल प्लेयर ऑफ द मैच

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच अनधिकृत टेस्ट मैच ड्रॉ समाप्त हुआ इकाना स्टेडियम में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के स्कोर 532 रन के जवाब में भारत ने जब 531 रन 7 विकेट के नुकसान पर बनाए थे तब तेज बारिश आ गई और उसके बाद में जब मैच शुरू हुआ तो भारत ने अपनी पहली पारी समाप्ति की घोषणा की।

ऑस्ट्रेलिया की टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी और उसने बिना विकेट खोये 56 रन का स्कोर बनाया. इसके बाद शाम करीब 4ः00 बजे दोनों टीमों के कप्तानों ने हैंडशेक करके ड्रॉ पर सहमति बनाई देवदत्त पडिक्कल ने 150 रन की पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया दोनों टीमों के बीच अगला टेस्ट मैच 23 सितंबर से खेला जाएगा



भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए टीमों के बीच खेले जा रहे दो अनऑफिशियल टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में बल्लेबाजों का दबदबा साफ नजर आया. लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी में 532 रन बनाए. इसके जवाब में इंडिया ए ने भी जोरदार वापसी की और रन बरसाए।भारत ए की पारी में चौथे नंबर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल ने शानदार शतक जड़ दिया. उन्होंने बेहद संयम और सटीकता के साथ बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को थका डाला. अपने शतक तक पहुंचने के लिए पडिक्कल ने 198 गेंदों का सामना किया और 9 चौके लगाए. खास बात यह रही कि उन्होंने अपनी पारी में 64 रन विकेटों के बीच दौड़कर जुटाए. देवदत्त पडिक्कल ने अपने 150 रन 281 गेंद में 14 चौके और एक छक्का लगाकर बनाये. 531 रन बनाकर जब 7 विकेट हुए थे और हर्ष दुबे 16 रन बनाकर और प्रसिद्ध कृष्णा नॉट आउट थे, तब बारिश आ गई और मैच रोक दिया गया। भारत जब ऑस्ट्रेलिया के 532 रन से एक रन दूर था और उसी स्कोर को पार करने के लिए दो रन चाहिए थे. यह लगभग तय हो गया है था कि चौथे दिन यह मैच ड्रॉ समाप्त हो गया. भारत ने जोरदार जवाब के साथ इस मुकाबले में अपनी मौजूदगी बनाए रखी थी।

## पीएनबी नें भारतीय तटरक्षक बल के साथ समझौता पर हस्ताक्षर किए



**लखनऊ।** सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने भारतीय तटरक्षक बल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बैंक की प्रमुख योजना ÷ पीएनबी रक्षक प्लस÷ के अंतर्गत पीएनबी भारतीय तटरक्षक बल के सभी सेवारत कर्मियों और पेंशनभोगियों को उन्नत बीमा कवरेज और अन्य लाभों के साथ सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान कर रहा है। समझौता ज्ञापन पर पीएनबी की ओर से एस. पी. सिंह, महाप्रबंधक और भारतीय तटरक्षक निदेशालय की ओर से डीआईजी नरेंद्र सिंह ने पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक सुरेश कुमार राणा और बैंक तथा भारतीय तटरक्षक बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

# अजय राय ने की ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने की मांग

■ ऑनलाइन गेमिंग से युवाओं की आत्महत्याएं चिंता का विषय : अजय राय



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को ऑनलाइन गेम में पैसे हारने के बाद आत्महत्या करने वाले यश यादव के परिजनों से मुलाकात की। राय ने मोहनलालगंज के धनुवासा गांव पहुंच यश यादव के पिता सुरेश यादव और परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर राय ने पत्रकारों से कहा कि रोजगार के अभाव और जल्दी धन कमाने की लालासा में देश का युवा ऑनलाइन गेमिंग के जरिए धनोपार्जन के लालच में डूब रहा है। राय ने सरकार से तत्काल प्रभाव से ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। राय ने कहा कि लगातार गेम खेलने से पढने-लिखने वाले युवाओं का ध्यान पढ़ाई से हटता जा रहा है। अधिक धन हार जाने के कारण युवा तनाव और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं नतीजे में आत्महत्या तक कर ले रहे हैं। कुछ दिन पहले ही गोमती नगर के छोटा भरवारा निवासी रवीन्द्र प्रताप सिंह के पुत्र सिद्धार्थ प्रताप सिंह ने भी ऑनलाइन गेमिंग के जाल में फंस कर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग पर सरकार अपनी नियमावली स्पष्ट नहीं कर रही है और न ही सख्त नियम बना रही है। इसकी वजह है कि सत्ताधारी पार्टी और उससे जुड़े लोग ही ऑनलाइन गेमिंम के व्यापार में संलिप्त हैं।

# वन विभाग की ग्रीन चौपाल में किसानों की समस्या का समाधान



■ आम की बागों के जीर्णोद्धार और वन्य जीवों से जुड़ी समस्याओं पर मिलेगा तुरंत हल

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तहत अवध वन प्रभाग ने एक नई पहल करते हुए ग्रीन चौपाल की शुरुआत की है। इस पहल के अंतर्गत, अब हर महीने के तीसरे शुक्रवार को ग्राम पंचायत स्तर पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे ताकि वे किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर सकें।

दुबग्गा रेंज की रेंजर सोनम दीक्षित ने बताया कि यह ग्रीन चौपाल थाना दिवस और तहसील दिवस की तरह ही काम करेगी, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को वन विभाग से जुड़ी योजनाओं और समस्याओं के समाधान के लिए एक सीधा मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि अक्सर किसानों को अपनी बागों के जीर्णोद्धार, वन्य जीवों से फसलों को होने वाले नुकसान या फिर भवन निर्माण में बाधक बन रहे पेड़ों को हटाने जैसी समस्याओं के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था। अब इस चौपाल के जरिए उनकी सभी परेशानियों को तुरंत सुना और हल किया जाएगा।

इस शुक्रवार को दुबग्गा रेंज के भटखेरवा गांव में आयोजित पहली ग्रीन चौपाल में बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण पहुंचे। ग्राम प्रधान कांति देवी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से भी जोड़ा गया। चौपाल में बंसीगढ़ी बीट के वन दरोगा आशीष वर्मा और अन्य वनकर्मी भी मौजूद रहे, जिन्होंने ग्रामीणों के सवालों के जवाब दिए और उनकी समस्याओं को नोट किया। वन विभाग का मानना है कि इस पहल से न केवल किसानों को राहत मिलेगी, बल्कि सरकार की योजनाओं को भी लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास दोनों को बढ़ावा मिलेगा। यह कदम वन विभाग और स्थानीय समुदाय के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में भी सहायक होगा।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025: मानव श्रृंखला का निर्माण



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज मानव श्रृंखला निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण को प्रोत्साहित करना था। यह आयोजन कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में तथा विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डॉ. नलिनी मिश्रा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला सहित अनेक शिक्षकगण और विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा स्वच्छता केवल एक शारीरिक आवश्यकता नहीं, बल्कि यह हमारी मानसिकता और सामाजिक जिम्मेदारी का दर्पण है। समाज को स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।डॉ. नलिनी मिश्रा ने कहा स्वच्छता ही सेवा अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन है। इसमें हम सभी की सक्रिय भागीदारी समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने इसे विश्वविद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह अभियान निश्चित रूप से समाज में जागरूकता और परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**भिवाड़ी में 12वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर का उद्घाटन**

# आरडीएसओ की वेंडर मीट रही आकर्षण का केंद्र, भारतीय रेल में वेंडर बेस विस्तार पर जोर

■ भिवाड़ी में 19 से 21 सितम्बर तक इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर, प्रदर्शनी और बायर-सेलर मीट का आयोजन




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** 12वां इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर का उद्घाटन 19.09.2025 को भिवाड़ी, राजस्थान में माननीय केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, भूपेंद्र कुमार यादव द्वारा किया गया। यह फेयर देश के प्रमुख मंचों में से एक माना जाता है, जो औद्योगिक विकास, नवाचार और व्यावसायिक अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए जाना जाता है। इसमें उद्योगों, उद्यमियों, नीति-निर्माताओं और सरकारी एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। एक प्रमुख आकर्षण आरडीएसओ की वेंडर मीट में भागीदारी रही, जिसका उद्देश्य भारतीय रेल में वेंडर बेस का विस्तार करना था। इस अवसर पर अतुल सक्सेना, ईडी/स्टोर्स, आरडीएसओ ने भारतीय रेल में वेंडर अप्रूवल प्रक्रिया पर प्रस्तुति दी। उन्होंने आरडीएसओ की भूमिका पर प्रकाश डाला, जिसमें भारतीय रेल में उपयोग होने वाली महत्वपूर्ण एवं सुरक्षा-संबंधी सामग्रियों का अनुसंधान, डिज़ाइन और मानकीकरण शामिल है। उन्होंने एमएसएमई को प्रोत्साहित करने वाली प्रोक्योरमेंट नीतियों की जानकारी दी और आईआरईपीएस पर यूनिफाइड वेंडर अप्रूवल मॉड्यूल (यूवीएएम) का परिचय कराया, जो पारदर्शी एवं एकसमान पंजीकरण की सुविधा प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने वेंडर पंजीकरण प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया। इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर (19 से 21 सितंबर 2025) अब एक फ्लैगशिप मंच के रूप में विकसित हो चुका है, जो एमएसएमई, स्टार्टअप्स और उद्योगों के लिए नेटवर्किंग, सहयोग और विकास को बढ़ावा देता है। भिवाड़ी में आयोजित इसका 12वां संस्करण प्रदर्शनी, बायर-सेलर मीट और नॉलेज सेशन्स का केंद्र है, जो राजस्थान की एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में भूमिका को और सशक्त बनाता है।